दैनिक
संस्करण : जयपुर, टोंक, अलवर, कोटा, जोधपुर, उदयपुर, भरतपुर, बीकानेर, सवाई माधोपुर एवं अजमेर

# बढ़ता राजस्थान

RNI NO. RAJHIN/2010/35060
Since : 2004 /// कदम बढ़ाएं, सच के साथ

वर्ष : 16 | अंक : 68 | पृष्ठ : 10 | मूल्य : ₹ 2.00
जयपुर। शुक्रवार, 09 जनवरी 2026 । माघ माह, कृष्ण पक्ष सप्तमी, संवत्-2082
भारत व राज्य सरकार से विज्ञापनों के लिए स्वीकृत

www.badhatarajasthan.in badhatarajasthan@yahoo.com badhatarajasthan.dainik badtarajasthan

## दहेज-हत्या मामले में ट्रायल पर 23साल रही हाईकोर्ट की रोक

### सुप्रीम कोर्ट ने देरी पर लिया संज्ञान, देशभर के हाईकोर्ट से गंभीर मामलों पर रोक की मांगी रिपोर्ट

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** सुप्रीम कोर्ट ने दहेज हत्या के एक मामले में राजस्थान हाईकोर्ट की रोक के चलते 23 साल ट्रायल नहीं होने पर सख्त नाराजगी जताई हैं। सुप्रीम कोर्ट ने देरी पर संज्ञान लेते हुए राजस्थान हाईकोर्ट और राज्य सरकार से देरी का कारण स्पष्ट करने के लिए कहा है। जस्टिस जेबी पारदीवाला और जस्टिस केवी विश्वनाथन की बैंच ने यह संज्ञान विजय कुमार और अन्य (आरोपीगण) द्वारा दायर एसएलपी को खारिज करते हुए लिया। अदालत ने आपराधिक मामलों में इस तरह की देरी को न्याय प्रणाली से जुड़ी एक गंभीर समस्या करार दिया। सुप्रीम कोर्ट ने टिप्पणी करते हुए कहा कि गंभीर अपराधों से जुड़े मामलों में ट्रायल पर अनिश्चितकालीन रोक आपराधिक न्याय प्रणाली को कमजोर करती है और इस पर कड़ी न्यायिक निगरानी आवश्यक है। सुप्रीम कोर्ट ने निर्देश दिया कि राजस्थान हाईकोर्ट से संपूर्ण रिकॉर्ड और सभी आदेश-पत्र विशेष दूत (स्पेशल मैसेंजर) के माध्यम से तलब किए जाए।

कोर्ट ने राज्य के अतिरिक्त महाधिवक्ता शिवमंगल शर्मा से पूछा कि वह बताए इतने सालों में सरकार ने इस मामलें में लगी रोक को हटाने के लिए क्या प्रयास किए।

## चांदी 12 हजार गिरकर 2.36 लाख किलो पर आई

### सोना 1,232 सस्ता होकर 1.35 लाख पर आया, प्रॉफिट बुकिंग के कारण आई गिरावट

बढ़ता राजस्थान


**नई दिल्ली।** सोने-चांदी के दाम में 8 जनवरी को गिरावट है। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन के अनुसार 24 कैरेट 10 ग्राम सोने का दाम 1,232 रुपए गिरकर 1,35,443 रुपए पर आ गया है। इससे पहले ये 1,36,675 रुपए पर था। वहीं 1 किलो चांदी की कीमत 1,22,25 रुपए कम होकर 2,35,775 रुपए पर आ गई है। इससे पहले कल ये 2,48,000 रुपए पर थी, जो इसका ऑल टाइम हाई भी है। सोने-चांदी में प्रॉफिट बुक कर रहे निवेशक केडिया एडवाइजरी के डायरेक्टर अजय केडिया कहते हैं कि चांदी के रेट कल ऑल टाइम हाई पर पहुंच गए थे ऐसे में कई निवेशक प्रॉफिट बुक कर रहे हैं। इससे आज चांदी के दाम में बढ़ी गिरावट है। वहीं सोने में भी निवेशक प्रॉफिट बुक कर रहे हैं। हालांकि ये गिरावट लम्बी नहीं चलेगी। आने वाले दिनों में सोने-चांदी के दाम में फिर तेजी देखने को मिल सकती है। चांदी इस साल 2.75 लाख तक जा सकती है। वहीं सोने के बात करें तो इसकी डिमांड में भी तेजी बनी हुई। ऐसे में इस साल आखिर तक ये 1.50 लाख रुपए प्रति 10 ग्राम के पार जा सकता है।

## 3 महीने में दूसरी बार राजस्थान आएंगे अमित शाह

### जयपुर में 10 हजार कॉन्स्टेबल को देंगे नियुक्ति पत्र

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह 3 महीने में दूसरी बार राजस्थान के दौरे पर आ रहे हैं। शाह का 10 जनवरी को जयपुर आने का कार्यक्रम है। शाह राजस्थान पुलिस अकादमी में हाल ही में चयनित हुए 10 हजार पुलिस कॉन्स्टेबल को नियुक्ति पत्र वितरित करेंगे। वहीं, शाह का जोधपुर आने का भी कार्यक्रम बन रहा है। अमित शाह 9 जनवरी को जोधपुर में आयोजित माहेश्वरी महाधिवेशन और ग्लोबल एक्सपो में भाग ले सकते हैं। हालांकि, उनका अभी आधिकारिक कार्यक्रम जारी नहीं हुआ है। अपने दौरे के दौरान शाह सरकार और संगठन के कामकाज और आगामी योजनाओं पर सीएम भजनलाल और प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ के साथ चर्चा भी कर सकते हैं। अमित शाह के दौरे को लेकर पुलिस प्रशासन ने तैयारियां लगभग पूरी कर ली है।







## मुख्यमंत्री ने किया 'नो योर आर्मी' प्रदर्शनी का उद्घाटन

# भारतीय सेना हर देशवासी की ढाल और राष्ट्र की आत्मा : मुख्यमंत्री

### अत्याधुनिक उपकरण-हथियारों और युद्ध करने के तौर तरीकों से आमजन होंगे रूबरू

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने 78वें सेना दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित किए जा रहे कार्यक्रमों के अन्तर्गत गुरूवार को भवानी निकेतन शिक्षा समिति परिसर में चार दिवसीय 'नो योर आर्मी' प्रदर्शनी का उद्घाटन किया। उन्होंने प्रदर्शनी में सेना के आधुनिक उपकरणों और हथियारों का अवलोकन भी किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि 'नो योर आर्मी' प्रदर्शनी में अत्याधुनिक उपकरणों और युद्ध करने के तौर तरीकों की झलक मिलेगी। आमजन समझेंगे कि कैसे हमारी सेना दिन-रात सुरक्षा में तत्पर रहती है। उन्होंने कहा कि सेना दिवस परेड पहली बार सैन्य छावनी की सीमाओं से बाहर जयपुर में आयोजित हो रही है। इस परेड के माध्यम से नागरिक भारतीय सेना के अनुशासन, शौर्य और बलिदान के साथ-साथ सैन्य शक्ति से रूबरू होंगे।

#### सेना के जवान हर मोर्चे पर मुस्तैद

शर्मा ने कहा कि भारतीय सेना हर देशवासी की ढाल, हर परिवार का भरोसा और राष्ट्र की आत्मा है। रेगिस्तान से लेकर बर्फीलेसियाचीन तक हर मोर्चे पर हमारे जवान मुस्तैद खड़े हैं, ताकि देश के नागरिक सुरक्षित रहे। उन्होंने कहा कि ऑपरेशन पराक्रम, ऑपरेशन रक्षक और ऑपरेशन सिंदूर जैसे अभियानों के माध्यम से भारतीय सेना ने दिखाया कि वह आक्रामकता का माकूल जवाब देना जानती है।

#### भारत का रक्षा उत्पादन 1.51 लाख करोड़ रूपये के रिकॉर्ड स्तर पर

शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में भारत की सशस्त्र सेनाओं का आधुनिकीकरण अभूतपूर्व गति से आगे बढ़ा है। उन्होंने 'मेक इन इंडिया' और 'आत्मनिर्भर भारत' अभियान के तहत रक्षा उत्पादन में स्वदेशीकरण को प्राथमिकता दी है। उन्होंने कहा कि वित्तीय वर्ष 2024-25 में भारत का वार्षिक रक्षा उत्पादन रिकॉर्ड स्तर पर जाकर अब 1.51 लाख करोड़ रुपये से अधिक हो गया है।

#### पुलवामा हमले के आश्रितों को दिए आवास

मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी डबल इंजन की सरकारने द्वितीय विश्व युद्ध के नॉन पेंशनर पूर्व सैनिकों एवं विधवाओं को पेंशन 10 हजार रुपये से बढ़ाकर 15 हजार रुपये प्रतिमाह की, जिससे राज्य के 976 पूर्व सैनिक एवं विधवाएं लाभान्वित हुई। वीरगति प्राप्त सैनिकों के सम्मान में 43 विद्यालयों का नामकरण भी किया गया है। उन्होंने कहा कि बैटल कैजुअल्टी सैनिकों के 7 आश्रितों एवं 23 शौर्य पदक धारकों को कुल 750 बीघा भूमि आवंटित की गई।

#### भूतपूर्व सैनिकों के मानदेय में वृद्धि

शर्मा ने कहा कि पूर्व सैनिकों एवं उनके आश्रितों के पंजीकरण से लेकर राज्य सरकार द्वारा प्रदान की जाने वाली विभिन्न सुविधाओं के लिए नया वेब पोर्टल तैयार किया गया है।भूतपूर्व सैनिकों, आश्रितों एवं वीरांगनाओं की पेंशन संबंधी विसंगतियों के निराकरण हेतु जिला स्तर पर 418 कैम्पों का आयोजन कर 1 हजार 228 प्रकरणों का निस्तारण किया गया। उन्होंने कहा कि राज्य के विभिन्न विभागों में संविदा पर नियोजित भूतपूर्व सैनिकों के मानदेय में वर्ष 2024 एवं वर्ष 2025 में 10-10 प्रतिशत की वृद्धि की गई। प्रदर्शनी में ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भारतीय सेना द्वारा उपयोग किए गए विभिन्न आधुनिक हथियार, आर्टिलरीज और सैन्य संसाधनों का प्रदर्शन किया गया। इस दौरान आधुनिक रायफलें, बैलिस्टिक मिसाइल प्रणाली, सेल्फ प्रोपल्ड गन्स, टैंक, बंकर, ड्रोन एवं एंटी-ड्रोन सिस्टम्स सहित विभिन्न अत्याधुनिक सैन्य संसाधनों का प्रदर्शन किया गया। साथ ही, भारतीय सेना की मैकेनाइज्ड फोर्सेज, पैराग्लाइडिंग गतिविधियां, स्काई डाइविंग, डॉग स्कॉड सहित अन्य गतिविधियों का जीवंत प्रदर्शन किया गया। वहीं, सिम्फनी बैंड ने देशभक्ति से ओत-प्रोत प्रस्तुतियां दी। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने वीरांगनाओं को सम्मानित भी किया। कार्यक्रम में स्कूली शिक्षा मंत्री मदन दिलावर, पशुपालन एवं डेयरी मंत्री जोराराम कुमावत, खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री सुमित गोदारा, राज्य वित्त आयोग के अध्यक्ष डॉ. अरुण चतुर्वेदी, नगरीय विकास एवं स्वायत्त शासन मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) झाबर सिंह खर्रा, गृह राज्य मंत्री जवाहर सिंह बेढम, सैनिक कल्याण राज्य मंत्री विजय सिंह, मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास, सप्त शक्ति कमान के आर्मी कमांडर लेफ्टिनेंट जनरल मनजिंदर सिंह,चीफ ऑफ स्टॉफ लेफ्टिनेंट जनरल एच.एस. वांदरा, पुलिस महानिदेशक श्री राजीव कुमार शर्मासहित भारतीय सेना के वरिष्ठ अधिकारी, सैनिक, एनसीसी कैडेट्स और बड़ी संख्या में गणमान्य आमजन उपस्थित रहे।

## गहलोत, जूली बोले- सीएम बताएं पुलिस को लाचार, सूचना-विहीन किसने बनाया?

### गुजरात-महाराष्ट्र पुलिस बिना जानकारी दिए राजस्थान में कार्रवाई कर रही,यह सरकार की कमजोरी

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** पूर्व सीएम अशोक गहलोत और नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने सीएम भजनलाल शर्मा के पुलिस सम्मेलन में दूसरे राज्यों की पुलिस के बिना जानकारी के राज्य में कार्रवाई करने पर सवाल उठाने वाले बयान पर तंज कसा है। गहलोत ने सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए सीएम पर निशाना साधा है। गहलोत ने एक्स पर लिखा- बड़ी विडंबना है कि राज्य के मुख्यमंत्री स्वयं स्वीकार कर रहे हैं कि राजस्थान पुलिस की जानकारी के बिना ही गुजरात व महाराष्ट्र जैसे दूसरे राज्यों की पुलिस हमारे यहां कार्रवाई कर रही है। यह सीधे तौर पर राजस्थान पुलिस के सूचना तंत्र के ध्वस्त होने का प्रमाण है।



**यह राजस्थान सरकार की कमजोरी के संकेत**-गहलोत ने लिखा- गुजरात व महाराष्ट्र में भाजपा की ही सरकार है। तीनों जगह पर ही उन्हीं की पार्टी का शासन होने के बावजूद ऐसा सिलसिला बना है। यह राजस्थान की सरकार और मुख्यमंत्री की कमजोरी के सबूत हैं।

## राजस्थान में बारिश

## 16 जिलों में कोहरे का अलर्ट

### 22 जिलों में स्कूल बंद, समय बदला; विजिबिलिटी कम होने के कारण इनोवा-ट्रैक्टर में टक्कर




बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** राजस्थान में कड़ाके की ठंड के बाद बारिश (मावठ) शुरू हो गई है। डीग में बुधवार रात से ही मौसम बदला और बूंदाबांदी शुरू हो गई थी। गुरुवार सुबह-सुबह रिमझिम बारिश हुई। इसके साथ ही घना कोहरा छा गया। विजिबिलिटी 30 मीटर से भी कम रह गई है। 16 जिलों में शुक्रवार को कोहरे का येलो अलर्ट है। सर्दी के चलते 22 जिलों में स्कूलों में छुट्टी रहेगी। गुरुवार को 27 जिलों में स्कूल बंद रहे थे। सीकर, कोटा, जैसलमेर, करौली, अलवर सहित तमाम जिलों में भी गुरुवार सुबह कोहरा रहा। इससे गाड़ियों की रफ्तार थम गई थी। कोहरे का असर ट्रेनों के संचालन पर भी पड़ा है। कई रूट की गाड़ियां एक से तीन घंटे देरी से चली। उधर, भीलवाड़ा जिले के सदर थाना क्षेत्र में गुरुवार की देर रात इनोवा कार और ट्रैक्टर के बीच आमने-सामने की टक्कर हो गई। इसमें कार सवार दो लोग और ट्रैक्टर ड्राइवर घायल हो गए।




#### दिन में भी रात जैसी सर्दी का अनुभव

प्रदेश में दिन में भी रात जैसी सर्दी का अनुभव हो रहा है। बुधवार को श्रीगंगानगर में दिन की सर्दी चित्तौड़गढ़ और डूंगरपुर में पड़ने वाली रात की सर्दी के समान रही। राजधानी जयपुर भी शेखावाटी के फतेहपुर (सीकर), पिलानी (झुंझुनूं) और चूरू से ज्यादा ठंडा रहा। मौसम विशेषज्ञों ने राज्य में अगले 4-5 दिनों तक इसी तरह की कड़ाके की सर्दी का दौर जारी रहने की संभावना जताई है।

### सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय की दो दिवसीय समीक्षा बैठक सम्पन्न

## परिवहन एवं सड़क सुरक्षा विभाग द्वारा तकनीकी नवाचारों से राजस्थान में सख्त प्रवर्तन और पारदर्शी व्यवस्था की शुरुआत -उप मुख्यमंत्री

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** राजस्थान में सड़क सुरक्षा को सुदृढ़ करने एवं परिवहन व्यवस्था को पूर्णत: पारदर्शी बनाने की दिशा में परिवहन एवं सड़क सुरक्षा विभाग द्वारा तकनीकी नवाचारों से राज्य में सख्त प्रवर्तन और पारदर्शी व्यवस्था की शुरुआत की गई है।

नई दिल्ली के भारत मंडपम में केन्द्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री श्री नितिन गडकरी की अध्यक्षता में आयोजित दो दिवसीय उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक के अंतिम दिन राजस्थान के उप मुख्यमंत्री एवं परिवहन मंत्री डॉ. प्रेमचंद बैरवा ने परिवहन एवं सड़क सुरक्षा विभाग द्वारा राज्य में सड़क सुरक्षा, ई-गवर्नेंस एवं नागरिक सुविधाओं से जुड़े प्रमुख नवाचारों एवं उपलब्धियों का प्रस्तुतीकरण दिया ।

उन्होंने बताया कि परिवहन एवं सड़क सुरक्षा विभाग ने प्रदेश के 150 से अधिक टोल नाकों पर ई-डिटेक्शन सिस्टम लागू करते हुए बिना परमिट, बिना फिटनेस, बिना टैक्स एवं बिना पीयूसी वाहनों पर लाखों चालान जारी किए हैं, जिनसे लगभग 500 करोड़ रुपये की जुर्माना राशि वसूलनीय है। इसे और प्रभावी बनाने हेतु ऑटो मोड चालान प्रणाली विकसित की जा रही है तथा जुर्माना वसूली को फास्टैग से जोड़ने पर विचार किया जा सकता है।

डॉ. बैरवा ने बताया कि खनिज विभाग से ओवरलोड वाहनों हेतु जारी होने वाले ई-रवन्ना को ई-चालान प्रणाली से एकीकृत कर दिया गया है, जिसके लिए 15 दिवस का नोटिस जारी किया गया है। नागरिकों के लिए सभी ऑनलाइन सेवाएँ अब केवल सिटीजन पोर्टल के माध्यम से ही उपलब्ध होंगी, कार्यालयों में प्रत्यक्ष एंट्री बंद कर दी गई है। उन्होंने बताया कि वाहन सॉफ्टवेयर में डुप्लीकेशन लगभग समाप्त कर दिया गया है तथा 25 ड्राइविंग ट्रैक को सीएसआर के अंतर्गत ऑटोमेटेड ड्राइविंग टेस्ट ट्रैक में बदला जा रहा है, जिनमें से अब तक 8 ट्रैक पूर्णत: ऑटोमेटेड किए जा चुके हैं। विभागीय पारदर्शिता सुनिश्चित करने हेतु पोस्ट मशीन व कार्यालयों में नकद लेन-देन बंद कर दिया गया है, चालान भुगतान केवल कार्ड एवं यूपीआई से ही स्वीकार किए जा रहे हैं। इसके साथ ही फर्जी पते पर पंजीयन एवं लाइसेंस पर रोक लगाने के लिए रजिस्टर्ड किरायानामा अनिवार्य कर दिया गया है।

#### राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह 2026

उप मुख्यमंत्री ने बताया कि राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह 2026 के अंतर्गत प्रदेश के सभी 41 जिलों में प्रतिदिन सड़क सुरक्षा गतिविधियों का कैलेंडर तैयार कर एजुकेशन, एनफोर्समेंट, इंजीनियरिंग, हेल्थ एवं रिस्पॉन्सिव टेप ड्राइव चलाई जा रही है। इस अभियान से माह भर में 2 करोड़ से अधिक नागरिकों तक पहुँचने का लक्ष्य रखा गया है। सभी गतिविधियाँ माय भारत पोर्टल पर भी अपलोड की जा रही हैं।



# डॉ. कशिश वाधवानी को मिली मनोविज्ञान में की पीएचडी उपाधि

बढ़ता राजस्थान



**उदयपुर ( नि.स. )।** राजस्थान की निवासी डॉ. कशिश वाधवानी राजपाल को भोपाल नोबल्स विश्वविद्यालय की हेड ऑफ डिपार्टमेंट साइकोलॉजी डॉ.लोकेश्वरी राठौड़ के मार्गदर्शन में शोध कार्य पूर्ण करने के उपरांत राजस्थान के माननीय राज्यपाल हरिभाऊ बगाड़े द्वारा सम्मानित किया गया। उन्होंने भोपाल नोबल्स विश्वविद्यालय से मनोविज्ञान विषय में डॉक्टरेट की उपाधि प्राप्त कर न केवल अपने परिवार बल्कि पूरे समाज का नाम गौरवान्वित किया है। डॉ. कशिश को लाइफ कोच प्रैक्टिशनर एवं डर्मेटोग्लिफिक्स मल्टीपल इंटेलिजेंस टेस्ट एक्सपर्ट के रूप में 9 वर्षों का समृद्ध अनुभव प्राप्त है। अपने इस अनुभव के माध्यम से वे सैकड़ों लोगों के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने में सफल रही हैं।उनका जीवन का उद्देश्य केवल अकादमिक उपलब्धियों तक सीमित नहीं हैए बल्कि वे मानसिक आघात यज्तंनउंद्ध से जूझ रहे लोगों को भावनात्मक रूप से सशक्त बनाकर उन्हें आत्म.चिकित्सा की राह दिखाना अपना कर्तव्य मानती हैं।

# गजसिंहपुर में नशा मुक्त जीवन के साथ रक्तदान का आह्वान



बढ़ता राजस्थान

अनूपगढ़ (डी एल सारस्वत)। जिला कलक्टर डॉ. मंजू एवं जिला पुलिस अधीक्षक डॉ. अमृता दुहन के नेतृत्व में जारी नशा मुक्त श्रीगंगानगर अभियान के तहत एवं गुरु गोबिंद सिंह जी की जयंती के उपलक्ष्य में गजसिंहपुर में नशा मुक्त जीवन एवं रक्तदान जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के विक्रम ज्याणी ने विद्यार्थियों को नशें के दुष्प्रभाव के प्रति जागरूक किया गया। इस अभियान का स्पष्ट संदेश है समाज नशेड़ी नहीं होता, व्यक्ति नशेड़ी बनता है और व्यक्ति के फैसले ही समाज का भविष्य तय करते हैं। नशा किसी एक व्यक्ति की कमजोरी नहीं, बल्कि पूरे परिवार और समाज की पीड़ा बन जाता है। जब एक युवा नशे की गिरफ्त में जाता है, तो केवल उसकी जिंदगी नहीं टूटती बल्कि माँ-बाप के सपने, बच्चों का भविष्य और समाज की उम्मीदें भी घायल हो जाती हैं।

कार्यक्रम में बताया गया कि नशे से होने वाली दुर्घटनाएँ, बीमारियाँ और आत्महत्याएँ हमें रोज चेतावनी देती हैं लेकिन हम अक्सर तब जागते हैं जब बहुत देर हो चुकी होती है। रक्तदान के संदेश को नशा मुक्ति से जोड़ते हुए कहा कि हाथ में नशे का जहर नहीं रक्तदान करे तो किसी की जिंदगी बचा सकता है। नशा छोड़ना केवल खुद को बचाना नहीं, बल्कि समाज को जीवन देना है। रक्तदान उस सकारात्मक सोच का प्रतीक है जो नशे की अंधेरी गली से निकालकर सेवा, संवेदना और जिम्मेदारी की राह दिखाता है। कार्यक्रम में उपस्थित नागरिकों, युवाओं और सामाजिक कार्यकर्ताओं से अपील की गई कि वे नशे के खिलाफ सिर्फ नारे न लगाएं, बल्कि अपने जीवन से उदाहरण पेश करें। घर-घर संवाद करें, बच्चों से दोस्ती करें और समय रहते उन्हें सही दिशा दिखाएं। नशा मुक्त समाज किसी सरकार या संस्था की जिम्मेदारी नहीं, यह हम सबकी व्यक्तिगत जिम्मेदारी है। कार्यशाला में पुलिस थाना अधिकारी शालू बिश्नोई, तहसीलदार मुकेश खारिया, मंगत खत्री, जमना देवी खत्री, हरजीत मिगलानी, संजय कैन्थ, हरविंदर पन्नू व सुखचैन सिंह मौजूद रहे। हवलदार तलविंदर सिंह और पुलिस कांस्टेबल प्रवीण कुमार ने साइबर सुरक्षा और ट्रैफिक नियमों के लिए युवाओं को जागरूक किया।

# ग्लोबल ट्रेड फेयर- 2026 तीन दिवसीय आयोजन आज से

**उदयपुर ( नि.स. )।** श्री जैन युवा परिषद द्वारा ग्लोबल ट्रेड फेयर-2026 के भव्य आयोजन में समाज की अधिकतम सहभागिता सुनिश्चित करने हेतु आमंत्रण पत्रिका के साथ-साथ ट्रेड डेयरी डायरी भी परिषद की कार्यकारिणी द्वारा समाज के सभी के घर-घर वितरित की जा रही है, ताकि सभी समाजजन मिलकर इस कार्यक्रम को भावपूर्ण सहभागिता के साथ पूर्ण भव्यता तक ले जा सकें। परिषद के अध्यक्ष ने बताया कि इस लकी ड्रा के अंतर्गत बड़ी संख्या में 'आकर्षक लकी ड्रा' पुरस्कार तीनों दिन निकाले जाएंगे जिन्हें 9 जनवरी को रात्रि में भक्ति संध्या, 10 जनवरी को सांस्कृतिक संध्या कार्यक्रम के दौरान तथा 11 जनवरी को खेलकूद एवं पारितोषिक वितरण कार्यक्रम के दौरान सम्मानित किये जायेंगे।

# असावा में अकेली रहने वाली वृद्धा की हत्या, ग्रामीणों में आक्रोश

## गुजारे के लिए पानीपुरी बेचती थीं, सुबह शव देख लोग गुस्साए

बढ़ता राजस्थान

**सिरोही( नि.स. )।** अनादरा थाना क्षेत्र के असावा गांव में अकेली रहने वाली वृद्धा की हत्या का मामला सामने आया है। कोई सगा रिश्तेदार नहीं होने से वह कई सालों से गांव में अकेली ही रहती थीं। गुजारे के लिए पानीपुरी बेचती थीं।

पुलिस उप अधीक्षक मनोजकुमार ने बताया कि असावा निवासी कांतादेवी पत्नी भैराराम रावल गांव में ही पानीपुरी बेचकर अपना गुजारा करती थीं। गुरुवार सुबह घर में शव पड़ा होने की जानकारी मिली। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची तथा घटनास्थल का जायजा लिया। पुलिस ने हत्या का मामला दर्ज कर जांच शुरू की है। उधर, हत्या की वारदात के बाद लोगों में आक्रोश नजर आया।

### जांच में जुटी पुलिस टीम

पुलिस के अनुसार घटनास्थल की जांच के दौरान कुछ संदिग्ध परिस्थितियां नजर आ रही है। ऐसे में पुलिस ने एमओबी, डॉग स्क्वॉयड व फॉरेंसिक टीम से भी जांच करवाई। पुलिस टीम ने घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण किया। साथ ही संदिग्ध लोगों से लगातार पूछताछ की जा रही है, ताकि मामले का खुलासा हो सके।

### बढ़ती वारदातों से भय का माहौल

उधर, सुबह वृद्धा का शव मिलने पर लोगों में रोष व्याप्त हो गया। वृद्धा की हत्या से गुस्साए लोगों ने गांव में धरना दिया तथा हत्या के आरोपियों को जल्द से जल्द पकड़ने की मांग रखी। आसपास के गांवों से भी लोग पहुंचे तथा धरने पर बैठे। ग्रामीणों ने बताया कि क्षेत्र में लगातार हो रही आपराधिक वारदातों से लोगों में भय का माहौल बना हुआ है।

### सुरक्षा पर मंडरा रहा खतरा

ग्रामीणों ने बताया कि गांव के आबादी क्षेत्र में इस तरह की घटना से लोग दहशत में है। इस तरह के माहौल में कृषि कुओं पर व अकेले रहने वाले लोगों की सुरक्षा पर खतरा मंडरा रहा है। ग्रामीणों ने सुरक्षा के लिहाज से पुलिस गश्त बढ़ाने, पुलिस चौकी स्थापित करने एवं गांव में सीसी टीवी कैमरे लगाए जाने की मांग रखी। वारदात के बाद पूर्व विधायक जगसीराम कोली भी मौके पर पहुंचे तथा ग्रामीणों से बातचीत की। एसडीएम राजन लोहिया, पुलिस उप अधीक्षक मनोजकुमार समेत अधिकारी मौजूद रहे।



### चोरी या लूट के इरादे से हुई हत्या

जानकारी में आया कि वृद्धा अलसुबह ही उठकर अपनी दुकान के लिए पानीपुरी बनाने का काम करती थीं। अलसुबह मसाला व पानीपुरी बनाने के बाद दिन में वह घर के पास ही अपनी दुकान लगाती थीं। गुरुवार सुबह घर में उसका शव मिला। वहीं, घर का सामान भी बिखरा हुआ था। ऐसे में प्रथमदृष्टया चोरी या लूट के इरादे से हत्या होना प्रतीत हो रहा है। पुलिस अधिकारी बताते हैं कि सभी पहलुओं को ध्यान में रखकर जांच की जा रही है।

# ओसवाल सभा का नामांकन रहा हंगामेदार

## नैतिक मूल्यों का पतन करते हुए प्रकाश कोठारी ने पुलिस की शरण लेकर भरवाए नामांकन

## त्रुटीयुक्त मतदाता सूची पर मतदान करानें पर आमादा

बढ़ता राजस्थान

**उदयपुर ( नि.स. )।** ओसवाल सभा के आगामी चुनावों में हठधर्मिता की हद पार करते हुए निवर्तमान अध्यक्ष प्रकाश कोठारी ने समाज के नैतिक मूल्यों को ताक में रख कर पुलिस की शरण लेकर नामांकन प्रक्रिया शुरू करवाई, जबकि चुनाव संयोजक आनंदी लाल बम्बोरिया एवं प्रसन्न चन्द्र लसोड मतदाता सूचियों में त्रुटियों के कारण पहले ही निष्पक्ष चुनाव कराने में असमर्थता जता चुके हैं।

इन बदली हुई परिस्थितियों में भी प्रकाश कोठारी अपनी जिद और हठधर्मिता से फिर से चुनाव संयोजक बदल दिया, उनके द्वारा बार बार चुनाव संयोजक बदलना अपने आप चुनाव की निष्पक्षता पर बड़ा सवाल हैं। गौरतलब हैं की जिन चुनाव संयोजकों ने इस्तीफा दिया उन्होंने मतदाता सूची का आज तक सत्यापन नहीं किया हैं और ऐसी अधूरी व बिना सत्यापित मतदाता सूची के आधार पर चुनाव करवाना, सम्पूर्ण चुनाव प्रक्रिया का माखौल हैं।

टीम संजय भण्डारी ने चुनाव अधिकारी मनोहर लखारा एवं अरुण जोशी जो कि प्रकाश कोठारी के मित्र हैं के सामने जब चुनाव सम्बंधित विसंगतियों की और ध्यान आकर्षित कराया और विधान सम्मत चुनाव कराने का निवेदन किया तो उन्होंने उसे दरकिनार करते हुए प्रकाश कोठारी के इशारे पर चुनाव प्रक्रिया प्रारंभ करवा दी, जिस पर उपस्थित सदस्यों ने कड़ा विरोध दर्ज करवाया। मतदाता सूची के प्रकाशन से पूर्व आपत्तियों का भी निस्तारण नहीं किया गया और मतदाता सूची जारी कर दी गई।



अध्यक्ष पद के प्रत्याशी संजय भण्डारी ने बताया कि ओसवाल सभा के इतिहास में इस तरह पुलिस बल के आधार पर सच्चाई को दबाने का जो कृत्य प्रकाश कोठारी ने किया हैं वो ओसवाल सभा के इतिहास में काले अक्षरों से लिखा जाएगा। प्रकाश कोठारी के निर्देश पर चुनाव अधिकारीयों ने ओसवाल सभा के संविधान और सभा के चुनाव नियमो को ताक में रख कर असंवेधानिक रूप से चुनाव प्रक्रिया प्रारंभ करवा दी।

आज टीम संजय भण्डारी ने सेक्टर 11-13 क्षेत्र में चुनाव प्रचार प्रारंभ किया जिसमें राजकुमारी गन्ना, अनिल मेहता, सुधीर मेहता, हेमन्त मेहता, अनिल जारोली, सतीश कच्छारा, सोनू नागोरी, भावना नागोरी, मनीष गन्ना, रेणु मेहता, संतोष मेहता, अनामिका चैधरी, नीतू कच्छारा, अरविन्द जारोली, अजय धींग, प्रशांत भंडारी, कमलेश वया, महेश कोठारी, मणि लाल भाणावत, कैलाश मुर्डिया, रवि प्रकाश देरासरिया, रमेश कोठारी, ललित भण्डारी, राकेश बया, कुलदीप मेहता, अंकुर मुर्डिया, चिराग मेहता, सौरभ मेहता, अनीता भाणावत, नवरतन कोठारी इत्यादि बड़ी संख्या प्रत्याशियों एवं समर्थकों ने भाग लिया।

### उदयपुर में पहली बार होगा भजन क्लबिंग का अनूठा संगम

# क्वींस इवेंट्स व रागा इवेंट्स के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित होगा भव्य आयोजन, अशोका पैलेस में हुआ पोस्टर विमोचन



बढ़ता राजस्थान

**उदयपुर ( नि.स. )।** क्वींस इवेंट्स और रागा इवेंट्स के संयुक्त तत्वावधान में और बीसीआई के सहआयोजन में उदयपुर में पहली बार भव्य भजन क्लबिंग कार्यक्रम होगा। यह अनोखा आयोजन भक्ति और आधुनिक क्लब संस्कृति का ऐसा संगम प्रस्तुत करेगा, जो खास तौर पर ज़ेन-जी और युवा वर्ग को आकर्षित करेगा।

इस भव्य कार्यक्रम का पोस्टर विमोचन आज अशोका पैलेस, उदयपुर में किया गया। पोस्टर विमोचन के दौरान क्वींस इवेंट्स के सी.ई.ओ. संजीव पटवा, बीसीआई के फाउंडर एंड चैयरमेन मुकेश माधवानी, बीसीआई उदयपुर के अध्यक्ष देवेन्द्र सिंह करीर, रागा इवेंट्स के सी.ई.ओ. आलोक गुप्ता, बीसीआई अहमदाबाद के अध्यक्ष अनिल वैष्णव आदि उपस्थित थे।

इस अवसर पर क्वींस इवेंट्स के सी.ई.ओ. संजीव पटवा ने बताया कि आज की युवा पीढ़ी की सोच तेजी से बदल रही है। युवा अब केवल पारंपरिक क्लबिंग तक सीमित नहीं रहना चाहते, बल्कि वे भक्ति, सनातन संस्कृति और सकारात्मक ऊर्जा से भी जुड़ना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि आज के युवा न तो सिर्फ क्लब चाहते हैं और न ही केवल भजन,उन्हें चाहिए दोनों का एक नया, ऊर्जावान और आधुनिक अनुभव। भजन क्लबिंग इसी सोच का परिणाम है, जहाँ भक्ति की गहराई और आधुनिक म्यूज़िक बीट्स का रोमांच एक साथ महसूस किया जा सकता है।

रागा इवेंट्स के आलोक गुप्ता ने बताया कि यह कार्यक्रम युवाओं को आध्यात्मिकता से जोड़ने के साथ-साथ मनोरंजन का एक नया और सकारात्मक मंच प्रदान करेगा। उदयपुर जैसे सांस्कृतिक शहर में इस तरह का आयोजन पहली बार हो रहा है, जिससे शहर के युवाओं में खासा उत्साह देखा जा रहा है।

# सर्दी और कोहरे का कहर जारी, शीतलहर से जनजीवन अस्त-व्यस्त

बढ़ता राजस्थान

**पावटा ( नि.स. )** । उपखंड सहित आसपास के क्षेत्र में बीते कई दिनों से जारी प्रचंड सर्दी और कोहरे का सितम गुरुवार को भी बरकरार रहा। सुबह के समय आसमान में कोहरे की हल्की चादर तनी रही, जिससे दृश्यता प्रभावित हुई। दोपहर बाद कुछ समय के लिए सूर्य देव के दर्शन हुए, लेकिन आसमान में बादल छाए रहने से ठंड से राहत नहीं मिल सकी। दिनभर शीतलहर चलती रही, जिससे आम जनजीवन प्रभावित होता नजर आया। सर्दी के तेवर तेज होते ही शाम ढलते ही बाजार समय से पहले ही बंद होने लगे। कड़ाके की ठंड और बर्फ जैसी शीत हवाओं ने लोगों को घरों में दुबकने को मजबूर कर दिया। गलन भरी ठंड से जनमानस ठिठुरता नजर आया और लोग सर्दी से बचाव के उपायों में जुटे रहे।

# जागरूकता बढ़ाने एवं समन्वय से कार्य करने का अनुरोध

## रोल पर्यवेक्षक की राजनीतिक प्रतिनिधियों के साथ बैठक

बढ़ता राजस्थान

**सिरोही( नि.स. )।** रोल पर्यवेक्षक संभागीय आयुक्त प्रतिभासिंह की अध्यक्षता में गुरुवार को मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत राजनीतिक दल प्रतिनिधियों के साथ बैठक हुई।

संभागीय आयुक्त ने बताया कि विशेष गहन पुनरीक्षण के तहत दावे एवं आपत्तियों को दाखिल करने की अवधि 15 जनवरी तक है। 14 फरवरी को अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन किया जाएगा। जिले में वर्तमान में 16 दिसम्बर 2025 को प्रकाशित प्रारूप मतदाता सूची में 7 लाख 68 हजार 192 मतदाता है। इसमें 364869 महिला व 403313 पुरुष व




अन्य दस मतदाता है। राजनीतिक दल प्रतिनिधियों को बीएलए के सहयोग से बीएलओ के साथ समन्वय स्थापित करने एवं आमजन में जागरूकता जगाने का आग्रह किया गया।

जिले में बढ़ाए मतदान केंद्र

बैठक में जिला निर्वाचन अधिकारी अल्पा चौधरी ने बताया कि जिले में पूर्व में 759 मतदान केन्द्र थे, जो अब 909 हो गए हैं। सिरोही विधानसभा में 47, पिंडवाड़ा-आबू में 40 तथा रेवदर में 63 नवीन मतदान केन्द्रों का सृजन किया गया है। बैठक में भाजपा से हरजीराम चौधरी, लोकेश खण्डेलवाल, कांग्रेस से महेन्द्रकुमार चौहान, कुलदीप रावल, प्रकाश धवल, आरएलपी भलाराम, राजाराम चौधरी, गिरीश देवड़ा, मनीष खत्री आदि मौजूद रहे।

# मकर संक्रांति को उड़ान टीम का 9वां वार्षिकोत्सव व दौड़ प्रतियोगिता

बढ़ता राजस्थान

**पावटा ( नि.स. )** । क्षेत्र के ग्राम भूरी-भड़ाज में आगामी 14 जनवरी मकर संक्रांति पर उड़ान टीम एवं जन सेवा समिति द्वारा 9वां वार्षिकोत्सव एवं दौड़ प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी। टीम के संयोजक व पूर्व पंचायत समिति सदस्य हरिद्वारी लाल स्वामी ने बताया कि कार्यक्रम में समाजसेवा, उत्साह और खेलकूद का अनूठा संगम देखने को मिलेगा।

गुरुवार को ग्राम भैंसलाना में आयोजित समारोह में कार्यक्रम का पोस्टर विमोचित किया गया। इस अवसर पर समिति पदाधिकारी, स्थानीय जनप्रतिनिधि व बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे। सामाजिक कार्यकर्ता धर्म सिंह भैंसलाना ने कहा कि उड़ान टीम-जन सेवा समिति वर्षों से सामाजिक जागरूकता, युवा विकास एवं सामुदायिक एकता के लिए सराहनीय कार्य कर रही है। भैंसलाना के सरपंच प्रतिनिधि करण सिंह व युवा नेता सुबेसिंह तवर ने कहा कि दौड़ प्रतियोगिता से युवाओं में खेल भावना के साथ स्वास्थ्यप्रद जीवनशैली को बढ़ावा मिलेगा।

# चेतना की मौत से भी नहीं चेता प्रशासन

## खुले कुएं में तीन दिन तड़पकर मर गया गौवंश

बढ़ता राजस्थान

**पावटा ( नि.स. )** । किरतपुरा की ढाणी बड़ियाली में तीन वर्षीय मासूम चेतना की खुले बोरवेल में गिरकर हुई दर्दनाक मौत को अभी एक वर्ष भी नहीं गुजरा है, लेकिन कोटपूतली-बहरोड़ जिला प्रशासन ने उस हादसे से कोई सबक नहीं लिया। जिले में आज भी खुले कुएं और बोरवेल मौत के फंदे बने खड़े हैं, जिन पर नगरपालिका पावटा-प्रागपुरा और पावटा उपखंड प्रशासन की अनदेखी साफ नजर आती है। ताजा मामला पावटा-प्रागपुरा नगरपालिका क्षेत्र के प्रागपुरा शहरी इलाके में स्थित प्राचीन नागाजी मंदिर के पास ढाणी ज्याजावाली का है, जहां लगभग 120 फीट गहरा खुला कुआं लंबे समय से खतरे के रूप में मौजूद है। इसी कुएं में 5 जनवरी को एक निराश्रित गौवंश गिर गया, जो लगातार तीन दिनों तक कुएं में दर्द से तड़पता और कराहता रहा, लेकिन नगरपालिका व पावटा उपखंड प्रशासन को न तो तत्काल रेस्क्यू कराने की फुर्सत रही और न ही कोई त्वरित कार्रवाई की। चौथे दिन गुरुवार को गौवंश ने तड़प-तड़प कर दम तोड़ दिया। शर्मनाक तथ्य यह रहा कि गौवंश की मौत के बाद नगरपालिका ने जेसीबी मौके पर भेजी, जहां मृत गौवंश को बाहर निकालने की बजाय उसी कुएं में मिट्टी डालकर दफना दिया गया। इस कृत्य ने न केवल प्रशासनिक संवेदनहीनता को उजागर किया बल्कि जिम्मेदारी के बड़े सवाल भी खड़े कर दिए।

गौरतलब है कि चेतना की मौत के बाद प्रशासन ने जिले के सभी खुले बोरवेल और कुओं को चिन्हित व सुरक्षित कराने के दावे किए थे, लेकिन जमीनी हकीकत यह है कि आज भी ऐसे खतरनाक खुले कुएं व बोरवेल जानवरों और मानव जीवन दोनों को खतरे में डाल रहे हैं। यदि यह कुआं समय रहते बंद या सुरक्षित किया जाता, तो न तो गौवंश की यह दर्दनाक मौत होती और न ही लोग प्रशासन को कोसते। स्थानीय नागरिकों और गौसेवकों ने कहा कि नगरपालिका पावटा-प्रागपुरा व पावटा उपखंड प्रशासन की संवेदनहीनता और लापरवाही का यह ताजा उदाहरण है।

उन्होंने मांग की है कि जिले में मौजूद सभी खुले कुओं व बोरवेल का सर्वे कर उन्हें तत्काल सुरक्षित व बंद किया जाए, जिम्मेदार अधिकारियों को चिन्हित कर जवाबदेही तय



की जाए तथा इस मामले में नगरपालिका व उपखंड प्रशासन की लापरवाही की जांच कराई जाए, ताकि भविष्य में किसी और मासूम या बेजुबान की जान ऐसे हादसों में न जाए। इस दौरान बजरंग दल के पावटा प्रखण्ड संयोजक गौसेवक पवन शर्मा, प्रखंड सहमंत्री घनश्याम मेहरा, प्रचार प्रमुख करण मेहरा, लालचंद नगर, विजेन्द्र, लक्षण सिंह, सचिन सिंह, नितेश कुमार, लाला राम सैनी, मोतीराम सैनी, बाबूलाल सैनी, भैरूराम सैनी, पप्पू सैनी, महेन्द्र स्वामी, कालूराम जाट, लाला राम जाट, हनुमान सैनी, विजय सैनी, अजय, प्रदीप, संजय, विनोद सिंह, उदय, पवन सैनी, मनजीत सहित स्थानीय लोगों व गौसेवकों ने मौके पर नारेबाजी कर प्रशासन के खिलाफ विरोध दर्ज कराया।

# विजयवर्गीय वैश्य समाज का राष्ट्रीय नववर्ष स्नेह मिलन एवं पौषबड़ा महोत्सव जयपुर में आयोजित



बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स.)।** अखिल भारतीय विजयवर्गीय (वैश्य) महासभा के तत्वावधान में राष्ट्रीय स्तर का नववर्ष स्नेह मिलन एवं पौषबड़ा महोत्सव आगामी 11 जनवरी 2026 को जयपुर में भव्य रूप से आयोजित किया जा रहा है। यह आयोजन महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष राकेश विजयवर्गीय (थली वाले) के निर्देशन में संपन्न होगा, जिसमें देशभर से समाज के पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं समाजबंधु बड़ी संख्या में सहभागिता करेंगे। महासभा द्वारा बाहर से आने वाले सभी अतिथियों के लिए ठहरने एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाएं पूर्ण रूप से की गई हैं, जिससे कार्यक्रम सुव्यवस्थित एवं सफलतापूर्वक संपन्न हो सके। कार्यक्रम का आयोजन स्थल बीलवा पैलेस, गठबंधन चौखी ढाणी के पास, टोंक रोड, जयपुर निर्धारित किया गया है। आयोजन के अनुसार प्रात: 8.00 से 10.00 बजे तक चाय एवं नाश्ते की व्यवस्था रहेगी। इसके पश्चात प्रात: 10.00 बजे विधिवत दीप प्रज्ज्वलन के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ होगा। कार्यक्रम के प्रथम सत्र की बैठक 10.15 बजे से दोपहर 1.00 बजे तक आयोजित की जाएगी। इसके बाद दोपहर 1.00 से 2.00 बजे तक सभी अतिथियों के लिए भोजन की व्यवस्था रहेगी। द्वितीय सत्र की बैठक 2.00 बजे से सायं 5.00 बजे तक आयोजित होगी। कार्यक्रम के समापन अवसर पर सायं 5.00 बजे से पौषबड़ा प्रसादी का आयोजन किया जाएगा। इस राष्ट्रीय आयोजन के निवेदक के रूप में महासभा अध्यक्ष राकेश विजयवर्गीय (थली वाले), महामंत्री रामबाबू (गेरोली वाले), कोटा, कोषाध्यक्ष सीताराम (पीपलू वाले), जयपुर प्रदेश अध्यक्ष कमलेश (डोड़वाड़ी वाले), जयपुर स्थानीय अध्यक्ष रतनलाल (अजमेरी वाले) सहित वरिष्ठ समाजसेवी श्याम टहला, वरिष्ठ उपाध्यक्ष उमाकांत (खेड़ाकल्याणपुर), देवेन्द्र (बांदीकुई), बनवारीलाल विजय (बांदीकुई), दीपक डारड़ा, गणेश बावड़ी, आशीष (जैतपुरा), रामबाबू (भरथला) एवं समस्त कार्यकारिणी सदस्य** सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं। महासभा पदाधिकारियों ने देशभर के विजयवर्गीय वैश्य समाज के समाजबंधुओं से अपील की है कि वे अधिक से अधिक संख्या में इस राष्ट्रीय स्तर के नववर्ष स्नेह मिलन एवं पौषबड़ा महोत्सव में सम्मिलित होकर समाज की एकता, संगठन और संस्कृति को और अधिक सशक्त बनाने में अपना योगदान दें।

# गौतम रत्न सम्मान और कार्यकारिणी शपथ समारोह 11 को

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स.)।** गुर्जरगौड़ ब्राह्मण समाज की स्वयंसेवी संस्था श्री महर्षि गौतम समाज जागृति संस्था की ओर से रविवार 11 जनवरी को प्रतिभा सम्मान सम्मान समारोह और नई कार्यकारिणी के शपथ ग्रहण समारोह का रंगारंग आयोजन किया जाएगा। संस्था के अध्यक्ष सुनील सुशीला शर्मा ने बताया कि जोरावर सिंह गेट स्थित प्रेम गार्डन में शाम चार बजे शुरू होने वाले कार्यक्रम में जीवन्त झांकियां होंगी और भगवान राम व महर्षि गौतम की सामूहिक आरती की जाएगी। साथ पोषबड़ा महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम संयोजक संतोष गौतम और केदार शर्मा के अनुसार कार्यक्रम के लिए सांसद मंजू शर्मा, विधायक बालमुकुन्दाचार्य और गोपाल शर्मा को आमंत्रित किया गया है। गौतम रत्न और प्रतिभा सम्मान के लिए प्रविष्टियां आ चुका है जिनका चयन किया जा रहा है।

# नो दहेज, नो डिनर, नो गार्डन कुरैशी समाज की पहल को मिल रहा समर्थन

बढ़ता राजस्थान



**जयपुर (का.स.)।** राजस्थान के कुरैशी समाज में दहेज के लेन-देन पर पाबंदी लग रही है। समाज के वरिष्ठजन एवं नामवर लोग अपने लडक़े-लड़कियों की शादी में दहेज का लेन-देन बंद कर एक मिसाल कायम कर रहे है। इस मुहिम में गत वर्ष वरिष्ठ समाजसेवी एवं बिजनेसमैन झोटवाड़ा निवासी छुट्टन कुरैशी ने अपनी बेटी आलिमा की नो गार्डन, नो डिनर, नो दहेज के पैटर्न पर शादी कर एक मिसाल कायम की। इस कड़ी को आगे बढ़ाते हुए एमडी रोड की इस्लाहे मआशरा कमेटी ने भूमिका निभाते हुए सादगी के साथ निकाह के कई आयोजन मस्जिद में कराए। दहेज के बिना लेन-देन की इसी कड़ी में गुरुवार 8 जनवरी को झोटवाड़ा की नूरानी मस्जिद में मेराज कुरैशी ने अपनी पुत्री शहनाज का निकाह रामनगर शास्त्री नगर के जहीरूद्दीन के पुत्र जुनैद के साथ सादगी से संपन्न कराया। शरीयत के अनुसार निकाह की रस्म अदायगी के बाद सभी आगंतुकों को खिजूर पेश कर अगवानी की गई। इस मौके पर बिरादरी के वरिष्ठ जन एवं बड़ी संख्या में समाजसेवी शामिल हुए। उल्लेखनीय है कि दो दिन पूर्व बिजनेसमैन छुट्टन कुरैशी ने अपने भतीजे सोहेल का एमडी रोड निवासी नासिर कुरैशी की पुत्री अंजुम के साथ मस्जिद कुरैशियान में सादगी के साथ शरीयत के मुताबिक निकाह की रस्म अदायगी कराई। वहीं उन्होंने दहेज नहीं लेने का ऐलान किया। जिसकी सभी उपस्थित लोगों ने प्रशंसा की।

# नवोडी बालाजी मंदिर में पौषबड़ा महोत्सव का हुआ आयोजन

बढ़ता राजस्थान

**रींगस (नि.स.)।** कस्बे के खाटू मोड़ पर स्थित नवोडी बालाजी मंदिर में गुरुवार को पौषबड़ा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। खाटू मोड़ के रेलवे ओवर ब्रिज के नीचे टैक्सी यूनियन एवं स्थानीय दुकानदारों के सहयोग से बालाजी मंदिर में भोग लगाकर प्रसादी का वितरण किया गया। खाटू श्याम जी आने वाले श्रद्धालुओं ने भी प्रसादी पाकर राजस्थान की संस्कृति की सराहना की। टैक्सी यूनियन मेंबर विकास फोगावट व बाबूलाल स्वामी ने बताया कि पौषबड़ा महोत्सव का कार्यक्रम इस वर्ष ही शुरू किया गया है जो आगे भी सभी के सहयोग से जारी रहेगा। इस दौरान महावीर बाजियां, मोहित , सुभाष, जितेंद्र, रविन्द्र,चेतन , एवं समस्त टैक्सी यूनियन मेंबर व स्थानीय दुकानदार मौजूद रहे।

# अधिवक्ता समाज लोकतंत्र का मजबूत स्तंभ-सांसद सिंह

## जिला अधिवक्ता सम्मेलन का आयोजन, उमड़ा अधिवक्ताओं का सैलाब

बढ़ता राजस्थान




**कोटपूतली(बिल्लूराम सैनी)।** कोटपूतली-बहरोड़ जिले का जिला अधिवक्ता सम्मेलन गुरुवार को कस्बे के पूतली रोड़ स्थित शरणम पैराडाईज में अत्यंत गरिमामय, ऐतिहासिक एवं अभूतपूर्व वातावरण में सम्पन्न हुआ। सम्मेलन में जिला अभिभाषक संघ अध्यक्ष एड. बजरंग लाल शर्मा के नेतृत्व में जिले एवं राज्य से हजारों अधिवक्ताओं ने भाग लेकर इसे एक यादगार और ऐतिहासिक आयोजन बनाया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जयपुर ग्रामीण सांसद राव राजेन्द्र सिंह ने अधिवक्ताओं को संबोधित करते हुये कहा कि अधिवक्ता समाज लोकतंत्र का मजबूत स्तंभ है। न्यायपालिका और समाज के बीच सेतु के रूप में अधिवक्ताओं की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। ऐसे आयोजन अधिवक्ताओं को नई ऊर्जा और दिशा प्रदान करते हैं। उन्होंने अधिवक्ता हितों से जुड़े मुद्दों पर सदैव सहयोग का आष्वासन भी दिया। विषिष्ठ अतिथि विराटनगर विधायक कुलदीप धनकड़ ने कहा कि अधिवक्ताओं की संगठित शक्ति समाज में न्याय, संविधान और अधिकारों की रक्षा की सबसे बड़ी गारंटी है। जिला स्तर पर इस प्रकार के सम्मेलन सामाजिक चेतना को भी सशक्त करते हैं। सम्मेलन की अध्यक्षता करते हुये बहरोड़ बार एसोसिएशन के अध्यक्ष एड. दाताराम यादव ने कहा कि अधिवक्ता समाज की एकता और संगठित प्रयास ही न्याय व्यवस्था को और अधिक मजबूत बना सकते हैं। जिला अभिभाषक संघ के अध्यक्ष एड. बजरंग लाल शर्मा ने कहा कि यह जिला अधिवक्ता सम्मेलन केवल एक आयोजन नहीं, बल्कि अधिवक्ता समाज की संगठित शक्ति और न्यायिक चेतना का प्रयास है। अधिवक्ताओं के सम्मान, अधिकार और एकता के लिए यह मंच निर्णायक भूमिका निभायेगा। इससे पूर्व कार्यक्रम संयोजक एड. मनोज भूषण ने स्वागत भाषण में कहा कि जिला अधिवक्ता सम्मेलन अधिवक्ता समाज की एकता, गरिमा और संगठनात्मक मजबूती का प्रतीक है। मीडिया प्रभारी एवं प्रवक्ता एड. मनोज चौधरी ने बताया की सम्मेलन में कोटपूतली समेत बहरोड़, बानसूर, पावटा, नारायणपुर, नीमराना, विराटनगर अभिभाषक संघ की कार्यकारिणी के पदाधिकारियों-अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, सचिव एवं कोषाध्यक्ष सहित सभी सदस्यों की उपस्थिति रही, जिनका मंच से अभिनंदन किया गया। कार्यक्रम को पूर्व विधायक रामचंद्र रावत, बानसूर बार से शशी कुमार नाहरवाल, नीमराना से उदय सिंह यादव, विराटनगर से सुभाष चंद गुर्जर, पावटा से रामनिवास यादव व पवन कौशिक, ओमप्रकाश सैनी आदि अधिवक्ताओं ने सम्बोधित किया। संचालन एड. रमाकांत शर्मा ने किया। जबकि सहसंयोजक एड. अशोक सुरेलिया ने आभार व्यक्त किया। इस दौरान उपाध्यक्ष नरेंद्र शेखावत, सचिव मुकेश यादव, कोषाध्यक्ष अजय सिंह तंवर, पूर्व अध्यक्ष एड. उदयसिंह तंवर समेत आयोजन समिति के सदस्य, वरिष्ठ अधिवक्ता, युवा एवं महिला अधिवक्ता उपस्थित रहे।

### अधिवक्ताओं का किया सम्मान

सम्मेलन के दौरान वर्ष 1976 व 1987 से नामांकित वरिष्ठ अधिवक्ताओं एवं 40 वर्ष से अधिक अनुभव वाले वरिष्ठ अधिवक्ताओं का मुख्य अतिथि सांसद राव राजेन्द्र सिंह एवं विधायक कुलदीप धनकड़ द्वारा प्रतीक चिन्ह एवं शॉल ओढ़ाकर सम्मान किया गया। नवनिर्वाचित कार्यकारिणियों का अभिनंदन तथा अधिवक्ता एकता और सम्मान को लेकर महत्वपूर्ण विचार-विमर्श हुआ। अंत में स्नेह भोज के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

# शेखावाटी विवि की महिला टीम ने जीता गोल्ड, कुलगुरु प्रो. राय ने दी बधाई

## इंटर यूनिवर्सिटी वेस्ट जोन टूर्नामेंट में महिला वॉलीबॉल टीम लाई स्वर्ण पदक

बढ़ता राजस्थान



**सीकर (नि.स.)।** पंडित दीनदयाल उपाध्याय शेखावाटी विश्वविद्यालय, सीकर की महिला वॉलीबॉल टीम ने इंटर यूनिवर्सिटी वेस्ट जोन टूर्नामेंट में स्वर्ण पदक जीतकर देशभर में नाम रोशन किया है। इस यादगार उपलब्धि के लिए कुलगुरु प्रो. (डॉ.) अनिल कुमार राय ने गुरुवार को विजेता खिलाडियों को बधाई दी और भविष्य में होने वाली प्रतियोगिताओं के लिए टीम की कोच नीलम चौधरी को शुभकामनाएं दीं। टीम की कोच नीलम चौधरी ने कुलगुरु प्रो. अनिल कुमार राय से भेंटकर अपनी टीम के गोल्ड मेडल प्राप्त करने के अनुभव शेयर किए। उन्होंने बताया कि वेस्ट जोन इंटर यूनिवर्सिटी वॉलीबॉल चैंपियनशिप एचए नॉर्थ गुजरात विश्वविद्यालय, पाटन में आयोजित की गई। कुलगुरु प्रो. राय ने विश्वास जताया कि खिलाड़ी इसी उत्साह और टीम भावना के साथ विश्वविद्यालय का नाम लगातार ऊंचा करेंगे। इस अवसर पर कुलसचिव श्वेता यादव ने भी विजेताओं खिलाडियों को बधाई दी। उल्लेखनीय है कि इंटर यूनिवर्सिटी वेस्ट जोन टूर्नामेंट में देशभर की 73 विश्वविद्यालयों और कॉलेजों की टीमों ने हिस्सा लिया था। शेखावाटी विश्वविद्यालय की वॉलीबॉल टीम के 16 खिलाड़ी अलग-अलग कॉलेजों से हैं। टीम में टीना चौधरी, रजनी, प्राची जोशी, पूजा नेहरा, प्रियंका चौधरी, सृष्टि, दीया, बबीता गोयल, ममता, निकिता प्रजापत, कंचन, अंकिता कुमारी, सोनिया कौशल और एकता शामिल थीं। इस अवसर पर फुटबॉल कोच विकास बुडानिया, विश्वविद्यालय के अधिकारी, कर्मचारी और उपस्थित रहे।

## 'कैंपा-श्योर' पैकेज्ड वॉटर के ब्रांड एंबेसडर बने अमिताभ बच्चन

# रिलायंस कंज़्यूमर प्रोडक्ट्स ने किफायती पैकेज्ड वॉटर के लिए किया दिग्गज अभिनेता से करार

बढ़ता राजस्थान




**जयपुर/बेंगलुरु ।** रिलायंस इंडस्ट्रीज़ लिमिटेड की एफएमसीजी इकाई रिलायंस कंज़्यूमर प्रोडक्ट्स लिमिटेड ने अपनी पैकेज्ड ड्रिंकिंग वॉटर ब्रांड कैंपा श्योर के लिए बॉलीवुड के शहंशाह अमिताभ बच्चन को ब्रांड एंबेसडर नियुक्त किया है। कैंपा ब्रांड की तरह ही अमिताभ बच्चन भी उत्कृष्टता और भरोसे के प्रतीक माने जाते हैं और देश-विदेश में उनके करोड़ों प्रशंसक हैं। यह साझेदारी उपभोक्ताओं के विश्वास को और मजबूत करेगी।

आरसीपीएल ने वर्ष 2022 में कैंपा कोला का अधिग्रहण किया था और 2023 में इसे दोबारा भारतीय बाजार में उतारा। इसके बाद कंपनी ने कैंपा एनर्जी ड्रिंक्स, रसिक बेवरेजेज, जूस और अब कैंपा श्योर पैकेज्ड ड्रिंकिंग वॉटर के जरिए अपने बेवरेज पोर्टफोलियो का सफलतापूर्वक विस्तार किया है। आज कैंपा भारतीय सॉफ्ट ड्रिंक बाजार में एक मजबूत ब्रांड के रूप में अपनी पहचान बना चुका है।

इस अवसर पर रिलायंस कंज़्यूमर प्रोडक्ट्स लिमिटेड के एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर केतन मोदी ने कहा, जिस तरह कैंपा एक भरोसेमंद भारतीय ब्रांड है, उसी तरह श्री अमिताभ बच्चन भी हर भारतीय के दिलों पर राज करते हैं और उनकी लोकप्रियता सीमाओं से परे है। दोनों ही भरोसे, शुद्धता और प्रामाणिकता के प्रतीक हैं। श्री बच्चन और कैंपा का यह साथ एक ही सोच और दर्शन को दर्शाता है। इन दो दिग्गजों का एक साथ आना बेहद खास है।

अपने इस जुड़ाव पर प्रतिक्रिया देते हुए अमिताभ बच्चन ने कहा, कैंपा श्योर से जुडक़र मुझे बहुत खुशी हो रही है। हर भारतीय तक स्वच्छ पेयजल पहुंचाने की इस पहल ने मुझे बेहद प्रभावित किया है। अमिताभ बच्चन, अपने समृद्ध अनुभव, करिश्मा और विश्वसनीयता के साथ, कैंपा श्योर के मूल्यों का सटीक प्रतिनिधित्व करते हैं। जिस तरह अमिताभ बच्चन पर लोगों का अटूट विश्वास है, उसी तरह कैंपा श्योर भी भरोसे, आश्वासन और प्रामाणिकता का प्रतीक बनकर उभर रहा है।

# नव वर्ष स्नेह मिलन एवं पोष बड़ा महोत्सव के आमंत्रण पत्र का विमोचन

बढ़ता राजस्थान



**जयपुर (का.स.)।** दिनांक 11 जनवरी 2026 को अखिल भारतीय विजयवर्गीय वैश्य महासभा द्वारा आयोजित होने वाले नव वर्ष स्नेह मिलन एवं पोष बड़ा महोत्सव के आमंत्रण पत्र का विधिवत विमोचन किया गया। यह विमोचन राम बाबू विजयवर्गीय भरथला वालों द्वारा राकेश कुमार विजयवर्गीय थली वालों के निवास पर समाज बंधुओं की गरिमामयी उपस्थिति में सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर राकेश कुमार विजयवर्गीय थली वाले, जो अखिल भारतीय विजयवर्गीय वैश्य महासभा के अध्यक्ष हैं, विशेष रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान समाज की एकता, आपसी सौहार्द एवं सांस्कृतिक परंपराओं को सुदृढ़ करने पर विचार-विमर्श किया गया तथा आगामी आयोजन को सफल बनाने के लिए समाज बंधुओं से सक्रिय सहभागिता का आह्वान किया गया। इस शुभ अवसर पर उपस्थित समाजजनों ने आयोजन की सफलता की कामना करते हुए इसे समाज के लिए प्रेरणादायी पहल बताया।

# 37वां वार्षिक सेमिनार एवं द्वितीय खाड़ी वार्षिक चार्टर्ड अकाउंटेंट सम्मेलन 10-11 जनवरी को

बढ़ता राजस्थान



**जयपुर/अबू धाबी ।** द इंस्टिट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया (आईसीएआई) के अबू धाबी चैप्टर ने अपने बहुप्रतीक्षित 37वें वार्षिक सेमिनार 'तरंग 26' की औपचारिक घोषणा की है। यह आयोजन 10 एवं 11 जनवरी 2026 को होटल कॉनराड, अबू धाबी में आयोजित होगा। इस वर्ष का आयोजन विशेष रूप से महत्वपूर्ण है, क्योंकि इसके साथ ही द्वितीय खाड़ी वार्षिक चार्टर्ड अकाउंटेंट सम्मेलन भी आयोजित किया जाएगा, जिसमें आईसीएआई के सभी छह खाड़ी चैप्टर पहली बार एक संयुक्त मंच पर एकत्रित होंगे।

'तरंग 26 : परिवर्तन की लहरें, राष्ट्रों के बीच सेतु' विषय वैश्विक वित्तीय और नियामकीय परिदृश्य में हो रहे गहन बदलावों को दर्शाता है। डिजिटल नवाचार, सतत विकास और बदलते व्यावसायिक मॉडल के इस दौर में यह सेमिनार वित्तीय पेशेवरों की उस भूमिका को रेखांकित करेगा, जिसके माध्यम से वे सुशासन को सशक्त बनाते हुए अंतरराष्ट्रीय सहयोग को बढ़ावा दे रहे हैं। दो दिवसीय इस सेमिनार में विश्वभर से 20 से अधिक प्रतिष्ठित वक्ता शामिल होंगे। प्रमुख वक्ताओं में संयुक्त अरब अमीरात उद्योग एवं उन्नत प्रौद्योगिकी मंत्रालय की सहायक अवर सचिव एवं अमीरात अंतरिक्ष एजेंसी की बोर्ड सदस्य महामहिम सलामा अल हाज अल अवाधी, लिवा कैपिटल एडवाइजर्स के सह-संस्थापक हाशिम कुदसी, साहसिक यात्री एवं पर्यावरण संरक्षणवादी मिच हचक्राफ्ट, बीएनडब्ल्यू डेवलपमेंट्स के संस्थापक सीए अंकुर अग्रवाल तथा प्रसिद्ध शिक्षाविद एवं यूट्यूब माध्यम से चर्चित फैज़ल खान शामिल हैं। 11 जनवरी 2026 को भव्य गाला डिनर एवं पुरस्कार समारोह आयोजित होगा, जिसमें प्रसिद्ध पार्श्व गायक पापोन की संगीतमय प्रस्तुति रहेगी।

## एडीएम ओमप्रकाश सहारण ने कृषि उपज मंडी का किया निरीक्षण

# अनुपस्थित कार्मिकों को नोटिस देने और योजनाओं का आधिकाधिक प्रचार प्रसार करने के दिये निर्देश

बढ़ता राजस्थान



**कोटपूतली(बिल्लूराम सैनी)।** एडीएम ओमप्रकाश सहारण ने गुरुवार को कृषि उपज मंडी कोटपूतली का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने मंडी में संधारित विभिन्न रजिस्टरों की जांच की तथा कार्य व्यवस्था का अवलोकन किया।

निरीक्षण के समय एडीएम ने मुख्यमंत्री कृषक साथी योजना की प्रगति की जानकारी ली। उपस्थित कार्मिकों द्वारा बताया गया कि योजना के अंतर्गत अब तक 06 आवेदन प्राप्त हुये हैं। इस पर एडीएम ने शीघ्र बैठक आयोजित कर आवेदनों का त्वरित निस्तारण करते हुये पात्र कृषकों को लाभान्वित करने के निर्देश दिये। साथ ही मंडी श्रमिक कल्याण योजना के अंतर्गत पल्लेदारों को लाभ प्रदान करने के भी निर्देश दिये। उन्होंने गाजर के सीजन में ट्रैफिक की समस्या के संबंध में बेहतर ट्रैफिक प्रबंधन के निर्देश दिये। एडीएम ने डिजास्टर मैनेजमेंट फंड से मंडी परिसर में एक बड़े डोम निर्माण का प्रस्ताव लिया, जिससे ऑक्शन के दौरान फसल की सुरक्षा सुनिश्चित हो सके तथा कृषकों को बेहतर सुविधायें उपलब्ध कराई जा सकें।

उन्होंने मंडी के विस्तार हेतु भूमि चिन्हित कर आवश्यक कार्यवाही किये जाने की बात कही। उन्होंने कृषि मंडी परिसर, भंडारण व्यवस्था एवं साफ-सफाई व्यवस्था का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा निर्देश दिये। उन्होंने कहा की किसानों को किसी भी प्रकार की समस्या का सामान्य ना करना पड़े, किसानों के बैठने और पेयजल की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करें एवं योजनाओं की जानकारी दें। निरीक्षण के दौरान 05 कार्मिक अनुपस्थित पाये गये, जिस पर एडीएम ने कृषि उपज मंडी सचिव रामफूल गुर्जर को संबंधित कार्मिकों को नोटिस जारी करने के निर्देश दिये। इस अवसर पर एडीएम ने पीएमएफएमई योजना के अंतर्गत फूड प्रोसेसिंग यूनिट स्थापित करने पर 35 प्रतिशत सब्सिडी की जानकारी देते हुये इसके व्यापक प्रचार-प्रसार के निर्देश दिये, ताकि अधिक से अधिक किसान एवं उद्यमी योजना का लाभ उठा सकें।

## सम्पादकीय

# अमेरिका की अराजकता, ट्रंप को अंतरराष्ट्रीय नियम-कानूनों की कोई परवाह नहीं

अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने जिस तरह यह कहा कि वेनेजुएला अमेरिका को पांच करोड़ बैरल तेल देगा और उसकी बिक्री वे खुद करेंगे, वह उनकी मनमानी का एक और शर्मनाक उदाहरण है। इससे यही सिद्ध होता है कि वेनेजुएला पर अमेरिकी सेनाओं के हमले का मूल उद्देश्य इस देश के तेल संसाधन पर कब्जा करना ही था। वे इस कब्जे को लेकर जिस तरह कोई शर्म-संकोच नहीं कर रहे हैं, उससे यही पता चलता है कि उन्हें अंतरराष्ट्रीय नियम-कानूनों की कोई परवाह नहीं। वे सैन्य शक्ति के मद में चूर होकर यह देखने से भी इन्कार कर रहे हैं कि उनकी अराजकता किस तरह विश्व को संकट की ओर धकेल रही है। वे अपनी हरकतों से विश्व के दबंग देशों को मनमानी करने का लाइसेंस दे रहे हैं। उनके रवैये से विश्व में उथलपुथल मच सकती है और कुछ नए युद्ध भी छिड़ सकते हैं। खुद को शांति का मसीहा बताने और इसी बहाने नोबेल पुरस्कार की चाह रखने वाले ट्रंप दुनिया को अशांत और अस्थिर करने का काम जिस बेशर्मी से कर रहे हैं, वह उन्हें भी महंगा पड़ सकता है, क्योंकि एक के बाद एक देश उनसे आजिज आ रहे हैं। उन्होंने जिस तरह डेनमार्क के अर्द्ध स्वायत्त क्षेत्र ग्रीनलैंड पर बलपूर्वक कब्जा करने की धमकी दी, उसके बाद वे यूरोपीय देश भी उनसे खफा हैं, जो हर बात में उनकी हां में हां मिलाते थे। अब इन देशों को यह समझ आ जाए तो अच्छा कि अहंकारी ट्रंप अपने मित्र देशों के भी सगे नहीं। इसकी अनदेखी नहीं की जा सकती कि ट्रंप कूटनीतिक शिष्टाचार को धता बताकर भारतीय प्रधानमंत्री समेत अन्य अनेक शासनाध्यक्षों पर तंज कस रहे हैं। उनके बड़बोलेपन से यह नहीं लगता कि निकट भविष्य में भारत और अमेरिका के बीच कोई व्यापार समझौता हो पाएगा। ट्रंप भले ही ड्रग्स तस्करी पर रोक लगाने और लोकतांत्रिक शक्तियों को बल देने की आड़ ले रहे हों, लेकिन उनकी मनमानी का मूल कारण डालर के प्रभुत्व को कायम रखना है। डालर के दबदबे के पीछे एक बड़ी भूमिका तेल व्यापार में अमेरिकी मुद्रा का चलन है। चूंकि अमेरिका एक लंबे समय से मनमानी करता चला आ रहा है, इसलिए विश्व के देशों ने डालर से दूरी बनानी शुरू की। जब इराक और लीबिया ने ऐसा किया तो उन पर हमला किया गया। वेनेजुएला ने भी डालर के बजाय अन्य मुद्राओं में तेल बेचना शुरू कर दिया था। हालांकि तेल बिक्री-खरीद में रूस और चीन भी डालर से परहेज कर रहे हैं, लेकिन ट्रंप का इन देशों पर जोर नहीं, इसलिए वे कमजोर देशों को अपना निशाना बना रहे हैं। वे यह नहीं देख पा रहे कि उनके



अराजक रवैये से डालर का वर्चस्व कायम नहीं रहने वाला, क्योंकि उनकी दादागीरी विश्व को डालर में व्यापार न करने के लिए ही विवश कर रही है।

## आज का इतिहास | बढ़ता राजस्थान

### 09 जनवरी की महत्त्वपूर्ण घटनाएं

- 2020 - भारतीय रिज़र्व बैंक ने केवाईसी नियमों में संशोधन किया। संशोधन के बाद नया मानदंड वित्तीय संस्थानों को वीडियो-आधारित ग्राहक पहचान प्रक्रिया का उपयोग करने की अनुमति देता है। यह कदम बैंकों और ऋण देने वाले संस्थानों को दूर बैठे हुए ग्राहकों की पहचान करने में मदद करेगा।
- सबसे पहले एचडीएफ़सी बैंक ने माईएप्स एप्लिकेशन लॉन्च किया। इस ऐप का उद्देश्य भारत में डिजिटल भुगतान को बढ़ावा देना है।
- वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय ने यूरोपीय संघ (ईयू) के सदस्यों को चावल निर्यात के लिए निर्यात नीति में संशोधन किया।
- अरुणाचल प्रदेश विधानसभा ने एक नया लोगो/प्रतीक चिन्ह अपनाया।
- 2012 - लियोनेल मेसी ने लगातार दूसरे वर्ष फीफा का बैलोन डी ओर (सर्वश्रेष्ठ फुटबॉलर) पुरस्कार जीता।
- 2011 - ईरान एयर की फ्लाइट नं 277 दुर्घटनाग्रस्त, 77 लोगों की मौत।
- 2010 - सीबीआई ने हरियाणा सरकार द्वारा रुचिका मामलें में जांच किए जाने का अनुरोध स्वीकार कर लिया।
- 2009 - लोकसभा अध्यक्ष सोमनाथ चटर्जी को सार्वजनिक क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करने के लिए बेबी जान फाउंडेशन पुरस्कार के लिए चुना गया।
- 2008 -हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री 'प्रेम कुमार धूमल' ने अपने मंत्रिमण्डल में नौ मंत्रियों को शामिल किया।
- श्रीलंका की सेना ने लिट्टे के इलाके पर कब्ज़ा किया।
- 2007 - जापान में पहला राज्य मंत्रालय गठित हुआ।
- 2005 -अराफात को 'फिलिस्तीनी लिबरेशन ऑर्गनाइजेशन' के शीर्ष पद से हटाने के लिए चुनाव।
- पी.एल.ओ. के अध्यक्ष महमूद अब्बास फ़िलिस्तीन के राष्ट्रपति चुनाव में विजयी।
- 2001 - बांग्लादेश में हिन्दओं की सम्पत्ति लौटाने संबंधी विधेयक मंजूर।
- 1991 - अमेरिकी और इराकी प्रतिनिधियों की ओमान पर इराकी कब्जे के सम्बंध में जेनेवा शांति बैठक में मुलाकात।

## विशेष आलेख

# भारत बनेगा ब्लू इकोनॉमी का पावर हाउस



रामस्वरूप रावतसरे

भारत एक ऐसा देश है जिसकी 7,517 किलोमीटर लंबी तटरेखा है और तीन तरफ से समुद्र घिरा हुआ है। यहाँ की अर्थव्यवस्था में समुद्री व्यापार की बड़ी भूमिका है। लगभग 95 प्रतिशत विदेशी व्यापार समुद्र के रास्ते होता है। लेकिन अब तक भारत जहाज निर्माण में बहुत पीछे रहा है। इसे बढ़ाने के लिए मोदी सरकार ने 44700 करोड़ खर्च करने की तैयारी कर ली है। वैश्विक स्तर पर जहाज निर्माण में चीन, दक्षिण कोरिया और जापान का दबदबा है और ये तीन देश मिलकर 95 प्रतिशत से ज्यादा जहाज बनाते हैं। भारत का हिस्सा सिर्फ 0.1 प्रतिशत से भी कम है और वैश्विक रैंकिंग में 20वें स्थान के आसपास है।

वैश्विक स्तर पर जहाज निर्माण में भारत का हिस्सा सिर्फ 0.1 प्रतिशत से भी कम है और वैश्विक रैंकिंग में 20वें स्थान के आसपास है। मोदी सरकार इसे बदलना चाहती है। अब सरकार ब्लू इकोनॉमी को मजबूत बनाने पर जोर दे रही है। ब्लू इकोनॉमी का मतलब है समुद्र के संसाधनों का टिकाऊ इस्तेमाल। जैसे मछली पकडऩा, बंदरगाह, जहाजरानी, समुद्री ऊर्जा, पर्यटन और जहाज निर्माण। इससे अर्थव्यवस्था बढ़ेगी, रोजगार बनेगा और पर्यावरण सुरक्षित रहेगा। सरकार का लक्ष्य है कि 2047 तक भारत जहाज निर्माण में विश्व के टॉप-5 देशों में शामिल हो जाए। इसके लिए हाल ही में दो बड़ी योजनाओं के दिशानिर्देश जारी किए गए हैं, 1-शिपबिल्डिंग फाइनेंशियल असिस्टेंस स्कीम और दूसरा - शिपबिल्डिंग डेवलपमेंट स्कीम। इन पर कुल 44,700 करोड़ रुपए खर्च होंगे। केंद्रीय बंदरगाह, जहाजरानी और जलमार्ग मंत्री सर्बानंद सोनोवाल के अनुसार 'प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी की अगुवाई में जहाज निर्माण क्षेत्र को नई नीति मिली है। ये दिशानिर्देश पारदर्शी और स्थिर ढाँचा बनाएँगे, जिससे घरेलू जहाज निर्माण फिर से जीवित होगा। इससे मेक इन इंडिया को बल मिलेगा, बड़े निवेश आएँगे और विश्व स्तरीय क्षमता बनेगी। भारत विकसित भारत और आत्मनिर्भर भारत की राह पर एक बड़ी समुद्री राष्ट्र बनेगा।' जानकारी के अनुसार मोदी सरकार की शिपबिल्डिंग फाइनेंशियल असिस्टेंस स्कीम और शिपबिल्डिंग डेवलपमेंट स्कीम योजनाएँ सितंबर 2025 में कैबिनेट से मंजूर 69,725 करोड़ रुपए के पैकेज का हिस्सा हैं। दिसंबर 2025 में इनके ऑपरेशनल गाइडलाइंस जारी हुए। दोनों योजनाएँ 31 मार्च 2036 तक चलेंगी और 2047 तक बढ़ाई जा सकती हैं। शिपबिल्डिंग फाइनेंशियल असिस्टेंस स्कीम का बजट 24,736 करोड़ रुपये है। इसमें भारतीय जहाज निर्माण कंपनियों को हर जहाज पर 15 से 25 प्रतिशत तक वित्तीय मदद मिलेगी। यह मदद जहाज के प्रकार पर निर्भर करेगी, जिसमें छोटे सामान्य जहाज, बड़े सामान्य या विशेष जहाज होंगे। सरकार की ओर से मदद चरणबद्ध तरीके से मिलेगी, स्टेप-दर-स्टेप काम पूरा होने के आधार पर। इसके साथ ही सीरीज ऑर्डर पर अतिरिक्त प्रोत्साहन भी दिया जाएगा। एक नई सुविधा है शिपब्रेकिंग क्रेडिट नोट। अगर कोई पुराना जहाज भारतीय यार्ड में तोड़ा जाता है, तो मालिक को स्क्रैप वैल्यू का 40 प्रतिशत क्रेडिट मिलेगा। इसे नए जहाज बनाने में इस्तेमाल कर सकते हैं। इससे सर्कुलर इकोनॉमी को बढ़ावा मिलेगा और पुराने जहाज से नए बनेंगे। जानकारी के अनुसार अगले दशक में यह योजना 96,000 करोड़ रुपए के जहाज निर्माण प्रोजेक्ट सपोर्ट करेगी। इससे घरेलू विनिर्माण बढ़ेगा और लाखों रोजगार बनेंगे। शिपबिल्डिंग डेवलपमेंट स्कीम - मोदी सरकार की इस योजना का बजट 19,989 करोड़ रुपये है। यह लंबे समय की क्षमता बनाने पर फोकस करती है। इसमें नए ग्रीनफील्ड जहाज निर्माण क्लस्टर बनेंगे। केंद्र और राज्य मिलकर 50रू50 स्पेशल पर्पज व्हीकल बनाएँगे, जो सामान्य इंफ्रास्ट्रक्चर पर 100 प्रतिशत पूँजी मदद देगा। पुराने ब्राउनफील्ड याड्र्स को आधुनिकीकरण के लिए 25 प्रतिशत मदद मिलेगी, जैसे ड्राई डॉक, शिपलिफ्ट, फैब्रिकेशन सुविधाएँ और ऑटोमेशन अपनाने पर।

क्रेडिट रिस्क कवरेज फ्रेमवर्क से प्री-शिपमेंट, पोस्ट-शिपमेंट और वेंडर डिफॉल्ट रिस्क पर सरकारी इंश्योरेंस मिलेगा। इससे प्रोजेक्ट आसानी से फाइनेंस हो सकेंगे। इन योजनाओं से 2047 तक भारत की व्यावसायिक जहाज निर्माण क्षमता 4.5 मिलियन ग्रॉस टनेज प्रति वर्ष हो जाएगी। इससे रोजगार बढ़ेगा, स्वदेशी तकनीक विकसित होगी और समुद्री सुरक्षा मजबूत होगी। जानकारों के अनुसार ब्लू इकोनॉमी भारत की अर्थव्यवस्था का महत्वपूर्ण हिस्सा है। फिलहाल यह जीडीपी में 4 प्रतिशत योगदान देती है, लेकिन संभावना बहुत ज्यादा है। सरकार का लक्ष्य है कि 2030 तक यह 1 ट्रिलियन डॉलर तक पहुँचे। सागरमाला प्रोजेक्ट इसके केंद्र में है। सागरमाला से बंदरगाह आधुनिक हो रहे हैं, तटीय आर्थिक जोन बन रहे हैं और लॉजिस्टिक्स लागत कम हो रही है। अब तक 839 प्रोजेक्ट्स की पहचान हुई है, जिनकी लागत 5.8 लाख करोड़ रुपए है। मैरिटाइम इंडिया विजन 2030 और अमृत काल विजन 2047 में जहाज निर्माण को प्रमुख स्थान दिया गया है। विजन 2030 में 150 से ज्यादा पहल हैं, जिन पर 3-3.5 लाख करोड़ निवेश होगा। अमृत काल विजन 2047 में 80 लाख करोड़ निवेश का प्लान है। इससे भारत टॉप-10 से टॉप-5 जहाज निर्माण देश बनेगा। विश्व में जहाज निर्माण तेजी से बढ़ रहा है। 2025 में ग्लोबल मार्केट 155 अरब डॉलर का है। चीन अकेला 50 प्रतिशत से ज्यादा हिस्सा रखता है, उसके बाद दक्षिण कोरिया और जापान। ये देश सब्सिडी, आधुनिक तकनीक और बड़े क्लस्टर से आगे हैं। भारत अब उसी रास्ते पर है- क्लस्टर बनाकर, फाइनेंशियल मदद देकर और रिस्क कवर देकर। पहले भारत की क्षमता बहुत कम थी, सिर्फ 0.1 मिलियन ग्रॉस टनेज प्रति वर्ष। कोचिन शिपयार्ड और हिंदुस्तान शिपयार्ड जैसे सार्वजनिक यार्ड मुख्य थे, लेकिन व्यावसायिक जहाज कम बनते थे। अब निजी क्षेत्र भी सक्रिय हो रहा है। जानकारों की माने तो भारत के लिए इस राह में आगे बढऩे को लेकर काफी चुनौतियाँ हैं, जिसमें लागत ज्यादा होना, पुरानी तकनीकी, स्किल की कमी और महँगा फाइनेंस, लेकिन मोदी सरकार की योजनाएँ इन समस्याओं को दूर करेंगी। इस काम में नेशनल शिपबिल्डिंग मिशन समन्वय करेगा। स्वतंत्र मूल्यांकन और मीलस्टोन बेस्ड पेमेंट से पारदर्शिता आएगी। सरकार का विजन स्पष्ट है कि आत्मनिर्भर भारत में समुद्र महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। सागरमाला, डीप ओशन मिशन और पीएम मत्स्य संपदा योजना से ब्लू इकोनॉमी मजबूत हो रही है। जहाज निर्माण इसमें केंद्र है। अंत में ये योजनाएं सिर्फ जहाज बनाने की नहीं, बल्कि भारत को समुद्री महाशक्ति बनाने की हैं।

# क्या अमेरिका भारत की मांगों पर सहमत होगा ?

*फिर भी, इस कमी की भरपाई निर्यात में वृद्धि और रक्षा क्षेत्र के विस्तार से की गई। परिणामस्वरूप, सितंबर 2025 को समाप्त तिमाही में अमेरिका में व्यक्तिगत उपभोग व्यय के मूल्य सूचकांक में 2.8 प्रतिशत की वृद्धि हुई।*



अशोक भाटिया


अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के कार्यकाल का एक साल पूरा होने के मौके पर उन्होंने कई अमेरिकी आयात खर्च को कम किया है. इसके अलावा अमेरिकी उपभोग खर्च में काफी वृद्धि हुई है, निर्यात में काफी वृद्धि हुई है, ट्रम्प प्रशासन ने रक्षा खर्च में वृद्धि की है, जिससे विकास और रोजगार सृजन को बढ़ावा मिला है, मुख्य रूप से क्योंकि अधिकांश देशों ने आयात को और अधिक महंगा बना दिया है, अमेरिकी आयात खर्च को कम किया है, और संयुक्त राज्य अमेरिका में घरेलू मांग को कम किया है। फिर भी, इस कमी की भरपाई निर्यात में वृद्धि और रक्षा क्षेत्र के विस्तार से की गई। परिणामस्वरूप, सितंबर 2025 को समाप्त तिमाही में अमेरिका में व्यक्तिगत उपभोग व्यय के मूल्य सूचकांक में 2.8 प्रतिशत की वृद्धि हुई। पिछली तिमाही में इसमें 2.1 प्रतिशत की वृद्धि हुई थी। अमेरिकी अर्थव्यवस्था की वृद्धि भारत की अर्थव्यवस्था के हित में है, क्योंकि इससे भारत के प्रौद्योगिकी और सेवा उद्योग की मांग बढ़ती है, साथ ही संयुक्त राज्य अमेरिका से प्रेषण में वृद्धि होती है। इसमें बढ़ोतरी हुई है और दवा और इलेक्ट्रॉनिक्स शुल्क में वृद्धि अभी तक लागू नहीं की गई है। इसलिए, ये क्षेत्र अमेरिकी प्रतिबंधों से प्रभावित नहीं थे। भारत और अमेरिका के बीच व्यापार समझौते पर बातचीत शुरू हुए कई महीने हो गए हैं। इस बीच, अमेरिका ने रूस से तेल खरीदने वाले भारत पर 25 प्रतिशत जुर्माना लगाने और अमेरिका द्वारा 25 प्रतिशत शुल्क लगाने के लिए एक व्यापार समझौते पर बातचीत रद्द कर दी थी। वाणिज्य सचिव राजेश अग्रवाल ने उम्मीद जताई कि अमेरिका भारत की मांगों पर सहमत होगा और इस साल जनवरी तक समझौता हो जाएगा। भारतीय कंपनियों को अमेरिका से नए ऑर्डर मिलेंगे, जिससे भारत में अधिक डॉलर आएंगे, घरेलू रोजगार बढ़ेगा और रुपये के मूल्यह्रास को मजबूती मिलेगी।

सौभाग्य से, भारत रूस के साथ एक मुक्त व्यापार समझौते पर बातचीत कर रहा है और रूस, आर्मेनिया, बेलारूस, कजाकिस्तान और किर्गिस्तान को शामिल करते हुए यूरेशियन आर्थिक संघ के साथ एक मुक्त व्यापार समझौते पर भी बातचीत कर रहा है। दोनों देशों ने 2030 तक इस आंकड़े को 100 डॉलर तक ले जाने का लक्ष्य रखा है। संयुक्त राज्य अमेरिका यूक्रेन में युद्ध समाप्त करने में सक्षम नहीं है। यदि संयुक्त राज्य अमेरिका 2026 में युद्ध समाप्त करने में सफल हो जाता है, तो यूक्रेन में अमेरिकी निवेश बढ़ जाएगा। यह समझौता यूक्रेन की तुलना में संयुक्त राज्य अमेरिका और रूस के लिए अधिक लाभदायक हो सकता है, लेकिन किसी भी दर पर, यूक्रेन के साथ-साथ गाजा पट्टी में शांति वैश्विक व्यापार के साथ-साथ भारत के लिए भी लाभदायक होगी। यदि विकास, लोकतंत्र और सुरक्षा एक दूसरे के पूरक होंगे, तो भारत न केवल अपने नागरिकों के लिए बेहतर भविष्य का निर्माण करेगा। यह इक्कीसवीं सदी की वैश्विक व्यवस्था में एक निर्णायक शक्ति के रूप में उभरेगा। आज भारत सिर्फ विकासशील देश ही नहीं है, बल्कि वैश्विक नीति-निर्माण में सक्रिय भागीदा भी है।

## साफ बात | बढ़ता राजस्थान

### माटसाब की जान को आफत क्यों कर रही हैं सरकारें

माट साब कहीं के भी हों सभी सरकारों को ये एकदम फ्री फोकटी नजर आते हैं। कहीं भी देख लो, कोई भी योजना देख लो सरकारी मास्टर-बहनजी के बैगर पूरा होना असंभव सा प्रतीत होता है। ऐसे में अब राजस्थान में मास्टर जी अब केवल पढ़ाएंगे नहीं बल्कि जरूरत पडऩे पर डंडा लेकर कुत्तों को भी ताड़ेंगे। शिक्षा विभाग के ताजा आदेश तो कुछ यही कहानी बयां कर रहे हैं। आदेश के अनुसार स्कूलों के आसपास घूम रहे आवारा कुत्तों को भगाने के लिए पकड़वाने की जिम्मेदारी शिक्षकों को सौंप गई है। मकसद निःसंदेह अच्छा है लेकिन टीचर के साथ इस तरीके का काम करना एक



पद का अपमान और गरिमा को ठेस पहुंचाने का काम है। शिक्षक पहले से ही गैर शैक्षणिक कार्यों में अपना सारा समय दे रहे हैं चाहे चुनाव की ड्यूटी हो सर्वे हो जनगणना हो या फिर मध्यान भोजन हो या फिर शौचालय खुले में जाने वाले लोगों की गणना हो और अभी हाल ही में ऐसा एसआईआर में शिक्षकों की जो रेल सरकार और प्रशासन ने बनाई वह किसी से छुपी हुई नहीं है। अब आवारा कुत्तों से निपटने में भी शिक्षकों की जरूरत सरकार को पड़ी है कभी किसी ने सोचा कि जिन कार्यों के लिए संबंधित विभाग या कोई संस्था जिसका दायित्व बनता है वह उसकी बजाय शिक्षकों के साथ यह काम कराया जाए ऐसी क्या आफत आन पड़ी। या फिर सरकार का क्या सरकारी अध्यापकों से कोई छत्तीस का आंकड़ा तो नहीं इसका बड़ा कारण आज अपने इस आर्टिकल के जरिए में बताना चाहूंगा कि शिक्षकों के साथ अपमानजनक कार्य करवाए क्यूं जा रहे हैं जबकि शिक्षकों का पद बड़ा सम्मानजनक पद है उसके बावजूद भी उनसे इस तरीके से अपमानजनक पदों पर लगाकर उनका माखौल उड़ाया जा रहा है।

## हैल्थ टिप्स | बढ़ता राजस्थान

### कच्ची हल्दी और हल्दी पाउडर, सेहत के लिए कौन सी फायदेमंद?

भारतीय घरों में हल्दी एक आम मसाला ही नहीं, बल्कि सेहत का खजाना मानी जाती है। ये अमीर से लेकर गरीब तक हर किसी की रसोई में पाई जाती है। हल्दी न सिर्फ खाने का स्वाद बढ़ाती है और उसके रंग को सुंदर बनाती है बल्कि सेहत के लिए भी लाभकारी है। सब्जी से लेकर दाल, दूध, चाय और अचार तक हल्दी का इस्तेमाल किया जाता है। इसका सुनहरा रंग खाने को आकर्षक बनाता है, लेकिन असली ताकत इसके औषधीय गुणों में छिपी होती है। हल्दी सिर्फ खाने का स्वाद ही नहीं ही नहीं बढ़ाती बल्कि सेहत के लिए भी औषधी के समान होती है। हल्दी में मौजूद करक्यूमिन इसे सेहत के लिए बेहद खास बनाता है। हल्दी में एंटी-ऑक्सीडेंट, एंटीवायरल, एंटीफंगल और एंटीबैक्टीरियल गुण पाए जाते हैं जो सूजन और दर्द को कम करने में मददगार होते हैं। हल्दी क्रोनिक बीमारियों के खतरे को घटाने में सहायक होती है जो पाचन तंत्र को भी मजबूत बनाती है। ये इम्यूनिटी बढ़ाने में कारगर है जो जोड़ों के दर्द और गठिया में राहत देती है। कच्ची हल्दी के फायदे - इसमें पोषक तत्व प्राकृतिक रूप में मौजूद रहते हैं। - हल्दी में एंटी-इंफ्लेमेटरी और एंटी-ऑक्सीडेंट गुण होते हैं। -कच्ची हल्दी इम्यूनिटी बूस्ट करने में मददगार होती है। - कच्ची हल्दी सर्दी-खांसी और संक्रमण से बचाव करती है। - कच्ची हल्दी का सूप, सब्जी, चाय और स्मूदी में मिलाकर सेवन किया जा सकता है। अगर पोषक तत्वों की बात करें तो कच्ची हल्दी थोड़ी ज्यादा फायदेमंद मानी जाती है क्योंकि इसमें प्राकृतिक गुण कम नष्ट होते हैं। वहीं हल्दी पाउडर रोजमर्रा के इस्तेमाल के लिए ज्यादा सुविधाजनक है। सेहत के लिहाज से दोनों ही फायदेमंद हैं। जरूरत इस बात की है कि हल्दी का सेवन सीमित मात्रा में किया जाए और हल्दी पाउडर लेते समय उसकी शुद्धता और मिलावट पर ध्यान दिया जाए। कच्ची हल्दी और हल्दी पाउडर, दोनों को संतुलित मात्रा में अपनी डाइट में शामिल करना ही सबसे अच्छा विकल्प है। इससे शरीर को भरपूर लाभ मिलता है और कोई नुकसान भी नहीं होता।

## आज का राशिफल

हमारे अनुभवी ज्योतिषियों की टीम के अनुसार आप कई विविध लक्ष्यों को पूरा करेंगे। क्या आप यह जानना चाहते है कि आपके जीवन के ऐसे कौनसे क्षेत्र है, जहां आपके सितारे बुलंद रहेंगे और दूसरी तरफ, अपको किस बातों से सावधान रहना चाहिए। हम न सिर्फ हमारे काम में और जटिल मुद्दों को सुलझाते वक्त सकारात्मक ऊर्जा को महसूस करेंगे, बल्कि पारम्परिक संबंधों में भी, जहां यह स्थानान्तरण हमें संताए और बातचीत में लाभ प्रदान करेगा

**मेष**
आज का दिन आपके लिए अनुकूल रहने वाला है। आपको अजनबी लोगों पर भरोसा करने से बचना होगा और यदि कोई सदस्य लंबे समय से नाराज चल रहा है, तो आप उन्हे मनाने की पूरी कोशिश करेंगे।

**वृष**
आज आपको थोड़ा सावधान रहने की आवश्यकता है, क्योंकि आपके ऊपर कुछ समस्याएं आने की संभावना है। आप किसी से मांगकर वाहन न चलाएं, क्योंकि आपके साथ कोई दुर्घटना होने की संभावना है।

**मिथुन**
आज आपको कुछ विशेष व्यक्तियों से मिलने का मौका मिलेगा और संतान किसी प्रतियोगिता में भाग ले सकती हैं, जिसके लिए आपको पछतावा होगा। आपको अपने किसी कानूनी मामले में सावधान रहने की आवश्यकता है।

**कर्क**
आज का दिन आपके लिए मिले-जुले परिणाम लेकर आएगा। आपको अपनी कार्यक्षमता को पहचानकर काम करने होंगे, क्योंकि आप अपने आसपास रह रहे लोगों पर भरोसा ना करें।

**सिंह**
आज का दिन आपके लिए मिश्रित रूप से फलदायक रहने वाला है। आपको अपनी आय को ध्यान में रखकर व्यय करना बेहतर रहेगा।

**कन्या**
आज आपकी नेतृत्व क्षमता बढ़ेगी और आपको अपने साथियों का पूरा लाभ मिलेगा। आप काम से भी खुश रहेंगे। आप अपने माता-पिता की सेहत को लेकर थोड़ा एहियात बरतें।

**तुला**
आज आपको छुटपुट लाभ की योजनाओं पूरा ध्यान देना होगा, लेकिन आप बेवजह दिखावे में ना आएं और आप किसी से कोई बात बहुत ही तोलमोल कर बोले। परिवार में बड़े बुजुर्गों से आप काम को लेकर कोई सलाह ले सकते हैं।

**वृश्चिक**
आज का दिन आपके लिए किसी नई प्रॉपर्टी की खरीदारी के लिए रहेगा। आपके सामने आज कुछ ऐसे खर्चे आएंगे, जो आपको मजबूरी में ना चाहते हुए भी करने पड़ेंगे। कोई सरकारी काम यदि आपका पैंडिंग था।

**धनु**
आज का दिन आपके लिए उत्तम रूप से फलदायक रहने वाला है। परिवार के सदस्यों का आपको पूरा साथ मिलेगा, आप जिस काम में हाथ डालेंगे, उसमें भी आपको सफलता मिलती दिख रही है।

**मकर**
आज का दिन नौकरीपेशा जातकों के लिए अच्छा रहने वाला है। मान-सम्मान वृद्धि होगी और आपको अपने घर परिवार में चल रही समस्याओं को दूर करने का मौका मिलेगा।

**कुंभ**
आज का दिन आपके लिए मेहनत से काम करने के लिए रहेगा और आप अपने कामों और बुद्धि से काम करके लोगों को हैरान करेंगे। आपकी साख और सम्मान में वृद्धि होगी।

**मीन**
आज आपको धन के मामले में कोई बड़ा जोखिम लेने से बचना होगा। आस-पास रह रहे लोगों से आपकी खूब पटेगी। राजनीति में कार्यरत लोग अपने कामों से एक नयी पहचान बनेगी।

# सवाई माधोपुर में बढ़ती ठंड और पाले के खतरे की चेतावनी

बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर (राकेश शर्मा)।** गुलाबी नगरी के पड़ोसी जिले सवाई माधोपुर में प्रकृति के बदलते मिजाज और गिरते पारे ने अन्नदाताओं की चिंता बढ़ा दी है। जिले में लगातार पैर पसार रही भीषण शीत लहर और फसलों को तबाह कर देने वाले पाले (तुषार) की आशंका को देखते हुए कृषि विभाग पूरी तरह सतर्क हो गया है। किसानों की मेहनत को बर्बादी से बचाने के लिए विभाग ने एक विस्तृत और रणनीतिक एडवाइजरी जारी की है, जिसमें पारंपरिक ज्ञान से लेकर आधुनिक वैज्ञानिक समाधानों तक को शामिल किया गया है। कृषि विभाग के संयुक्त निदेशक (विस्तार) राकेश कुमार अटल ने इस संकट की घड़ी में किसानों से समय रहते मोर्चा संभालने और फसलों की सुरक्षा के लिए सुरक्षात्मक कवच अपनाने की पुरजोर अपील की है। शीत लहर के इस तांडव से निपटने के लिए संयुक्त निदेशक राकेश कुमार अटल ने मनोवैज्ञानिक और तकनीकी दोनों स्तरों पर मार्गदर्शन दिया है। उन्होंने बताया कि जिन रातों में पाला पडऩे की प्रबल संभावना हो, वहां किसान आधी रात के बाद यानी 12 बजे से 2 बजे के बीच सक्रिय हो जाएं। खेत की उत्तरी-पश्चिमी दिशा, जहां से बर्फीली हवाएं आती हैं, वहां मेड़ों पर कूड़ा-कचरा और सूखी घास जलाकर धुआं करना एक अचूक उपाय साबित हो सकता है।

# विप्र फाउंडेशनः ऋषिकेश में कल से संगठनिक प्रशिक्षण शिविर, रवानगी आज

बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर/ गंगापुर सिटी (राकेश शर्मा)।** विप्र फाउंडेशन द्वारा नायक प्रशिक्षण शिविर का आयोजन 10 एवं 11 जनवरी को पवित्र तीर्थ नगरी ऋषिकेश में किया जा रहा है। इस दो दिवसीय प्रशिक्षण शिविर में देशभर से चयनित लगभग 450 प्रतिभागी भाग लेंगे, जिनमें सर्वाधिक संख्या राजस्थान के प्रतिभागियों की होगी। इस प्रशिक्षण शिविर में विप्र फाउंडेशन जोन 1-डी राजस्थान से 32 पदाधिकारी सहभागिता करेंगे। जोन 1-डी की ओर से इस शिविर में प्रदेश अध्यक्ष डॉ. हेमंत शर्मा के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल आज ऋषिकेश रवाना होगा। शिविर का उद्देश्य समाज में नेतृत्व क्षमता का विकास, संगठनात्मक कौशल को सुदृढ़ करना तथा राष्ट्र निर्माण के प्रति जागरूकता उत्पन्न करना है। इस संबंध में संगठन महामंत्री कैलाश तिवारी ने बताया कि नायक प्रशिक्षण शिविर समाज के युवाओं को संगठित, जागरूक एवं कर्तव्यनिष्ठ नेतृत्व के लिए तैयार करने की दिशा में एक सशक्त पहल है। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण के माध्यम से प्रतिभागियों को समाजहित में सक्रिय भूमिका निभाने के लिए प्रेरित किया जाएगा। ऋषिकेश जैसे आध्यात्मिक वातावरण में आयोजित यह शिविर प्रतिभागियों को आत्मचिंतन, आत्मविकास एवं वैचारिक दृढ़ता का विशेष अवसर प्रदान करेगा।

# टोडारायसिंह के घारेड़ा गांव में खेत की रखवाली करते समय बुजुर्ग किसान की मौत, ठिठुरन बनी काल



बढ़ता राजस्थान

**टोड़ारायसिंह (उमाशंकर शर्मा)।** उपखण्ड के पुलिस थाना मोर क्षेत्र की ग्राम पंचायत कूकड के गांव घारेडा में रात को खेत पर फसल की रखवाली करते हुए ठण्ड से एक किसान की मौत हो गई। मृतक राधा किशन (68) पुत्र कल्याण भील ने पुत्र धर्मराज भील ने पुलिस थाना मोर में दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि मेरे पिता राधा किशन रोजाना की तरह बुधवार शाम करीब 7 बजे घर से खाना खा कर खेत पर गेंहू और सरसों फसल की रखवाली के लिए गए थे। सुबह घर नहीं आने पर चाय लेकर खेत पर गया, तो मेरे पिता अचेत अवस्था में मिले। सूचना पर मेरे भाई रामलाल और बाबूलाल सहित परिजन खेत पर पहुंचे और उपजिला अस्पताल टोडारायसिंह ले गए, जहां डाक्टर ने मृत घोषित कर दिया। मौके पर पहुंची मोर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनों को सौंप दिया। मृतक के तीन पुत्र हैं तथा गांव के चौथ माता मंदिर में पूजा अर्चना करने का काम करता था। बीते दिनों अत्यधिक ठंड पडऩे से आम जनजीवन प्रभावित रहा है। ऐसे में 5-7 डिग्री सेल्सियस तापमान में खुले आसमान के नीचे फसल की रखवाली करते हैं।

# टोडारायसिंह ब्लॉक आयुष चिकित्सालय में द्वितीय फॉलोअप शिविर में 78 रोगियों का उपचार कर निःशुल्क दवा व परामर्श दिया



बढ़ता राजस्थान

**टोड़ारायसिंह (उमाशंकर शर्मा)।** राष्ट्रीय आयुष मिशन एवं एवं आयुर्वेद विभाग राजस्थान द्वारा टोडारायसिंह में नि:शुल्क अर्श भगंदर चिकित्सा शिविर का आयोजन 17 दिसंबर से 26 दिसम्बर तक आयोजन किया गया था। उपनिदेशक आयुर्वेद टोंक डॉ रामसहाय बैरवा ने बताया कि जिन रोगियों का शिविर में ऑपरेशन हुआ था, उनका राजकीय ब्लॉक आयुष चिकित्सालय टोडारायसिंह में द्वितीय फॉलोअप हेतु डॉ प्रमोद जोनवाल, डॉ निष्ठा बंसीवाल को नियुक्त किया। डॉ प्रमोद जोनवाल ने सभी रोगियों का चेकअप कर बताया कि सभी रोगियों का सफल ऑपरेशन हुआ। सभी रोगियों को एक माह तक हल्का सुपाच्य भोजन करने की सलाह दी गई तथा दिए गए सभी निर्देशों की पालना करने को कहा गया। शिविर प्रभारी डॉ लोकेंद्र गुप्ता ने इन रोगियों को औषधीय वितरण एवं आहार विहार के बारे में समझाया गया । जिससे भविष्य में भी इस बीमारी का सामना न करना पड़े।इस फॉलो अप शिविर में 78 रोगियों का निरीक्षण किया गया। इस फॉलोअप कैंप में कंपाउंडर राजेंद्र चोपड़ा, नरेश ,रामकिशन मीणा, लेखराज आदि ने सहयोग प्रदान किया।

# चुनाव आयोग का बड़ा फैसला, ईवीएम से नहीं होंगे पंच-सरपंच चुनाव

बढ़ता राजस्थान



**सवाई माधोपुर (राकेश शर्मा)।** पंचायत चुनाव में इस बार मतदाताओं को फिर से मतपत्र थामना होगा। ईवीएम के बाद अब पंचायत राज चुनाव-2026 में पंच और सरपंच पद के लिए मतपत्र से मतदान कराया जाएगा। मतपत्र का रंग, आकार और डिजाइन तक तय कर दिए हैं, ताकि मतदान प्रक्रिया स्पष्ट और भ्रमरहित रहे। पंचायत चुनाव 2026 में मतपत्र को लेकर गाइड लाइन जारी की गई है। इसमें मतपत्र के रंग, चौड़ाई, बॉर्डर लाइन व 'नोटा' तक कैसा होगा इसके बारे में तय कर दिया गया है। राज्य निर्वाचन आयोग के मुख्य निर्वाचन अधिकारी राजेश वर्मा ने मतपत्र डिजाइन, रंग, चौड़ाई, बॉर्डर लाइन और 'नोटा' तक तय करने के निर्देश जारी कर दिए हैं। पंच पद के लिए मतपत्र गुलाबी रंग का होगा, जबकि सरपंच पद के लिए सफेद रंग के मतपत्र का उपयोग किया जाएगा। मतपत्र की प्रत्येक कॉलम की चौड़ाई 4 इंच निर्धारित की गई है। यदि प्रत्याशी कम संख्या में हैं तो मतपत्र एक कॉलम में और संख्या अधिक होने पर दो या तीन कॉलम का होगा। उल्लेखनीय है कि गत पंचायत चुनाव में ईवीएम से मतदान कराया गया था।

## काली बॉर्डर लाइन व शेडेड पट्टी अनिवार्य

मतपत्र के ऊपरी और निचले हिस्से में काली बॉर्डर लाइन अनिवार्य की गई है। प्रत्येक प्रत्याशी के नाम के बीच छायादार पट्टी होगी, जिसकी चौड़ाई 1.25 सेमी तय की गई है। यह व्यवस्था मतपत्र को स्पष्ट और सुव्यवस्थित बनाने के लिए की गई है। इसके साथ ही दो कॉलम होने की स्थिति में कॉलमों के बीच एक सेमी. चौड़ी शेडेड खड़ी लाइन होगी, जो पहले पैनल से अंतिम पैनल तक अंकित रहेगी।

## नाम के आगे होगा चुनाव चिन्ह

मतपत्र पर सभी प्रत्याशियों के नाम हिंदी वर्णक्रम में अंकित किए जाएंगे। पहले कॉलम में ऊपर से नीचे और फिर क्रमशः दूसरे व तीसरे कॉलम में नाम दर्ज होंगे। अंतिम प्रत्याशी के बाद 'नोटा (इनमें से कोई नहीं)' का विकल्प अनिवार्य रूप से दिया जाएगा। प्रत्येक प्रत्याशी के नाम के सामने निर्धारित चुनाव चिह्न होगा। आयोग ने स्पष्ट किया है कि प्रत्याशी एवं नोटा के लिए निर्धारित प्रतीक का आकार 3.5 सेमी 2 सेमी से अधिक नहीं होगा।

## 9 प्रत्याशियों के लिए ही होगा एक कॉलम का मतपत्र

यदि नोटा सहित प्रत्याशियों की संख्या 9 तक होती है तो मतपत्र एक ही कॉलम में होगा। वहीं यदि प्रत्याशियों की संख्या 10 से 18 के बीच होती है तो मतपत्र दो कॉलम में मुद्रित किया जाएगा। यदि यह संख्या 18 से अधिक हो जाती है तो मतपत्र तीन या उससे अधिक कॉलम में तैयार किया जाएगा। हर कॉलम प्रत्याशियों की संख्या समान रखी जाएगी। अंतिम कॉलम में यदि प्रत्याशी कम रह जाते हैं तो उस कॉलम के अंतिम पैनल को छपवाकर रखा जाएगा। जिससे मतदाता को भ्रम न हो।

## मतपत्र पर अनिवार्य जानकारी

मतपत्र के ऊपरी भाग में पंचायत का नाम, वार्ड संख्या, निर्वाचन की विशिष्टियां, सामान्य व उपचुनाव का उल्लेख तथा चुनाव वर्ष 2025 अंकित किया जाएगा। सभी विवरण देवनागरी लिपि में होंगे। इससे स्थानीय मतदाताओं को पढऩे में आसानी रहे। आयोग ने सभी जिला निर्वाचन अधिकारियों, पंचायत राज विभाग और संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि इन दिशा-निर्देशों की सख्ती से पालना सुनिश्चित की जाए। साथ ही मतपत्र की छपाई से पूर्व नमूनों का परीक्षण कर लिया जाए।

# समीक्षा बैठकः जिले में अब तक 114 एमओयू में से 34 एमओयू धरातल पर उतरे

बढ़ता राजस्थान



**सवाई माधोपुर (राकेश शर्मा)।** जिला कलक्टर काना राम की अध्यक्षता में गुरूवार को राइजिंग राजस्थान के तहत निवेश से जुड़े एमओयू की समीक्षा बैठक कलक्ट्रेट सभागार में आयोजित हुई। बैठक में जिला कलक्टर ने निवेशकों से राइजिंग राजस्थान से संबंधित एमओयू पर सेक्टर वाइज चर्चा के साथ ही एक जिला एक उत्पाद नीति 2024, रिप्स, डीआरएम एवं एमएसएमई नीति 2024 पर विमर्श किया। जिला कलक्टर ने राइजिंग राजस्थान के तहत जिले में अब तक किए गए एमओयू के क्रियान्वयन की स्थिति पर महाप्रबन्धक जिला उद्योग केन्द्र पंकज कुमार मीना से जानकारी ली। बैठक में बताया गया कि जिला स्तर पर कुल 114 एमओयू किए गए हैं, जिनकी निवेश लागत लगभग 1281 करोड़ रुपये है। इनमें से 34 एमओयू की ग्राउंड ब्रेकिंग की जाकर धरातल पर उतारे जा चुके हैं, जिनकी निवेश राशि लगभग 508 करोड़ रुपये है। काना राम ने सम्बन्धित विभागीय अधिकारियों को लम्बित प्रकरणों को शीघ्र ही धरातल पर लाने के लिए प्रयास करने तथा क्रियान्वयन में आ रही बाधाओं को दूर करने के निर्देश दिए। जिला कलक्टर ने औद्योगिक क्षेत्रों में भूमि आवंटन, नियमित साफ-सफाई, रीको औद्योगिक क्षेत्र में क्षतिग्रस्त सडक़ों पर पैचवर्क कार्य करवाने सहित आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बैठक में अधीक्षण अभियंता विद्युत विभाग बीएल मीना, अधीक्षण अभियंता जलदाय विभाग बीएस मीना सहित संबंधित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## गंगापुर सिटी में अवैध खनन के खिलाफ बड़ी कार्रवाई

# पांच वाहन जब्त कर 2.71 लाख रुपये का लगाया जुर्माना

बढ़ता राजस्थान



**सवाई माधोपुर (राकेश शर्मा)।** जिले के गंगापुर सिटी में उप जिला कलेक्टर के नेतृत्व वाली संयुक्त टीम ने अवैध खनन के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की। छाबा और महूकलां क्षेत्र से बजरी और पत्थर ले जा रहे 5 वाहन जब्त कर 2.71 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया। खनिज, पुलिस और वन विभाग की इस संयुक्त दबिश से खनन माफियाओं में हडक़ंप मच गया है। गंगापुर सिटी। राजस्थान के सवाई माधोपुर जिले में अवैध खनन और परिवहन के विरुद्ध प्रशासन ने एक बड़ी निर्णायक कार्रवाई को अंजाम दिया है। जिला कलेक्टर के कड़े निर्देशों की अनुपालना में आज गंगापुर सिटी के विभिन्न क्षेत्रों में मचे हडक़ंप के बीच संयुक्त टीम ने माफियाओं के हौसले पस्त कर दिए। गुरुवार प्रातः 11.00 बजे उप जिला कलेक्टर के नेतृत्व में एक उच्च स्तरीय टीम ने छाबा, ताजपुर रोड, महूकलां और टोकसी जैसे संवेदनशील इलाकों में अचानक दबिश दी, जिससे अवैध गतिविधियों में लिप्त लोगों में अफरा-तफरी मच गई। इस विशेष अभियान में उप जिला कलेक्टर के साथ खनिज विभाग के सहायक अभियन्ता, पुलिस उप अधीक्षक गंगापुर सिटी, तहसीलदार गंगापुर सिटी, उप परिवहन निरीक्षक और क्षेत्रीय वन अधिकारी की मौजूदगी ने प्रशासन की गंभीरता को स्पष्ट कर दिया। कार्रवाई के दौरान मोरम और बजरी का अवैध परिवहन करते हुए तीन ट्रैक्टर-ट्रॉली और पत्थरों से लदे दो विशालकाय 12 चक्का ओवरलोडेड डम्परों को रंगे हाथों पकड़ा गया। प्रशासन ने त्वरित कार्रवाई करते हुए इन सभी पांचों वाहनों को मौके पर ही जब्त कर लिया।

# 'सुगम राह-सुगम रास्ते का अभियान' बजरिया के मुख्य मार्गो से हटाया अतिक्रमण



बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर (राकेश शर्मा)।** नगर परिषद आयुक्त देवेन्द्र कुमार जिन्दल के निर्देशानुसार राजस्व अधिकारी विजेन्द्र मीणा के नेतृत्व में शहर को सुगम, सुरक्षित एवं व्यवस्थित बनाने के उद्देश्य से 'सुगम राह-सुगम रास्ते का अभियान' के तहत जिला मुख्यालय पर बजरिया के मुख्य मार्गो से अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही की गई। राजस्व अधिकारी विजेन्द्र मीणा ने बताया कि नगर परिषद की टीम का गठन कर जमादार मनोज, अशोक सैनी, राधेश्याम, वीरेन्द्र द्वारा बजरिया के मुख्य मार्गो से अतिक्रमण हटवाया गया। इस दौरान टीम द्वारा आम लोगों और व्यापारियों से समझाइश की गई कि कोई भी आम रास्ते पर किसी भी प्रकार का अतिक्रमण नहीं करें अन्यथा अतिक्रमण हटाकर जुर्माना वसूलने और जब्ती की कार्यवाही की जाएगी।

# सड़क सुरक्षा दिवस को लेकर बैठक

बढ़ता राजस्थान



**टोंक (पुरूषोतम जोशी)।** पुलिस लाईन छावनी के पास विश्व स्मरण दिवस,राज्य सडक़ सुरक्षा दिवस, सप्ताह पर आयोजित कार्यक्रम, में राष्ट्रवादी आटो ई रिक्शा यूनियन के सैकड़ों की तादात में सदस्य चालक परिचालक, उपस्थित रहे, इस कार्यक्रम की अध्यक्षता टोक ष्टह्र श्रीमान मिश्रा जी , शहर कि व्यवस्था सुचारू चले इसके लिए आप सबको नियमों का पालन करना होगा साथ ही आपने बताया कि हमने शहर में कई जगह ऑटो स्टैंड के चयनित करने जा रहे हैं जिससे कि यातायात व्यवस्था सही रहे जनहित में रहे आमजन को लाभ पहुंचे साथी आपको भी नुकसान ना हो श्रीमान सम्पत राम वर्मा जी ष्ठञ्जह्र टोंक, ने कि सभी को नियमों की संपूर्ण जानकारी देते हुए बताया कि बीमा इंश्योरेंस फिटनेस लाइसेंस आदि साथ रखे,याता यात पुलिस प्रभारी श्रीमान कालु राम जी, ने बताया कि सडक़ पर यातायात सही रखें अपनी सुरक्षा के साथ-साथ आम जनकी और दूसरे की सुरक्षा बेहद जरूरी है गाडियां पूरी कंप्लीट रहनी चाहिए और नियम से चलना चाहिए, सभी ऑटो वालों को समझाते हुए कहा कि किसी भी तरह की घटना आपके सामने आए तो तत्काल पुलिस को सूचना दे, कोई भी चीज आपके ऑटो में रहे जाये या अनजान लोग बैठे तो उसकी भी सूचना पुलिस को देखक र अपने अच्छे नागरिक होने का कर्तव्य निभाएं, टोंक ने सभी ऑटो चालकों को बताया कि टोक शहर में यातायात व्यवस्था निभाने में आपकी अहम भूमिका होनी चाहिए, लीगल कानूनी जानकारी से भीअवगत कराया है,शहर यातायात के टी आई भेरू लाल अपने विचार रखें । सभी चालक परिचालकों को नियमों की जानकारी देते हुए बताया कि सब नियमों का जरूर ख्याल रखें,पुलिस के कुलदीप सिनसर अपने विचार व्यक्त करें, राष्ट्रवादी ऑटो रिक्शा ई रिक्शा यूनियन के संस्थापक संयोजक मोहम्मद अजमल खान ने सभी पुलिस अधिकारी एवं यूनियन सदस्यों को बताया कि टोंक शहर बड़ी करीब शहर है इसमें ज्यादातर गरीबी जीवन जीने पर मजबूर हैं सती तीसरा क्षेत्र घोषित था आज भी उसे बुरी हालत है आप सब लोग ओके यातायात पुलिस या सरकार कोई भी नियम अनुसार जानकारी देती है तो यूनियन हमेशा उसकी पालना ठीक करती है आदि लाइसेंसमीटिंग यूनियन सस्थापक संयोजक मोहम्मद अजमल खान की अध्यक्षता में आयोजित की गई जिसमें ऑटो रिक्शा-ई रिक्शा चालकों की विभिन्न समस्याओं पर चर्चा की गई ।प्रतिदिन हो रहे पुलिस द्वारा किए चलानो से ग्रस्त ई रिक्शा चालकों ने अपनी समस्याओं से युनियन को अवगत कराया। इस मीटिंग में उपस्थित ,सह संयोजक यासिन अली, अध्यक्ष माबुद भाई,शहजाद दिवाना,आबिद भाई आसिफ़,फेजान मियां, शांतनु मियां,बब्बी मियां,राशीद मियां,मारिस मियां फरीद मो,शाकिब,शरीफ भाई,आसिफ, अबरार,सईद दिनेश,शोएब,रशीद रहे।

## डेकवा में लोक परंपरा, भक्ति और उत्साह से भरे पद दंगल का रंगारंग आयोजन

# मंत्री डॉ. किरोड़ी लाल मीणा ने पद दंगल में लगाए ठुमके

बढ़ता राजस्थान



**सवाई माधोपुर (राकेश शर्मा)।** जिले के डेकवा गांव में पारंपरिक लोक संस्कृति के प्रतीक पद दंगल का भव्य एवं उल्लासपूर्ण आयोजन गुरुवार को हुआ, जिसमें राज्य के केबिनेट मंत्री एवं क्षेत्रीय विधायक डॉ किरोड़ी लाल मीणा ने खूब ठुमके लगाए, जिस पर ग्रामीणों ने उनका खूब उत्साहवर्धन किया।

वहीं विभिन्न पद दंगल मंडलियों ने अपनी-अपनी शैली में धार्मिक कथाओं, गाथाओं और सामाजिक प्रसंगों की प्रभावशाली प्रस्तुतियां दी, जिससे पूरा वातावरण भक्तिरस और लोक उत्साह से सराबोर हो गया।

कृषि एवं उद्यानिकी, ग्रामीण विकास तथा आपदा राहत मंत्री डॉ. किरोड़ी लाल मीणा ने स्थानीय लोगों द्वारा हर वर्ष मनाए जाने वाले इस पारंपरिक कार्यक्रम में भागीदारी की। पद दंगल के दौरान लोक कलाकारों की सजीव प्रस्तुतियों के साथ मंत्री डॉ. मीणा स्वयं भी नृत्य में शामिल हुए। कलाकारों के साथ पद गायन में उनकी सहभागिता से कार्यक्रम में विशेष आकर्षण और उत्साह देखने को मिला। आयोजन ने ग्रामीण संस्कृति, सामूहिक सहभागिता और परंपराओं के संरक्षण का सशक्त संदेश दिया।

डॉ. किरोड़ी लाल मीणा ने उपस्थित ग्रामीणों को आगामी 18 एवं 19 जनवरी को जिले में आयोजित होने वाले अमरूद महोत्सव में हिस्सा लेने के लिए आमंत्रित किया। डॉ. मीणा ने कहा कि इस महोत्सव में प्रदेश एवं केंद्र सरकार के प्रतिनिधियों के साथ-साथ राजस्थान के विभिन्न जिलों और अन्य राज्यों से उन्नत किसान भाग लेंगे। उन्होंने ग्रामवासियों एवं जनसमूहों से इस महोत्सव में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर आयोजन को सफल बनाने की अपील की।

# किसान अपनी फार्मर आईडी बनवाए-जिला नोडल अधिकारी हुक्मीचन्द रोहलानिया

बढ़ता राजस्थान

**टोंक (पुरूषोतम जोशी)।** टोंक जिले में प्रत्येक काश्तकार की फार्मर आईडी बनवाने के लिए माह फरवरी एवं मार्च 2025 में प्रत्येक ग्राम पंचायत मुख्यालयों पर फार्मर रजिस्ट्री शिविर आयोजित करवाए गए थे। उसके उपरांत फार्मर आईडी बनवाने से शेष रहे काश्तकारों के लिए माह अप्रैल, मई, जुलाई, अक्टूबर व नवंबर 2025 में फॉलो अप शिविर लगवाये गए थे। फार्मर रजिस्ट्री के जिला नोडल अधिकारी हुक्मीचन्द रोहलानिया ने बताया कि अभी भी जिले में कई ऐसे काश्तकार है जिनकी फार्मर आईडी नहीं बनी है। फार्मर आईडी नहीं बनने से पीएम किसान सम्मान निधि योजना के तहत मिलने वाली किश्त प्राप्त होना बंद हो जायेगी।

# विद्यालयी 19 वर्ष राष्ट्रीय बॉस्केटबॉल प्रतियोगिता में राजस्थान की राष्ट्रीय प्रशिक्षक डॉ. दीपिका अरोड़ा ने रचा स्वर्णिम इतिहास

## 69वीं राष्ट्रीय विद्यालयी बॉस्केटबॉल प्रतियोगिता में राजस्थान की टीम रही अजेय

बढ़ता राजस्थान

**अलवर(का.स.)।** अलवर की बेटी डॉ दीपिका अरोड़ा ने बाडमेर में आयोजित हुई 69वीं राष्ट्रीय विद्यालयी बॉस्केटबॉल खेलकूद प्रतियोगिता में स्वर्णिम इतिहास रच दिया। राजस्थान की बेटियों ने पहली बार स्वर्ण पदक जीतकर प्रदेश का नाम रोशन किया। टीम ने कोच डॉ. दीपिक ा अरोड़ा के मार्गदर्शन और नेतृत्व में जहां खेल का मैदान मार लिया तो वहीं प्रतियोगिता देखने के लिए पहुंचे हजारों दर्शकों ने बेटियों के खेल कौशल और प्रदर्शन की जमकर तारीफ की। यह पहला मौका है, जब इस प्रतियोगिता में राजस्थान की गल्र्स टीम देश में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। 'विद्यालय स्तर की देश की इस सबसे बड़ी प्रतियोगिता में अलवर की अरोड़ा ने अपनी टीम के माध्यम से ना सिर्फ ट्रॉफी पर कब्जा जमायाए बल्कि लोगों को भी खेल के रोमांच से भर दिया। स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफ इंडिया द्वारा आयोजित हुई इस प्रतियोगिता में राजस्थान की गल्र्स टीम अजेय रही।



### इन खिलाडियों ने दिखाया दम

राजस्थान की गल्र्स टीम ने गोल्ड मेडल जीतने में काफी पसीना बहाया। कोच डॉ. दीपिका अरोडा के मार्गदर्शन और कप्तान कृतिका खटीक के नेतृत्व में कल्पना शेखावत, आरूषि राठौड,उन्नति सिंह, ममता वर्मा, कीर्ति कंवर, ईशी त्रिवेदी, नवदीप कौर, राजश्री नरूका, कौमल राठौड़, सिमरन परवीन व जाह्नवी तोंगर ने पूरी प्रतियोगिता के दौरान उम्दा खेल का प्रदर्शन किया।

### अजेय रही राजस्थान की बेटियां

राजस्थान की गल्र्स टीम ने कुल 7 मैच खेले और सातों ही मैच जीते। पहले राउंड में राजस्थान ने 3 लीग मैच खेले और जीते। इसके बाद राजस्थान ने प्री.क्वार्टर फाइनल, क्वार्टर फाइनल, सेमीफाइनल और फाइलन मैच भी एकतरफा अंदाज में जीते। इस पूरी प्रतियोगिता में राजस्थान की टीम अजेय रही।

### 15 दिन अभ्यास, फिर जीतीं प्रतियोगिता



बाडमेर में राजस्थान टीम का ट्रायल 17.18 दिसंबर को आयोजित हुआ। इसमें गल्र्स टीम का चयन किया गया। इसके बाद 19 दिसंबर से 1 जनवरी तक टीम ने कोच डॉ. दीपिका अरोडा के मार्गदर्शन में नेशनल प्रतियोगिता के मद्देनजर अभ्यास किया। कोच डॉ.अरोडा ने इन 15 दिनों में खिलाडियों को निखारने, उनके बीच समन्वय और तालमेल स्थापित करने में अपनी जी.जान झोंक दी। उसी का परिणाम है कि टीम ने पहली बार स्वर्ण पदक प्राप्त किया।

### बड़े अंतर से जीते सारे मैच

राजस्थान ने अपने पहले लीग मैच में सीबीएसई डब्ल्यूएसओ को 89.11 अंकों के बडे अंतर से हराया। वहीं दूसरे लीग मैच में राजस्थान की लडकियों ने गुजरात को 52.8 से पराजित किया। तीसरे लीग मैच में राजस्थान ने उत्तर प्रदेश को 78.23 अंकों से पराजित किया। वहीं प्री.क्वार्टर फाइनल मैच में राजस्थान ने आंध्र प्रदेश को 94.16 अंकों से हराया। क्वार्टर फाइनल में राजस्थान की लडकियों ने उम्दा खेल का प्रदर्शन करते हुए केरल को 44.21 अंकों के अंतर से पराजित किया गया। सेमीफाइनल में राजस्थान ने तमिलनाडु को 37.5 के बड़े अंतर से हराया। वहीं फाइनल में राजस्थान ने महाराष्ट्र को 52.9 के बड़े अंतर से शिकस्त दी। कप्तान कृतिका खटीक ने बताया कि आज टीम जब नेशनल चैम्पियन बन गई है तो बहुत खुशी हो रही है। कोच दीपिका मैम और माता-पिता के आशीर्वाद से यह सफलता मिली। टीम में पारिवारिक माहौल, उसी का फायदा मिला। अलवर से भी रहा प्रतिनिधित्व-अलवर की सेंट एनस्लम विद्यालय की जानवी टोंगर भी रही राजस्थान की टीम का हिस्सा जो अलवर के लिए दोहरी खुशी का विषय है।

## सैनी को महात्मा ज्योतिबा फुले संस्थान का अध्यक्ष चुने जाने पर किया सम्मान



बढ़ता राजस्थान

**बानसूर(धीरज मौर्य)।** नगर पालिका क्षेत्र स्थित महात्मा ज्योतिबा फुले संस्थान का अध्यक्ष हजारी लाल सैनी को सर्व सम्मति से निर्विरोध अध्यक्ष चुने जाने पर ख़ुशी का इजहार किया है।महात्मा ज्योतिबा फूले संस्थान के समस्त सदस्यों का आभार प्रकट करते हुए गुरुवार को नगर पालिका क्षेत्र के हरसौरा सडक़ पर हरिओम ब्यूटी पार्लर पर माला व साफा पहनाकर भव्य सम्मान किया गया।इस मौके पर मनोज कुमार,राजपाल,मोहन सैनी,धर्मचन्द्र सैनी,भीम सिंह सैनी, बीरबल रावत,रतन लाल,गुरुदयाल, हनुमान सैनी,कर्ण सिंह,हवासिंह सहित गणमान्य लोग मौजूद रहे।

## पुत्र ने किये अपने पिता जी के नेत्रदान

बढ़ता राजस्थान



**अलवर(का.स.)।** शहर मे धर्मचंदजैन पुत्र राम सहाय जैन निवासी एक्सटेंशन, रणजीत नगर,अलवर के आकस्मिक निधन के उपरान्त उनके नेत्रदान कर दिए गए। नारायण सेवा संस्थान के अलवर शाखा अध्यक्ष आरण्एसण्वर्मा ने बताया कि अनुराग जैन ने अपने पिता के निधन के उपरांत उनके नेत्रदान के के लिए नवीन जैन को फोन किया। तदउपरांत उनकी सूचना पर डा0 श्रॉफ हॉस्पिटल आई डोनेशन सेंटर की डॉक्टरों की टीम ने उनके निवास पर पहुँच कर परिवार की सहमति के बाद आई डोनेशन की प्रक्रिया को पूरा किया। पुत्र अनुराग जैन ने उनकी अंतिम इच्छा अनुसार उनके ष्नेत्रदानष् कर बहुत पुण्य का काम किया है। इस नेत्र दान से किन्ही दो नेत्रहिनो की आँखों को रोशनी मिलने से उनकी जिन्दगी संवर जायेगी उनकी इस पहल से अन्य लोगों को भी प्रेरणा मिलेगी। और मानवता के लिए परोपकार हेतु इस पुण्य कार्य को और अधिक बल मिलेगा।

## शारीरिक,मानसिक स्वास्थ्य विषयों पर दिया व्याख्यान



बढ़ता राजस्थान

**अलवर(का.स.)।** गुरूवार को अलवर फार्मेसी कॉलेज,अलवर में गायत्री परिवार के द्वारा देव संस्कृति विश्वविद्यालय, हरिद्वार के बैचलर्स ऑफ योगिक साइंसेज के प्रशिक्षु छात्र सिद्धार्थ पाटनवार, अतुल कुमार पटेल , यदेव सिंह निषाद के द्वारा योग,ध्यान,प्राणायाम का विद्यार्थियों को प्रशिक्षण दिया एवं योग के माध्यम से कैसे शारीरिक,मानसिक स्वास्थ्य का ध्यान रखें इत्यादि विषयों पर व्याख्यान दिया। कॉलेज के प्रिंसिपल डॉव जेयाबालन जी ने कार्यक्रम की सराहना की एवम वाईस प्रिंसिपल डॉ राजेश शर्मा ने धन्यवाद ज्ञापित किया। गायत्री परिवार से कार्यक्रम में परिव्राजक श्री कृष्णकांत मिश्रा जी ने सभी विद्यार्थियों को 12 जनवरी को स्वामी विवेकानंद जयंती पर युवा दिवस मनाने को कहा व उनके राष्ट्र के प्रति प्रेम की सराहना की व विद्यार्थियों को भी उनसे प्रेरणा लेने को कहा। गायत्री परिजन देवकीनंदन अग्रवाल ने कार्यक्रम स्थल पर पंडित श्रीराम शर्मा आचार्य जी प्रणीत साहित्य बुक स्टाल लगाई। कार्यक्रम में कॉलेज में कार्यरत व्याख्याता व दिया कार्यकर्ता श्री अमित वशिष्ठ ने व्यावस्थापरक सहयोग किया।

## भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी की बैठक 10 जनवरी को

बढ़ता राजस्थान

**राजगढ़(अलवर)।** भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी की एक आवश्यक बैठक 10 जनवरी शनिवार को अस्पताल के सामने स्थित एक निजी कार्यालय में आयोजित की जाएगी। बैठक की अध्यक्षता कामरेड राजकुमार बख्शी करेंगे। इस बैठक में पार्टी सदस्यों के नवीनीकरण एवं पार्टी चुनाव की प्रक्रिया संपन्न कराई जाएगी। संगठनात्मक दृष्टि से महत्वपूर्ण इस बैठक में सभी सदस्यों की उपस्थिति अनिवार्य बताई गई है। बैठक का आयोजन दोपहर 1:00 बजे से किया जाएगा। संयोजक भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी शाखा राजगढ़, मनोज कुमार बोहरा (एडवोकेट) द्वारा दी गई।

## मुंशी बाजार जैन मंदिर अलवर की साधारण सभा की बैठक 11 जनवरी को

बढ़ता राजस्थान

**अलवर (का.स.)।** श्री चन्द्रप्रभु दिगम्बर जैन पंचायती मंदिर( पल्लीवाल, सैलवाल, जैसवाल समाज) मुंशी बाजार अलवर की साधारण सभा की बैठक दिनाँक 11 जनवरी 2026 रविवार को श्री चंद्रप्रभ् दिगम्बर जैन पंचायती मंदिर, मुंशी बाजार, अलवर के प्रांगण मे सायं 7.00 बजे रखी गई है। मंत्री रविन्द्र कुमार जैन (डीग वाले ) ने बताया कि मीटिंग में अभी भव्यता के साथ सम्पन्न हुये वर्षायोग के बारे में समाज को धन्यवाद व मार्च में आयोजित होने वाले भगवान महावीर जन्म कल्याणक महोत्सव की तैयारियों पर विशेष चर्चा की जावेगी।

## मुख्यमंत्री आयुष्मान जीवन रक्षा योजना से बच रही जिंदगियां

### सडक़ हादसे में गंभीर घायल व्यक्ति को अस्पताल पहुंचाने पर 'नेक इंसानों' को राज्य सरकार दे रही 10 हजार रूपए प्रोत्साहन राशि

बढ़ता राजस्थान

**अनूपगढ़ (डी एल सारस्वत)।** माननीय मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के निर्देशन में संचालित राज्य सरकार की अतिमहत्वाकांक्षी मुख्यमंत्री आयुष्मान जीवन रक्षा योजना जिले में सडक़ हादसों में घायल होने वाले लोगों की जिंदगियां बचा रही है। आमजन भी जागरूक होकर अच्छे मददगार बनते हुए घायलों को अस्पताल में पहुंचा रहे हैं। अब तक ऐसे 15 मददगार 'नेक इंसान' सामने आए हैं। जिला कलक्टर डॉ. मंजू के निर्देशों पर मददगारों को प्रोत्साहन राशि व प्रशस्ति पत्र दिए जा रहे हैं। एम्बुलेंस 108 के जरिए भी जिंदगियां बचाई जा रही है। सीएमएचओ डॉ. अजय सिंगला ने बताया कि सडक दुर्घटनाओं में होने वाली मृत्यु दर को कम करने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री आयुष्मान जीवन रक्षा योजना लागू की गई, जिसके तहत अनेक लोगों ने सडक़ दुर्घटनाओं की तत्काल सूचना दी। 15 लोगों ने योजना के तहत प्रोत्साहन राशि के लिए आवेदन किया, जिनमें से गंभीर घायलों की मदद करने वाले मददगारों को राशि दी गई। उन्होंने बताया कि सडक़ दुर्घटनाओं में गंभीर घायल व्यक्ति को न्यूनतम समय (गोल्डन ऑवर) में राज्य के निकटतम सरकारी एवं निजी चिकित्सा संस्थान (अस्पताल/ ट्रोमा सेंटर आदि) पहुंचाने वाले भले व्यक्ति को राज्य सरकार पहले पांच हजार रुपए जबकि वर्तमान में 10 हजार रूपए की प्रोत्साहन राशि एवं प्रशस्ति पत्र दे रही है। सीओआईईसी विनोद बिश्नोई ने बताया कि घायल व्यक्ति को अस्पताल पहुंचाने वाला नेक इंसान द्वारा स्वेच्छानुसार अपनी पहचान आदि देने तथा योजना का लाभ लेने को तैयार होने पर अस्पताल के इमरजेंसी रूम में कार्यरत मेडिकल ऑफिसर की ओर से व्यक्ति का नाम, उम्र, लिंग, पता, मोबाइल नंबर, पहचान पत्र, बैंक डिटेल इत्यादि की जानकारी निर्धारित फॉर्म में भरी जाएगी। मेडिकल ऑफिसर के अतिरिक्त संबंधित थानाधिकारी/उपखण्ड मजिस्ट्रेट द्वारा भी नेक इंसान को इस योजना का लाभ दिलाने की अनुशंसा निदेशक, जन स्वास्थ्य, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाएं को दुर्घटना के तीन दिवस के अंदर की जाएगी। दुर्घटना में घायल व्यक्ति को निकटतम राजकीय अथवा निजी अस्पताल में पहुंचाने वाले भले व्यक्ति के साथ सम्मानजनक व्यवहार करने एवं उसकी इच्छानुसार तत्काल अस्पताल से जाने की अनुमति होगी। यदि घायल व्यक्ति गंभीर श्रेणी का है तो उसकी मदद करने वाले वाले भले व्यक्ति को दस हजार रूपए एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान किया जाएगा। वहीं एक से अधिक भले व्यक्ति होने की स्थिति में सभी को प्रशस्ति पत्र एवं पुरस्कार राशि सभी को समान रूप से विभाजित की जाएगी। भले व्यक्ति द्वारा सामान्य घायल व्यक्ति को अस्पताल पहुंचाने पर केवल प्रशस्ति पत्र दिया जाएगा।

## रक्तदान शिविर कर जन्म दिन को प्रेरणा दिवस मनाया

बढ़ता राजस्थान

**राजसमंद (सुरेश बागोरा)।** भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी जिला शाखा द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में रक्तदान जागृति अभियान की शुरुआत संत बंटे लोकपाल नाग एवं संरक्षक पूर्व विधायक बंशीलाल गहलोत ने मंत्रोच्चार के साथ किया। प्रवक्ता सुरेश भाट ने बताया कि ग्रामीण क्षेत्रों में रक्तदान की जागरूकता अभियान के तहत स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन उपस्थित समस्त ग्रामवासी भामा खेड़ा के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर किया। मानद सचिव बृजलाल कुमावत ने बताया कि रक्तदान प्रक्रिया प्रदर्शन शिविर में 7 व्यक्तियों ने पहली बार रक्तदान किया वहीं 25 व्यक्तियों ने जरूरत पडऩे पर रक्तदान करने का संकल्प व्यक्त किया। चेयर मेन कुलदीप शर्मा के जन्म दिन पर आयोजित ग्रामीण अंचल में रक्तदान जागृति एवं 70 से अधिक महिला पुरुष का स्वास्थ्य जांच की गई मानद सचिव बृजलाल कुमावत ने ग्राम के युवाओं को रक्तदान करने से फायदे एवं रक्तदान करने की प्रक्रिया प्रदर्शन के बारे में विस्तार से बताया । शिविर में शिविर प्रभारी डॉक्टर यशवंत रेगर, पूर्व विधायक बंशीलाल गहलोत, चेयर मेन कुलदीप शर्मा, मानद सचिव बृजलाल कुमावत, संयुक्त सचिव दीपचंद गाडरी, रमेश सिंह चारण , गोपाल लाल सरगरा, प्रहलाद राय मूंदड़ा, हर्षवर्धन सिंह भाटी , सुरेंद्र सिंह रांकावत, कमल शर्मा, आदि उपस्थित रहे ।तकनीशियन राधे श्याम सुखवाल, सुरेश सालवी,मुकेश कुमावत , दीपक रैगर, सुमित सुखवाल,आरती, दीपक वैष्णव,अनिल खटीक आदि ने ब्लड ग्रुप, शुगर, बी पी एवं स्वास्थ्य की जांच में सहयोग किया।

## 9 दिन से लापता युवक की हत्या का खुलासा, तीन आरोपी गिरफ्तार

### जांच अधिकारी लाइन हाजिर, आरोपियों को 2 दिन के पीसी रिमांड पर भेजा

बढ़ता राजस्थान



**राजसमंद (सुरेश बागोरा)।** जिले के कांकरोली थाना क्षेत्र के उपनगर धोइंदा से 9 दिन पूर्व लापता हुए युवक हरीश जोशी की हत्या के मामले में पुलिस ने बड़ा खुलासा करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। मामले को लेकर गुरुवार को सर्व समाज द्वारा कलेक्ट्रेट पर उग्र प्रदर्शन किया गया था। जन आक्रोश को देखते हुए पुलिस ने देर रात कार्रवाई करते हुए तीनों नामजद आरोपियों को हिरासत में लिया।कांकरोली थानाधिकारी सरोज बैरवा ने बताया कि आरोपियों ने वारदात के दिन हरीश जोशी को नाथद्वारा रोड पर बुलाया और वहां से गास क्षेत्र में ले जाकर गला दबाकर उसकी हत्या कर दी। इसके बाद शव को कुएं में फेंक दिया गया।

पुलिस ने प्रारंभिक जांच में दो आरोपियों को हिरासत में लेकर सख्ती से पूछताछ की, जिनकी निशानदेही पर तीसरे आरोपी को भी गिरफ्तार किया गया। तीनों आरोपियों को शुक्रवार को न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उन्हें हत्या में प्रयुक्त साधनों की बरामदगी और आगे की पूछताछ के लिए दो दिन के पुलिस कस्टडी रिमांड पर भेजा गया है। वहीं इस पूरे मामले में जांच में लापरवाही बरतने के आरोप में जांच अधिकारी जले सिंह को लाइन हाजिर कर दिया गया है। पुलिस का कहना है कि मामले की गहनता से जांच की जा रही है और अन्य पहलुओं पर भी पड़ताल जारी है।

## खिलाड़ियों के लिए हों बेहतर सुविधाएं, बने खेल स्टेडियम : शेखावत

बढ़ता राजस्थान



**बानसूर(धीरज मौर्य)।** बानसूर विधास्रयक देवीसिंह शेखावत ने गुरुवार को जयपुर में प्रदेश के खेल मंत्री राज्यवर्धन राठौड़ से शिष्टाचार भेंट कर विधानसभा क्षेत्र से जुड़े विकास कार्यों को लेकर विस्तार से चर्चा की। इस दौरान विधायक ने बानसूर क्षेत्र में खेल सुविधाओं के अभाव की ओर ध्यान आकर्षित करते हुए आगामी राज्य बजट में खेल स्टेडियम की स्वीकृति की मांग रखी। विधायक देवीसिंह शेखावत ने मंत्री को बताया कि बानसूर क्षेत्र में खेल प्रतिभाओं की कोई कमी नहीं है। यहां के युवा कबड्डी, कुश्ती, क्रिकेट, एथलेटिक्स सहित विभिन्न खेलों में जिला व राज्य स्तर पर अपनी पहचान बना चुके हैं। इसके बावजूद क्षेत्र में आधुनिक खेल स्टेडियम नहीं होने के कारण खिलाडियों को अभ्यास और प्रतियोगिताओं की तैयारी में भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है। खिलाडियों को मजबूरी में आसपास के कस्बों और जिलों में जाना पड़ता है, जिससे समय और संसाधनों दोनों की हानि होती है। विधायक ने कहा कि यदि बानसूर में एक आधुनिक खेल स्टेडियम का निर्माण होता है तो इससे क्षेत्र के युवाओं को बेहतर प्रशिक्षण, सुविधाएं और मंच मिलेगा। साथ ही ग्रामीण प्रतिभाओं को आगे बढऩे का अवसर प्राप्त होगा और खेलों के प्रति युवाओं का रुझान और अधिक बढ़ेगा। स्टेडियम बनने से क्षेत्र में खेल गतिविधियों को बढ़ावा मिलने के साथ-साथ रोजगार के अवसर भी सृजित होंगे। खेल मंत्री राज्यवर्धन राठौड़ ने विधायक की मांग को गंभीरता से सुना और सकारात्मक आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार खेलों के विकास और खिलाडियों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है। बजट के दौरान बानसूर की मांगों पर विचार किया जाएगा। मुलाकात को क्षेत्र के लिए महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

- जेके मोड़ पर कार्यकर्ताओं ने लिया जन-जन तक पहुंचने का संकल्प

## हिंदू सम्मेलन की तैयारियों ने पकड़ा जोरः राजसमंद में द्वारकेश बस्ती कार्यालय का शुभारंभ

बढ़ता राजस्थान



**राजसमंद (सुरेश बागोरा)।** शहर की द्वारकेश बस्ती द्वारा आगामी 18 जनवरी 2026 को आयोजित होने वाले भव्य हिंदू सम्मेलन की तैयारियों के निमित्त कार्यालय का विधिवत शुभारंभ किया गया। जेके मोड़ स्थित शशि गेस्ट हाउस के पास खोले गए इस कार्यालय के उद्घाटन अवसर पर समाज के विभिन्न वर्गों के नागरिक और कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत अतिथियों द्वारा भारत माता और भगवान श्री राम के चित्र के समक्ष पुष्प अर्पित कर एवं दीप प्रज्वलन के साथ की गई। उद्घाटन के पश्चात आयोजित बैठक में आगामी सम्मेलन की रूपरेखा साझा की गई। उपस्थित वक्ताओं ने सम्मेलन के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि इस कार्यक्रम की जानकारी घर-घर तक पहुँचाई जाए और अधिक से अधिक समाजजनों को इस महाकुंभ से जोड़ा जाए। कार्यालय उद्घाटन अवसर पर द्वारकाधीश मंदिर के सलाहकार डॉ जयेश कुमार शाह, देवकृष्ण शास्त्री, फतेह चंद सामसुखा, मोहन सुथार और मीठालाल शर्मा विशेष रूप से उपस्थित रहे। अतिथियों ने एकता और संगठन की शक्ति पर बल देते हुए सम्मेलन को ऐतिहासिक बनाने की बात कही। कार्यक्रम में द्वारकेश बस्ती के प्रबुद्ध नागरिकों के साथ-साथ मातृशक्ति की भी सक्रिय भागीदारी रही। सभी कार्यकर्ताओं ने सम्मेलन के सफल क्रियान्वयन हेतु अपनी-अपनी जिम्मेदारियां संभालीं और उत्साह व्यक्त किया। कार्यालय के शुरू होने से अब सम्मेलन की गतिविधियों और जनसंपर्क अभियान में तेजी आएगी।

## अपर जिला एवं सैशन न्यायाधीश,भवानीमंडी ने किया रैन बसेरों का औचक निरीक्षण

बढ़ता राजस्थान

**भवानीमण्डी,(अब्दुल सलीम मंसूरी)।** दिनांक 08 जनवरी 2026 को राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, झालावाड़ के निर्देशानुसार भवानीमंडी ताल्लुका अध्यक्ष, गौरव शर्मा (अपर जिला एवं सैशन न्यायाधीश) ने भवानीमंडी नगरपालिका द्वारा संचालित रैन बसेरों का ओचक निरीक्षण किया। रैन बसेरों में विश्राम हेतु रुकने वाले आमजन को मिलने वाली मौसमानुकूल समस्त आवश्यक व्यवस्थाओं का जायजा लिया। पर्याप्त मात्रा में दरी, गद्दे, चादर, बिस्तर, तकिया, कम्बल, रजाई, पीने के पानी, न्यूनतम दरों पर भोजन व्यवस्था, पुरुषों और महिलाओं के लिए पृथक - पृथक एवं समुचित व्यवस्था, साफ सफ़ाई व्यवस्था आदि का निरीक्षण किया। रैन बसेरों में संधारित रजिस्टरों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान रैन बसेरों में उचित साफ- सफाई, बिजली, अग्निशमन यंत्र की व्यवस्था नहीं पाई जाने पर नाराजगी जाहिर की और संबंधित को निर्देशित किया। साथ ही अन्नपूर्णा रसोई में बनने वाले भोजन और साफ - सफाई व्यवस्था का जायजा लिया। आगंतुकों को गुणवत्तापूर्ण भोजन कराने हेतु निर्देशित किया गया।



## महाराजा श्रीअग्रसेन सोशल ग्रुप कोटा संभाग ने राख व अस्थियां गायब होने पर जताया आक्रोश



बढ़ता राजस्थान

**कोटा, (विनोद गौड़)।** महाराजा श्रीअग्रसेन सोशल ग्रुप कोटा संभाग ने नयापुरा मुक्तिधाम से मृतक की राख व अस्थियां गायब होने की घटना पर गहरा आक्रोश व्यक्त किया है। संभागीय अध्यक्ष परमानंद गर्ग ने बताया कि समाज के एक सभ्रांत परिवार की 88 वर्षीय कमला देवी का 6 जनवरी को नयापुरा मुक्तिधाम में अंतिम संस्कार किया गया था। गुरुवार को तिया की रस्म के लिए परिजन जब मुक्तिधाम पहुंचे तो चिता से अस्थियां गायब मिलीं, जिससे परिजनों व समाजजनों में रोष फैल गया। परिजनों ने श्मशान के गार्ड से जानकारी चाही, लेकिन गार्ड द्वारा अभद्रता किए जाने का आरोप लगाया गया। परिजनों का कहना है कि अंत्येष्टि की सुरक्षा के नाम पर 500 रुपये वसूले जाते हैं, फिर भी अस्थियां सुरक्षित नहीं रहीं। मामले को लेकर राजाराम जैन कर्मयोगी ने नयापुरा थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। समाज की ओर से शनिवार को संभागीय आयुक्त, जिला कलेक्टर व आईजी को ज्ञापन सौंपकर दोषियों पर सख्त कार्रवाई की मांग की जाएगी।

## वैश्य इंटरनेशनल एसोसिएशन ने मुकेश विजयवर्गीय को राजस्थान का सह-प्रभारी नियुक्त किया

बढ़ता राजस्थान

**कोटा/नई दिल्ली (विनोद गौड़)।** वैश्य इंटरनेशनल एसोसिएशन ने संगठन के विस्तार एवं सामाजिक सेवा गतिविधियों को सुदृढ़



करने के उद्देश्य से कोटा निवासी समाजसेवी मुकेश विजयवर्गीय को राजस्थान राज्य का सह-प्रभारी (को-हेड ऑफ स्टेट) नियुक्त किया है। यह नियुक्ति ङ्कढ्ढ के बोर्ड चेयरमैन एवं केंट आरओ सिस्टम के एमडी महेश गुप्ता द्वारा संस्थापक समिति की अनुशंसा पर की गई है। नियुक्ति पत्र में विजयवर्गीय को प्रदेश में सदस्यता अभियान को गति देने, राज्य स्तरीय टीम के गठन तथा मार्च 2026 से पूर्व राज्य सम्मेलन आयोजित करने की जिम्मेदारी सौंपी गई है। साथ ही व्यापार, शिक्षा एवं चिकित्सा जैसे क्षेत्रों में आर्थिक संकट से जूझ रहे जरूरतमंद परिवारों की पहचान कर उन्हें सहयोग उपलब्ध कराने का दायित्व भी दिया गया है। मुकेश विजयवर्गीय ने राष्ट्रीय नेतृत्व का आभार जताते हुए कहा कि वे शिक्षा, स्वास्थ्य, कौशल विकास, कानूनी सहायता तथा महिला व युवा सशक्तिकरण से जुड़े कार्यक्रमों को राजस्थान में मजबूती से आगे बढ़ाएंगे।

## एडवोकेट अभिषेक पाठक सोशल मिडिया प्रभारी नियुक्त

बढ़ता राजस्थान



**कोटा,(विनोद गौड़)।** अभिभाषक परिषद की ओर से एडवोकेट अभिषेक पाठक को सोशल मिडिया प्रभारी नियुक्त किया गया। परिषद के अध्यक्ष भारत सिंह अड़सेला व महासचिव शम्भू सोनी ने बताया कि अभिभाषक परिषद की कार्यकारिणी द्वारा सर्वसम्मति से एडवोकेट अभिषेक पाठक को सोशल मिडिया प्रभारी नियुक्त किया है।

## बूंदी में आज न्यायिक कार्य पूरी तरह ठपः वकील निकालेंगे रैली, सेशन जज को सौंपेंगे ज्ञापन

बढ़ता राजस्थान

**बूंदी (अनन्त दाधीच)।** अभिभाषक परिषद ने अपनी विभिन्न लंबित मांगों को लेकर आज, 9 जनवरी 2026 को पूर्ण रूप से न्यायिक कार्य स्थगित रखने का निर्णय लिया है। परिषद के इस आह्वान को स्टाम्प वेंडर और टाइपिस्ट संघ ने भी अपना समर्थन देते हुए काम बंद रखने का फैसला किया है। अभिभाषक परिषद के पदाधिकारियों के अनुसार, दोपहर 12.00 बजे सभी अधिवक्ता परिषद कक्ष के सामने एकत्रित होंगे। यहाँ से अध्यक्ष नारायण सिंह गौड़, उपाध्यक्ष अनीस अहमद और सचिव पंकज दाधीच के नेतृत्व में सभी वकील एक विशाल रैली के रूप में रवाना होंगे और जिला एवं सेशन जज (बूंदी) को न्यायाधिपति, जयपुर के नाम ज्ञापन सौंपेंगे। अधिवक्ताओं के विरोध के मुख्य कारण निम्नलिखित हैं- रात्रि कालीन अदालत का विरोध- उच्च न्यायालय जयपुर द्वारा शुरू किए गए पायलट प्रोजेक्ट के तहत रात्रि कालीन अदालत संचालन के फैसले का विरोध। क्षेत्राधिकार की रक्षा: इंदरगढ़ और लाखेरी के न्यायिक कार्य का क्षेत्राधिकार यथावत बूंदी में ही रखने की मांग।

## वर्धमान महावीर खुला विश्वविद्यालय में विशेष व्याख्यान

# केन्द्र सरकार बिना समय व्यतीत किए अपेक्षित कदम उठाए-विधानसभा अध्यक्ष

**बांग्लादेश में लोकतांत्रिक प्रणाली तहस-नहस मानवाधिकार हनन का दावा करने वाले देश इस मुद्दे पर चुप क्यों**

बढ़ता राजस्थान

**कोटा, (का.स.)।** विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने गुरुवार को वर्धमान महावीर खुला विश्वविद्यालय में 'बांग्लादेश में मानवाधिकार एवं लोकतंत्र' विषय पर आयोजित विशेष व्याख्यान में मुख्य वक्ता के रूप में संबोधित करते हुए कहा कि 1971 में शेख मुजीबुर्रहमान के नेतृत्व में हुए आंदोलन के बाद तत्कालीन पूर्वी पाकिस्तान एक नए देश के रूप में बांग्लादेश बना। बांग्लादेश को एक स्वतंत्र देश के रूप में स्थापित करने में भारत का बहुत बड़ा योगदान था। तब से लेकर बांग्लादेश को भारत की ओर से हमेशा मदद की जाती रही है, लेकिन हाल में घटित कुछ घटनाक्रमों के बाद बांग्लादेश में लोकतांत्रिक प्रणाली तहस-नहस हो चुकी है। वहां किसी सरकार के होने की भी कोई अनुभूति नहीं है। उन्होंने कहा कि बांग्लादेश में चुनावों की घोषणा जरूर हुई है लेकिन वहां यह चुनाव स्वतंत्र होंगे, इसकी संभावना नगण्य है। श्री देवनानी ने कहा कि बांग्लादेश में अल्पसंख्यक हिन्दुओं पर अत्याचार हो रहे हैं। उनकी संपत्तियां लुटी जा रही हैं और उनकी हत्या की घटनाएं भी मीडिया के माध्यम से सामने आई हैं। उन्होंने कहा कि बांग्लादेश के इस घटना क्रम पर विश्व के कई देशों ने चुप्पी साध रखी है। उन्होंने पूछा कि बांग्लादेश में मानवाधिकारों के हनन पर विश्वभर में मानवाधिकार पर बोलने वाले देश एवं अन्तर्राष्ट्रीय संस्थाएं चुप क्यों हैं। विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि इन परिस्थितियों में हमारा दायित्व बनता है कि हमारे सबसे निकटतम पड़ोसी जिसे एक स्वतंत्र देश के रूप में स्थापित करने में भारत की महत्वपूर्ण भूमिका रही है वहां अल्पसंख्यक हिन्दुओं पर हो रहे अत्याचार के खिलाफ आवाज उठाई जाए। उन्होंने कहा कि बांग्लादेश में वर्ष 2025 में मंदिरों पर हमले, घरों में आगजनी, संपत्ति लुटना एवं अल्पसंख्यक हिन्दुओं पर हमले जैसी 258 घटनाएं हुई हैं। ऐसे में हमारा दायित्व बनता है कि लोकतंत्र और मानवाधिकारों के हनन पर विश्व पटल पर अपनी बात रखते हुए वहां अल्पसंख्यक हिन्दुओं को बचाने के प्रयास किए जाएं। विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कुशल नेतृत्व में भारत देश आज विश्व की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन चुका है। विश्व के देशों को साथ में लेते हुए बांग्लादेश के अल्पसंख्यकों की रक्षा के लिए उचित कदम उठाना पड़ोसी देश होने के नाते हमारा कर्तव्य बनता है। अल्पसंख्यक होने के कारण बांग्लादेश में हिन्दुओं पर अत्याचार असहनीय है। वहां भीड़तंत्र स्थापित हो चुका है जिस पर सेना का भी प्रभावी नियंत्रण नहीं है। आज की स्थिति में वहां चुनाव हुए तो ये चुनाव निष्पक्ष होंगे, इसमें संदेह है। संयुक्त राष्ट्र संघ अथवा अन्य किसी स्वतंत्र एजेंसी की निगरानी में ये चुनाव करवाए जाएं ताकि वहां लोकतंत्र को बचाया जा सके। देवनानी ने ऐसे गंभीर विषय पर चर्चा आयोजित करने के लिए वर्धमान महावीर खुला विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो. बीएल वर्मा को साधुवाद दिया। उन्होंने विश्वविद्यालय के डिजिटल न्यूज लेटर मीरा का भी विमोचन किया। विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो. बीएल वर्मा ने विशेष व्याख्यान के विषय पर प्रकाश डालते हुए बांग्लादेश में मानवाधिकारों के हनन एवं लोकतंत्र के समक्ष उपस्थित चुनौतियों से निपटने के लिए विश्व समुदाय से हस्तक्षेप का आह्वान किया। कार्यक्रम की शुरुआत में प्रो. सुबोध कुमार जैन ने अतिथियों का स्वागत किया। अंत में प्रो. सुनीता चौधरी ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

## विधानसभा अध्यक्ष देवनानी का कोटा आगमन पर भव्य स्वागत

बढ़ता राजस्थान



**कोटा,(विनोद गौड़)।** राजस्थान विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी के गुरुवार को कोटा आगमन पर कोटा दक्षिण विधायक संदीप शर्मा, भाजपा जिलाध्यक्ष राकेश जैन एवं कोटा दक्षिण नगर निगम नेता प्रतिपक्ष विवेक राजवंशी के नेतृत्व में बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ताओं ने उनका भव्य स्वागत किया। इस अवसर पर भाजपा नेताओं ने देवनानी को दुपट्टा एवं साफा पहनाकर तथा पुष्पगुच्छ भेंट कर अभिनंदन किया। विधानसभा अध्यक्ष देवनानी प्रातः जयपुर से सडक़ मार्ग द्वारा कोटा पहुंचे। सर्किट हाउस में उन्होंने जनप्रतिनिधियों एवं आमजन से मुलाकात की। उन्होंने कहा कि देश में राजस्थान विधानसभा सदैव अग्रणी भूमिका निभाती रही है और इसे और अधिक प्रभावी बनाने के लिए प्रमुख शासन सचिवों एवं मुख्य सचिव के साथ बैठक कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि कार्यपालिका को विधायिका के प्रति जवाबदेह रहना होगा तथा विधायकों द्वारा विधानसभा में उठाए गए जनहित के मुद्दों पर समयबद्ध एवं त्वरित उत्तर सुनिश्चित किए जाएंगे। इस अवसर पर पूर्व जिलाध्यक्ष हेमंत विजय, जिला महामंत्री शैलेन्द्र ऋषि, जिला उपाध्यक्ष रितेश चित्तौड़ा, नेता खंडेलवाल, युधिष्ठिर खटाणा, पन्नालाल बंजारा, सतीश चौधरी, सरोज वर्मा, अंता प्रधान प्रखर कौशल सहित अनेक भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## सीएमएचओ नागर के निर्देशन मे चल रहे है जीवन रक्षक प्रशिक्षण शिविर

ईएसआई औषधालय में सीपीआर से जान बचाने के तरीके सिखाए



बढ़ता राजस्थान

**कोटा,(विनोद गौड़)।** कर्मचारी राज्य बीमा औषधालय संख्या-3, विज्ञान नगर में गुरुवार को जीवन रक्षक तकनीक पर आधारित एक महत्वपूर्ण चिकित्सा प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया गया। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. नरेंद्र नागर के निर्देशानुसार आयोजित शिविर में चिकित्सकों, नर्सिंग स्टाफ, अन्य कर्मचारियों तथा रोगियों के परिजनों को हृदय-फेफड़ा पुनर्जीवन (सीपीआर) का व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षक डॉ. मो. यावर खान ने बताया कि अचानक हृदय गति रुकने की स्थिति में छाती को सही तरीके से दबाकर और कृत्रिम सांस देकर मरीज की जान बचाई जा सकती है। प्रशिक्षण के दौरान रोगियों और उनके तीमारदारों ने भी तकनीक का अभ्यास किया। कार्यक्रम में चिकित्सा अधिकारी प्रभारी डॉ. रमेश मीणा, डॉ. दुर्गा शंकर सैनी सहित नर्सिंग स्टाफ मौजूद रहा। विशेषज्ञों ने कहा कि सीपीआर का ज्ञान आम नागरिकों को आपात स्थिति में प्रथम सहायक बनने में सक्षम बनाता है।

## पुलिस थाना भवानीमंडी द्वारा बकरीयां चोरी की वारदात मे फरार आरोपी समीर को किया गिरफ्तार

बढ़ता राजस्थान

**भवानीमण्डी,(अब्दुल सलीम मंसूरी)।** जिला पुलिस अधीक्षक अमित कुमार ने बताया कि जिले में चोरी की घटनाओ को गंभीरता से लेते हुये जिले में सभी थानाधिकारीयों को थाना स्तर पर टीम गठित कर आपराधिक प्रवृतियों के बदमाशान को चिहिन्त कर आपराधियों की धरपकड हेतु विशेष अभियान चला रखा है। जिसके अन्तर्गत पुलिस थाना भवानीमंडी द्वारा थाना हाजा पर विशेष टीमों का गठन किया गठित टीम द्वारा बकरीयां चोरी करने वाले शातिर अभियुक्त को गिरफतार करने मे महत्वपुर्ण सफलता अर्जित की है। थानाधिकारी प्रमोद कुमार ने बताया हे कि दिनांक 01 दिसम्बर 2025 को फरियादी बालचन्द पुत्र पुरालाल जाति मेहर उम्र 56 साल निवासी गंगपुरा का खेडा थाना भवानीमण्डी जिला झालावाड (राज0) ने उपस्थित थाना होकर एक प्रार्थना पत्र इस आशय का पेश किया कि दिनांक 26 नवम्बर 2025 को मेरी पत्नी घर से बकरिया चराने गई थी। वहा पर हमारे गांव के श्यामसिह पुत्र सुरसिह की बकरिया भी चर रही थी। उसी समय एक सफेद कार मे 3-4 व्यक्ति आये जिन्होने मौका पाकर हमारी 6 बकरियां चुराकर ले गये। इत्यादि पर प्रकरण दर्ज कर अज्ञात मुलजिमान व माल की तलाश पतारसी प्रारम्भ की गयी। कार्यवाही पुलिस में जिला पुलिस अधीक्षक अमित कुमार व भागचन्द मीणा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक झालावाड के निर्देशन एवं प्रेमकुमार आरपीएस वृताधिकारी वृत भवानीमंडी के निकटतम सुपरविजन में प्रमोद कुमार पु.नि. थानाधिकारी थाना भवानीमंडी के नेतृत्व में टीमो का गठन किया गया।

## रावतभाटा राणा पूजा बस्ती का विशाल हिंदू सम्मेलन की कार्य योजना को लेकर समाज की बैठक संपन्न

बढ़ता राजस्थान



**रावतभाटा(नि.स.)।** विशाल हिंदू सम्मेलन को लेकर राणा पूजा बस्ती की बैठक नारायणपुरी आश्रम में आयोजित की गई । बैठक में शोभा यात्रा को भव्य स्वरूप देने के निमित्त गणेश नगर, बालाजी नगर, बाड़ोलिया पुराना बाजार न.1-2 हॉट चौक क्षेत्र क्षत्रिय प्रताप कॉलोनी बुध विहार बस्ती कुमारमोहल्ला राम टेकरी के सामने वाली बस्ती क्षेत्र हिंगलाज माता मंदिर से जनशक्ति एकत्रित होकर भव्य शोभा यात्रा आयोजित करने का निर्णय लिया । शोभायात्रा में मातृशक्ति के रूप में महिलाएं कलश यात्रा के साथ सम्मिलित होगी इसमें प्रथम शोभायात्रा बाड़ोलिया से प्रारंभ होकर द्वितीय शोभायात्रा गणेश नगर बालाजी नगर से होकर तृतीय शोभायात्रा अनोखे राज हनुमान मंदिर एवं चौथी शोभायात्रा रामटेकरी हनुमान मंदिर से प्रारंभ होकर भव्य शोभायात्रा नारायणपुरी आश्रम में संपन्न होगी उसके बाद धर्म सभा का आयोजन किया जाएगा सर्व सनातन समाज में निर्णय लिया कि प्रत्येक शोभायात्रा में 500 मातृशक्ति की उपस्थिति होनी चाहिए इसको लेकर अलग-अलग उपसमितियां गठित की गई । उप समितियां के माध्यम से प्रत्येक गली मोहल्ले में मात्रशक्तियों की बैठकर आयोजित की जाएगी। प्रत्येक हिंदू घर में इसका संदेश देकर सामाजिक समरसता भोज का आयोजन भी किया जाएगा । बैठक में भंवर सिंह खींची, चंद्रसिह भाटी, सुरेश चंद शर्मा महावीर प्रसाद चौधरी, हरीश राठौर, बसंत गवारिया, ओमप्रकाश भाभी, गजेंद्र सिंह जगपुरा, नवनीत पुरोहित, चैन सिंह चौहान, सत्यनारायण, दशरथ सिंह चुंडावत, अर्जुन सिंह शक्तावत, कैलाश कारपेंटर, ओम प्रकाश शर्मा, गोपाल पवन शर्मा, अशोक राठौड़, शांतिलाल धाकड़, अरुण बिश्नोई, पवन सेन ,अशोक राठौड़, सत्यनारायण, अशोक धाकड़ , सहित गणमान्य बस्तीवासि उपस्थित रहे।

**अखिलेश गुजराती के कब्जे से एक मोटरसाईकिल एवं एक कार को पुलिस ने किया जप्त**

# लोन फोरक्लॉज के बहाने धोखाधड़ी में फरार आरोपी मयंक वशिष्ठ को पुलिस ने किया गिरफ्तार

बढ़ता राजस्थान



**भवानीमण्डी,(अब्दुल सलीम मंसूरी)।** जिला पुलिस अधीक्षक अमित कुमार ने बताया कि वर्तमान में बढ़ते हुये साइबर एवं अन्य धोखाधड़ी के अपराधों पर प्रभावी अंकुश लगाने एवं अपराध में संलिप्त व्यक्तियो के विरूद्व प्रभावी कानुनी कार्यवाही हेतु सभी थानाधिकारीयो को थाना स्तर पर टीम गठित कर कार्यवाही हेतु विशेष अभियान चला रखा है। जिसके अन्तर्गत पुलिस थाना भवानीमंडी द्वारा थाना हाजा पर विशेष टीम का गठन किया गया गठित टीम द्वारा लोन फोरक्लॉज करवाने के नाम पर धोखाधडी करने वाले में फरार आरोपी मयंक वशिष्ठ को गिरफतार कर पुर्व में गिरफतार शुदा आरोपी अखिलेश गुजराती के कब्जे सें एक मोटरसाईकिल व एक कार को जप्त करने में महत्वपुर्ण सफलता अर्जित की है। थानाधिकारी प्रमोद कुमार ने बताया हे कि दिनांक 04 जनवरी 2026 प्रार्थी ओमप्रकाश आत्मज नाथुलाल मेहर निवासी भवानीमण्डी ने उप थाना होकर एक प्रार्थना पत्र इस आशय का पेश किया कि दिनांक 2 नवम्बर 2022 को प्रार्थी लोन लेने के लिये अखिलेश गुजराती एवं एक अन्य व्यक्ति मयंक वशिष्ठ उर्फ राहुल शर्मा मिला जिन्होने ऑनलाईन एप्लीकेशन मनीव्यु ऐप (को-पार्टनर पिरामल फाईनेस) माध्यम से 4,85,000/- रूपये का लोन दिलवाया था कुछ समय बाद लोन बंद करवाने के नाम पर दोनो ने मिलकर मेरे से धोखाधडी पुर्वक करीबन 7 लाख रूपये ले लिये उसके बाद मेरा लोन बंद का स्टेट्स चेक करने के बहाने से मोबाईल फोन लेकर री-फाईन ऐपलिकेशन के माध्यम से 78,112 रूपये एडवांस सेलेरी उठाकर अपने खातो में ट्रांसफर कर ली इत्यादी घटना पर प्रकरण दर्ज किया गया। कार्यवाही पुलिस में जिला पुलिस अधीक्षक अमित कुमार व भागचंद मीणा अतिरिक्त पुलिस अधिक्षक झालावाड के निर्देशन एवं प्रेमकुमार आरपीएस वृताधिकारी वृत भवानीमंडी के निकटतम सुपरविजन में प्रमोद कुमार पु.नि. थानाधिकारी थाना भवानीमंडी के नेतृत्व में टीम का गठन किया गया। गठित टीम द्वारा प्राप्त आसुचना व तकनीकी विश्लेषण द्वारा फरियादी के साथ लोन फोरक्लॉज करवाने के नाम पर लाखो रूपये की धोखाधडी करने वाले प्रकरण में फरार आरोपी मयंक वशिष्ट उर्फ राहुल शर्मा पुत्र गिरिराज वशिष्ट जाति ब्राहमण उम्र 27 साल निवासी साहिवाला की गली, मीरा पार्क के सामने भट्टियानी चोहट्टा, गिर्वा उदयपुर, शास्त्री सिक्लें उदयपुर पुलिस थाना सूरजपोल जिला उदयपुर (राज.) हाल निवासी भैंसोदामण्डी पुलिस थाना भानपुरा जिला-मंदसौर (म.प्र.) को गिरफतार किया जाकर प्रकरण में पुर्व में गिरफतार शुदा आरोपी अखिलेश गुजराती के कब्जे सें एक मोटरसाईकिल व एक कार को जप्त किया।

# पहाड़ो से आने वाली बर्फीली हवाओं ने बढ़ाई गलन भरी सर्दी

## - लोगो ने दिया चिल्ला जाड़े का नाम,इस मौसम का सबसे ठंडा दिन रहा गुरुवार
## - फसलो को पाला लगने की आशंका, अलाव के सहारे सर्दी से बचने का प्रयास

बढ़ता राजस्थान

**बाड़ी ( राजू शर्मा )।** पहाड़ों से आने वाली बर्फीली हवाओं ने क्षेत्र में ऐसा डेरा जमाया है कि कड़ाके की सर्दी से लोगों को राहत नहीं मिल रही। गुरुवार इस सीजन का सबसे ठंडा दिन दर्ज किया गया है। जिसमे न्यूनतम तापमान 3 डिग्री सेंटीग्रेड और अधिकतम तापमान 14 से 15 डिग्री सेंटीग्रेड दर्ज किया गया है। मौसम विभाग की माने तो यह सर्दी एक सप्ताह और चलने वाली है। वहीं स्थानीय लोग इस गलन भरी सर्दी में अलाव के सहारे बचते हुए नजर आ रहे हैं। स्थानीय लोगों ने इसे चिल्ला जाड़े का नाम दिया है। जिनसे मकर संक्रांति के बाद ही राहत मिलने की बात कही है।

25 दिसंबर से शुरू हुआ सर्दी का यह दौर लगातार जारी है।पिछले दो दिन से लोगों को सूर्यदेव के दर्शन नहीं हुए। ऐसे में सुबह हो या शाम हर वक्त ठंड का आलम ही नजर आ रहा है। इससे लोगों की दिनचर्या बिगड़ गई है।

जिला प्रशासन ने कड़ाके की ठंड को देखते हुए स्कूलों में एक से आठ कक्षा तक की विद्यार्थियों की 10 जनवरी तक छुट्टियां बढ़ा दी हैं लेकिन नवमी कक्षा से 12वीं कक्षा तक छात्र-छात्राओं को स्कूल पढ़ने जाने पर मजबूर होना पड़ रहा है। अभिभावकों का कहना है कि बच्चे तो बच्चे होते हैं उम्र या कक्षा से कोई फर्क नहीं पड़ता। ऐसे में छुट्टियां सभी कक्षाओं की होनी चाहिए। कृषि विभाग के सहायक कृषि अधिकारी राममुकुट गुर्जर ने बताया कि यह कड़ाके की ठंड फसल के लिए वरदान है। इस ठंड से गेहूं के पौधे की वृद्धि होगी जिससे पुष्पम के बाद अच्छी पैदावार होने की उम्मीद है। सर्दी का मौसम 40 दिन फसल की दृष्टि में होना चाहिए। जिससे पैदावार अच्छी होती है। वही सरसों की फसल में पुष्पम का दौर चल रहा है। जिसके लिए भी सर्दी फायदेमंद बताई गई है। आलू सहित सब्जियों के लिए सर्दी इस सर्दी में पाला पड़ने की आशंका है। जिसके लिए खेतों में पानी देने की सलाह दी गई है।



# असहाय,लावारिस, बेसहारा पीड़ितों के लिए चलाया विशेष रेस्क्यू अभियान, हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

**अब तक 10 प्रभुजी रेस्क्यू किये, अपना घर आश्रम में होगा इलाज**



बढ़ता राजस्थान

धौलपुर, (राजू शर्मा)। आश्रयहीन, असहाय, लावारिस, बेसहारा, विक्षिप्त, जरूरतमंद,बीमार पीड़ित मुक्त अभियान के अंतर्गत अपना घर आश्रम बाड़ी की ओर से धौलपुर एवं मुरैना जिले केआस-पास के ग्रामीण क्षेत्रों में विशेष रेस्क्यू अभियान चलाया जा रहा है जिसे श्याम सुंदर एवं विकास प्रभुजी के द्वारा अपना घर की एंबुलेंस को हरी झंडी दिखाकर यह अभियान शुरू किया गया है । इस अभियान में अपना घर की रेस्क्यू टीम के द्वारा प्रभुजिओ को रेस्क्यू कर आवास,सेवा,उपचार एवं निशुल्क इलाज के लिए अपना घर आश्रम में भर्ती किया जा सकेगा ।

अपना घर आश्रम के अध्यक्ष सुनील गर्ग कंपनी परिवार ने बताया कि अपना घर की एंबुलेंस के माध्यम से रेस्क्यू टीम के द्वारा इस अभियान के प्रथम दिन बुधवार को चार प्रभुजियों को धौलपुर मुरैना जिले से ,दूसरे दिन 06प्रभुजियों को मुरैना जिले के बस स्टैंड ,रेलवे स्टेशन इत्यादि आसपास के क्षेत्र से रेस्क्यू किया गया है अब तक 10 प्रभुजियों को रेस्क्यू किया जा चुका है ।

इस विशेष प्रभुजी रेस्क्यू अभियान सहयोग कार्य में मुकेश गोयल,कमल गोयल ,अनिल गर्ग बागथर वाले, रामेश्वर दयाल मंगल, मोहन सिंघल, नीलेश मित्तल, पवन अग्रवाल सेवा भावी कार्यकारिणी सदस्य अपना घर सेवा समिति मुरैना, नितेश प्रजापति,अमन बघेल ,राकेश उग्रसेन अपना घर आश्रम रेस्क्यू टीम के सदस्य उपस्थित रहे ।

# श्मशान घाटों के जीर्णोद्धार के लिए गुप्ता ने मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर दिये सुझाव

**नगर निगम स्वयंसेवी संस्थाओं का ले सहयोग , पदाधिकारियों के साथ बैठक करे आयोजित**

बढ़ता राजस्थान



**भरतपुर,( घनश्याम अवस्थी )।** भरतपुर शहर के शमशान घाटों के जीर्णोद्धार एवं नियमित साफ सफाई के लिए समृद्ध भारत अभियान के निदेशक सीताराम गुप्ता ने मुख्यमंत्री को पत्र लिख सुझाव दिया है कि शमशान घाटों के विकास के लिए स्वयंसेवी, धार्मिक, व्यापारिक संस्थाओं का सहयोग लिया जा सकता है। जिसके लिए निगम आयुक्त इन संस्थाओं के पदाधिकारियों के साथ बैठक आयोजित कर उन्हें एक-एक शमशान गोद दे। संस्थाओं द्वारा शमशानों में कराये जाने वाले कार्यों में निगम पूर्व की भांति सहयोग प्रदान करे। शमशानों के विकास एवं समस्याओं के सम्बन्ध में प्रतिमाह बैठक आयोजित हो। गुप्ता द्वारा लिखे गये पत्र में दु:ख व्यक्त किया है कि भरतपुर शहर के प्रमुख शमशान घाट पर कार की हैड लाइट के उजाले में अंतिम संस्कार किया गया। यह स्थिति केवल अव्यवस्था का उदाहरण नहीं है बल्कि मानव गरिमा, मानवीय मूल्यों व प्रशासनिक संवेदनशीलता पर गहरा आघात है। गुप्ता ने पत्र में सुझाव दिया है कि शमशान घाटों के सम्बन्ध में होने वाली बैठक में विद्युत, पेयजल, स्वच्छता, साफ-सफाई एवं अन्य मूलभूत सुविधाओं के सम्बन्ध में विस्तृत चर्चा की जाये। इसके अलावा निगम के अधिकारियों को प्रत्येक शमशान की व्यवस्थाओं की जिम्मेदारी सौंप कर जवाबदेही तय की जाये। समृद्ध भारत अभियान के निदेशक ने पत्र में कहा है कि शमशान घाटों पर नागरिक सुविधाएं उपलब्ध कराना प्रत्येक स्वायत्तशासी संस्था एवं हम सबकी की जिम्मेदारी है। जब कोई परिवार में अपूरणीय क्षति के दु:ख से गुजर रहा होता है उससे यह अपेक्षा करना कि वह मूलभूत सुविधाओं के अभाव में भी अंतिम संस्कार सही तरीके से सम्पन्न करे, निश्चय ही यह अमानवीय है ।

## विमला चौधरी ने किया कांग्रेस जिलाध्यक्ष का सम्मान

भरतपुर,(घनश्याम अवस्थी)। महारानी किशोरी लोहागढ जाट महिला संगठन की अध्यक्ष श्रीमती विमला चौधरी के नेतृत्व में डीग के कांग्रेस जिलाध्यक्ष राजीव कुमार चौधरी का भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर पर मंगलेश, अनन्त, कमल कौर, कशमीरी, अर्चना, ललिता, मुकलेश, भावना, आरती चौधरी, प्रेमसिंह प्रजापत आदि उपस्थित रहे।



# मूक पशु-पक्षियों की सेवा ईश्वर की सेवा - डॉ. पवन शर्मा

**लायंस क्लब भरतपुर रॉयल्स ने पोषण सेवा सप्ताह में किया पशु-पक्षी सेवा कार्य**

बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर,( घनश्याम अवस्थी )।** लायंस इंटरनेशनल की प्रांतीय गतिविधि पोषण सेवा सप्ताह के अंतर्गत लायंस क्लब भरतपुर रॉयल्स द्वारा मानवीय संवेदनाओं से परिपूर्ण पशु-पक्षी सेवा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के तहत गौशाला में गौ माताओं को हरा चारा, गुड़ एवं चुनी-खल खिलाई गई, साथ ही पक्षियों के लिए दाना डाला गया।

कार्यक्रम की संयोजक श्रीमती अनुपमा शर्मा एवं डॉक्टर पवन शर्मा ने इस अवसर पर कहा कि मूक पशु-पक्षियों की सेवा सच्चे अर्थों में ईश्वर की सेवा है। ऐसे सेवा कार्य समाज में करुणा, सहअस्तित्व एवं नैतिक मूल्यों को मजबूत करते हैं। इस सेवा कार्यक्रम में क्लब संरक्षक विनोद सिंघल, जॉन चेयरपर्सन मंजू गुप्ता, क्लब अध्यक्ष बी एम गुप्ता, सचिव रमेश चंद्र वर्मा, सहित अनेक पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित रहे। सभी ने उत्साहपूर्वक सहभागिता निभाते हुए जीव-जंतुओं की सेवा का संकल्प लिया। कार्यक्रम के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण एवं जीव दया का संदेश भी समाज तक पहुंचाया गया।



# विनोद पहलवान ने राष्ट्रीय ओपन प्रतियोगिता 97 किलो रेसलिंग फ्री स्टाइल में गोल्ड मैडल जीत कर डीग का नाम किया रोशन

**दिल्ली के तालकटोरा स्टेडियम में फाइनल में नागालैंड के अंकित को 8 -3 से किया पराजित**

बढ़ता राजस्थान




**डीग ( नि.स. )।** डीग जिले के गांव बेढम निवासी होनहार पहलवान विनोद ने दिल्ली के ताल कटोरा स्टेडियम में 6 और 7 जनवरी को आयोजित ऑल इंडिया ओपन रेसलिंग प्रतियोगिता के 97 किलो फ्री स्टाइल में स्वर्ण पदक जीतकर देश में राजस्थान और डीग जिले का नाम रोशन किया है। विनोद ने 97 किलो वर्ग की फ्रीस्टाइल रेसलिंग प्रतियोगिता के फाइनल में नागालैंड के अंकित पहलवान को 8--3 से पराजित कर स्वर्ण पदक पर कब्जा कर लिया। विनोद का चयन अब देश की अंतरराष्ट्रीय पहलवानों के दल में किया गया है। पहलवान विनोद ने गत वर्ष तालकटोरा स्टेडियम दिल्ली में आयोजित ओपन रेसलिंग 86 किलो फ्रीस्टाइल में स्वर्ण पदक जीता था । तथा उसका चयन जॉर्जिया में होने वाली भारत की अंतरराष्ट्रीय टीम में हो गया था।लेकिन गत वर्ष उसे पीलिया हो जाने के कारण भी जॉर्जिया में होने वाली अंतरराष्ट्रीय रेसलिंग प्रतियोगिता में भाग नहीं ले पाया।

गांव बेढम में साधारण किसान परिवार में जन्मे विनोद के पिता देवी सिंह किसान और मां राजकुमारी गृहणी है। वह अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता और प्रारंभिक कोच पास्ता निवासी झम्मन पहलवान को देता है। उसका सपना इस बार अंतर्राष्ट्रीय रेसलिंग प्रतियोगिता में 97 किलो फ्रीस्टाइल में अपने देश के लिए स्वर्ण पदक जीत कर लाना है। विनोद ने फिलहाल रोहतक के पास रायपुर स्थित नेवी के ट्रेनिंग सेंटर पर अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए तैयारियों शुरू कर दी है।

# एक दवा निराली सिर्फ15 सेकंड की ताली

**स्वास्थ्य मंदिर आश्रम पर निशुल्क स्वास्थ्य कार्यशाला का आयोजन**

बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर,( घनश्याम अवस्थी )।** स्वास्थ्य मंदिर आश्रम महाराजसर पर निशुल्क स्वास्थ्य कार्यशाला का आयोजन किया गया। स्वास्थ्य कार्यशाला का संचालन कर रहे डॉक्टर अरुण ऋषि स्वर्गीय ने कहा की एक दवा निराली सिर्फ15 सेकंड की ताली जब ताली को पूरे प्रेशर के साथ बजाया जाता है तो शरीर के सभी बिंदु एक्यूप्रेशर सिद्धांत के अनुसार प्रेशर होते हैं और जो उनमें और हवा का दबाव होता है व रोग ठीक होने लगते हैं। प्रतिदिन दिन में तीन बार 15 सेकंड की ताली का अभ्यास नसों का खिसक जाना, सर्वाइकल स्पॉन्डिलाइटिस, स्लिप डिस्क, गैस्ट्रिक ट्रैवल, अनिद्रा जैसे रोग में बहुत तेजी से लाभ देती है अरुण ऋषि स्वर्गीय ने बताया कि जिसका तलवा चमकेगा उसका चेहरा दमकेगा हमें प्रतिदिन अपनी तलवे की अच्छी सी सफाई करनी चाहिए जितना तलवा साफ होगा चेहरा भी उतना ही चमकता हुआ नजर आएगा। कार्यक्रम प्रभारी प्रभा गुप्ता ने बताया कि इंदौर के अरुण ऋषि स्वर्गीय पिछले 25 वर्षों से और देश-विदेश में जाकर दवाओं से कैसे बचा जाए बगैर दवाओं के कैसे ठीक हुआ जाए अपने आहार में बदलाव कर हर रोग को कैसे ठीक किया जा सकता है पर लोगों को जागरुक कर रहे हैं। अब तक अरुण ऋषि 2000 से अधिक कार्यशालाओं का आयोजन कर चुके हैं। कार्यक्रम में स्वास्थ्य मंदिर के अध्यक्ष प्रवीन गुप्ता, उपाध्यक्ष राकेश अग्रवाल, आजीवन सदस्य सी एम गुप्ता, ओम प्रकाश सिंघल,



एल आर गुप्ता, डॉ सुनीता कुलश्रेष्ठ, ममता गुप्ता, धनेश कुमार, सुरभि गर्ग, डॉ दिगंबर सिंह, संदीप श्रीवास्तव, गिरीश शर्मा, पवन सिंघल, मोहनलाल अग्रवाल, वंदना गुप्ता, श्रेजल अग्रवाल, अनुराधा गुप्ता, महिला सेवा इकाई के सदस्य, राजकीय योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा महाविद्यालय के छात्र व अन्य सदस्यों ने भाग लिया।

# 9 ट्रांसफॉर्मर की क्षमता घटाई, 650 जम्पर जब्त

**धौलपुर,( राजू शर्मा )।** धौलपुर में डिस्कॉम और पुलिस ने बिजली चोरी रोकने के लिए संयुक्त अभियान चलाया। ग्रामीण उपखंड के पचगांव और छावनी गांवों में हुई इस कार्रवाई में 9 ट्रांसफॉर्मर की क्षमता घटाई गई और 650 अवैध जम्पर जब्त किए गए। यह अभियान उन क्षेत्रों में चलाया गया जहां लंबे समय से उपभोक्ता बिल का भुगतान नहीं कर रहे थे और बड़े पैमाने पर बिजली चोरी हो रही थी।

इन गांवों में बड़ी संख्या में लोगों के पास वैध बिजली कनेक्शन नहीं थे और वे सीधे बिजली तंत्र से चोरी कर रहे थे। डिस्कॉम ने पहले भी इन गांवों में शिविर आयोजित किए थे, लेकिन नए कनेक्शन के लिए आवेदन नहीं आए और बकाया राशि भी जमा नहीं की गई। फीडर इंचार्ज द्वारा भी गैर-उपभोक्ताओं को कनेक्शन लेने के लिए प्रेरित किया गया था, लेकिन स्थिति में सुधार नहीं हुआ।

# कोरेर में पानी बिजली वाले समस्याओं को लेकर किसानों ने विरोध प्रदर्शन कर जताया रोष

**समाधान न किए जाने पर भारतीय किसान संघ के बने तले आंदोलन की दी चेतावनी**



बढ़ता राजस्थान

**डीग ( नि.स. )।** डीग जिले के गांव कोरेर में भारतीय किसान संघ ग्राम समिति कौरेर की बैठक गुरुवार को संघ के जिला युवा प्रमुख अतेंद्र सिंह फौजदार की अध्यक्षता में हुई जिसमें गांव में बिजली,पेय जल , की कटौती, पशु उपस्वास्थ केंद्र भवन का निर्माण नहीं होने आदि समस्याओं के अवगत कराने के बावजूद जिला प्रशासन द्वारा इनका निराकरण नहीं किए जाने पर कड़ा रोष व्यक्त किया गया।

ग्रामीणों का कहना था कि इन दिनों बिजली विभाग द्वारा मनमानी ढंग से विद्युत कटौती की जा रही है। जिससे गांव वासियों को भारी परेशानी उठानी पड़ रही है, जिससे विद्यार्थियों की पढ़ाई चौपट होकर रह गई है। गांव में उच्च जलाशय होने के बावजूद अभी तक चंबल का पानी गांव के आधे हिस्से में नहीं पहुंच पाया है।जिसके कारण गांव वासियों को पीने के पानी के लिए भटकना पड़ रहा है। गांव के राजकीय पशु उप स्वास्थ्य केंद्र के लिए बजट आवंटित हो चुका है,लेकिन उसका निर्माण कार्य अभी तक शुरू नहीं कराया गया है।

गांव के राजकीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में लैब टेक्नीशियन का पद कई माह से रिक्त पड़ा है, जिससे ग्राम पंचायत के लोगों को मुख्यमंत्री निशुल्क जांच योजना का लाभ नहीं मिल पा रहा है। संघ के कार्यकर्ताओं में चेतावनी दी है यदि उक्त समस्याओं का निराकरण नहीं किया गया तो मजबूर होकर आंदोलन किया जाएगा। बैठक में राहुल विवेक सुनील सिद्धि विशाल विष्णु आदि किसान कार्यकर्ताओं ने विचार रखें।

# गांवों को स्वस्थ ग्राम बनाने के लिए निर्धारित किए गए 18 सूचकांकों पर काम किया जाए-सीईओ

बढ़ता राजस्थान

**धौलपुर,( राजू शर्मा )।** गांवों को स्वस्थ और आत्मनिर्भर बनाने के लक्ष्य के साथ आयुष्मान आदर्श ग्राम योजना की शुरुआत की गई है। परम्परागत चिकित्सा पद्धतियों जैसे आयुर्वेद, योग, प्राकृतिक चिकित्सा और प्राकृतिक जीवन शैली को बढ़ावा देना है। इसी संबंध में मुख्य कार्यकारी अधिकारी जिला परिषद ए एन सोमनाथ की अध्यक्षता में जिला परिषद सभागार में बैठक का आयोजन किया गया।

बैठक में उन्होंने कहा कि योजना के क्रियान्वयन के लिए जिला कलेक्टर की देखरेख में एक जिला स्तरीय समिति का गठन किया गया है। इस समिति का मुख्य कार्य सरकार द्वारा तय किए गए 18 सूचकांकों पर गांवों के काम की निगरानी करना और विभिन्न विभागों के बीच समन्वय स्थापित करना है। उन्होंने कहा कि योजनान्तर्गत जिले की चयनित ग्राम पंचायत मांगरोल, तसीमो, सिलावट, खिडौरा एवं लीलोठी में योजना को सफल बनाने के लिए स्वास्थ्य विभाग, शिक्षा विभाग, सार्वजनिक निर्माण विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग और आयुर्वेद विभाग मिलकर संयुक्त रूप से कार्य करें। योजना का मुख्य फोकस केवल बीमारियों का इलाज नहीं, बल्कि स्वास्थ्य व बचाव पर ध्यान केंद्रित करना है। गांवों को स्वस्थ ग्राम बनाने के लिए निर्धारित किए गए 18 सूचकांकों पर काम किया जाए। इनमें महिलाओं और किशोरियों के स्वास्थ्य की स्क्रीनिंग और पोषण पर ध्यान देना, स्वस्थ जीवन शैली, सही रहन-सहन और आहार के माध्यम से बीमारियों से बचाव, गांव को पूर्ण रूप से तम्बाकू मुक्त बनाना, ग्राम में औषधीय पौधों की नर्सरियों, बगीचों के प्रति जागरूकता और उनका रोपण करना, सामान्य बीमारियों में घरेलू उपचार के प्रयोग को बढ़ावा देना, ऋतु के अनुसार प्रकृति के प्रति जागरूकता और मौसमी बीमारियों से बचाव, व्यक्तिगत व सामुदायिक स्वस्थता हेतु योग एवं स्वस्थ जीवन शैली का अभ्यास, टीबी, मीजल्स, रुबेला से मुक्त ग्राम पंचायत बनाना, प्रत्येक परिवार की स्वास्थ्य प्रोफाइल बनाने सहित यह योजना जिले के चयनित



ग्राम पंचायतों के लिए एक नई स्वास्थ्य क्रांति ला सकती है जिससे ये पंचायतें न केवल आत्मनिर्भर बनेंगी बल्कि स्वास्थ्य के क्षेत्र में एक आदर्श प्रस्तुत करेंगी। आरोग्य आयुष्मान आदर्श ग्राम योजना के लिए जिले की 5 ग्राम पंचायत को चुना है। सभी 18 सूचकांक पूरा करने वाली ग्राम पंचायत को 11 लाख रुपए की प्रोत्साहन राशि दी जाएगी। इस अवसर पर उपनिदेशक आयुर्वेद विभाग डॉ. रमाकांत मिश्रा, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. धर्मसिंह मीणा, उपनिदेशक महिला एवं बाल विकास विभाग भूपेश गर्ग, परिवीक्षा एवं समाज कल्याण अधिकारी देवेन्द्र सिंह जांगल, प्रारंभिक जिला शिक्षा अधिकारी रामेश्वर दयाल बंसल सहित सम्बन्धित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# बुझती भट्टियाँ, थमते पहिए-मिनरल उद्योगों की पीड़ा लेकर सरकार के दरवाज़े पहुँचे ब्यावर के उद्योगपति

## फेल्सपार-क्वार्ट्ज आधारित उद्योगों के संरक्षण की मांग, ज्ञापन में रखी गईं ठोस समस्याएँ व समाधान

बढ़ता राजस्थान

**ब्यावर (अनिल सिखवाल)।** ब्यावर लघु एवं मिनरल उद्योगों के संरक्षण व संवर्धन की मांग को लेकर ब्यावर लघु उद्योग संघ के नेतृत्व में गुरुवार को सैकड़ों उद्योगपति सडक़ों पर उतरे। अजमेर रोड स्थित लघु उद्योग संघ कार्यालय से अध्यक्ष आशीष पाल पदावत के नेतृत्व में रैली निकाली गई, जो शहर के प्रमुख मार्गों से होती हुई जिला कलेक्टर कार्यालय पहुँची। उद्योगपतियों ने नारेबाजी कर अपने आक्रोश और पीड़ा का इज़हार किया।



रैली के दौरान जिला कलेक्टर कमल राम मीना को मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नाम विस्तृत ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में उल्लेख किया गया कि ब्यावर क्षेत्र में फेल्सपार एवं क्वाट्र्ज आधारित सूक्ष्म व लघु उद्योग लंबे समय से गंभीर संकट में हैं। लगभग 50 प्रतिशत उद्योग बंद हो चुके हैं तथा शेष उद्योग भी बंदी के कगार पर हैं, जिससे हजारों परिवारों की आजीविका पर संकट खड़ा हो गया है। ज्ञापन में बताया गया कि ब्यावर क्षेत्र में लगभग 6000 औद्योगिक इकाइयाँ प्रत्यक्ष-अप्रत्यक्ष रूप से मिनरल उद्योगों पर निर्भर हैं, जिनमें करीब 2000 इकाइयाँ सीधे क्वाट्र्ज व फेल्सपार आधारित हैं। रॉयल्टी, बिजली, ईंधन, परिवहन, कच्चे माल की उपलब्धता, नीतिगत जटिलताओं एवं प्रतिस्पर्धात्मक दबावों के कारण उद्योगों का संचालन असंभव होता जा रहा है। उद्योगपतियों ने सरकार से नीतिगत सुधार, राहत पैकेज, संरक्षणात्मक कदम एवं संवाद के लिए समय देने की मांग की इस आंदोलन को मिनरल उद्योगों से जुड़े व्यापारी, ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन, बारदाना, मशीनरी, इलेक्ट्रिकल व स्पेयर्स सप्लायर्स, जेसीबी-डम्पर मालिक, रॉ-मटेरियल सप्लायर्स, स्टाफ एवं श्रमिकों का व्यापक समर्थन प्राप्त हुआ। रैली में संघ उपाध्यक्ष विजय हेडा, सुनील डांगी, दिनेश गुप्ता, महासचिव दिनेश भूतड़ा, कोषाध्यक्ष अजय मूंदड़ा, सचिव बसंत जांगिड़, पवन रायपुरिया, सह-कोषाध्यक्ष ललित कबाड़ी, प्रवक्ता कपिल कोठारी सहित संदीप जैन, रोहित गोयल, हरीश सांखला, गोपाल हेडा, रवि झंवर, राकेश गुप्ता, सुन्दर तौरानी, नरेश मित्तल, विकास गर्ग, बंटी बंसल, विवेक चौधरी, महेश चौहान, रसीद अली, आलम भाई, आशुतोष माहेश्वरी, नीरज मोतियानी, प्रकाश मूथा, मनीष जिंदल, कल्याण राठौड़, तरुण माहेश्वरी, सीपी मूंदड़ा, मदनसिंह रावत, भरत अग्रवाल, राहुल ओस्तवाल, पराग गर्ग, गोविन्द गौड़, योगेश शर्मा, त्रिलोक अग्रवाल सहित बड़ी संख्या में उद्योगपतियों ने उपस्थिति दर्ज कराई।

## कांग्रेस एससी विभाग द्वारा नियुक्त प्रभारी मांगीलाल बैरवा का किया स्वागत

बढ़ता राजस्थान

**कपासन (नि.स.)।** कांग्रेस एससी विभाग प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री राजस्थान सरकार ममता भूपेश द्वारा कपासन क्षेत्र



के कांग्रेस कार्यकर्ता एवं अधिवक्ता मांगीलाल बैरवा को सलूंबर व राजसमंद जिले का प्रभारी नियुक्त किया गया है।जिससे क्षेत्रीय कांग्रेस पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं में हर्ष व्याप्त है। नगर कांग्रेस सेवादल अध्यक्ष कपासन भवानीशंकर लोहार ने बताया कि कांग्रेस एससी विभाग द्वारा अधिवक्ता मांगीलाल बैरवा को प्रभारी नियुक्त किये जाने पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा मुंह मीठा कराकर हर्ष व्यक्त किया गया।साथ ही अधिवक्ता बैरवा को कार्यकर्ताओं द्वारा शुभकामनाएं दी गयी। इस दौरान कांग्रेस के लक्ष्मीनारायण व्यास,सुभाष शर्मा,सोशल मीडिया प्रभारी देवेश बारेगामा,पूर्व नगर कांग्रेस अध्यक्ष एवं पूर्व नपा पार्षद हाजी अब्दुल रहमान मंसूरी,जमील खान पठान,सामाजिक कार्यकर्ता अंबालाल मोची,भेरूलाल गाडरी,राबिया खान आदि वरिष्ठ एवं गणमान्यजन उपस्थित रहे।

## थाली में उतरने से पहले ज़हर पकड़ा गया-नकली घी-तेल माफिया पर पुलिस का करारा प्रहार



बढ़ता राजस्थान

**ब्यावर (अनिल सिखवाल)।** आमजन के स्वास्थ्य से खिलवाड़ करने वाले नकली घी-तेल माफिया पर पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए उदयपुर रोड अनाज मंडी के पास छापा मारा। कार्रवाई में ब्रांडेड कंपनियों के नाम पर बेचे जा रहे मिलावटी व नकली घी-तेल का भंडाफोड़ हुआ है पुलिस ने दो अलग-अलग प्लॉटों में बने गोदामों से भारी मात्रा में नकली घी, तेल, पैकेजिंग सामग्री, नामी कंपनियों के रैपर तथा खाली-भरे पीपे जब्त किए हैं। इस काले कारोबार में लग्जरी गाडिय़ों के उपयोग की भी जानकारी सामने आई है साकेत नगर थाना के अधिकारी जितेन्द्र फौजदार के नेतृत्व में की गई इस बड़ी रेड में अमूल, स्वास्तिक सहित कई नामी ब्रांडों के नाम के दुरुपयोग का खुलासा हुआ। फिलहाल पुलिस पूरे गिरोह के नेटवर्क को खंगालने में जुटी है, जिससे मिलावटखोरों में हडक़ंप मचा हुआ है।

## कांग्रेस विधि विभाग के जिलाध्यक्ष का कपासन आगमन पर किया स्वागत



बढ़ता राजस्थान

कपासन (नि.स.)। कांग्रेस विधि विभाग के नवनियुक्त जिला अध्यक्ष लक्ष्मण सिंह बडोली का नगर आगमन पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा स्वागत अभिनंदन किया गया। नगर कांग्रेस सेवादल अध्यक्ष भवानीशंकर लोहार ने बताया कि कांग्रेस विधि विभाग के नवनियुक्त जिला अध्यक्ष एडवोकेट लक्ष्मण सिंह बडोली का नियुक्ति उपरांत प्रथम बार नगर कपासन आगमन पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा स्वागत अभिनंदन किया गया।साथ ही संगठनात्मक बिंदुओं पर चर्चा की गयी। इस मौके पर प्रदेश कांग्रेस सेवादल सचिव एवं अधिवक्ता मोहनलाल गाडरी,प्रदेश कांग्रेस एससी विभाग सदस्य एवं अधिवक्ता मांगीलाल बैरवा,पूर्व नगर कांग्रेस कमेटी कपासन अध्यक्ष शंकरलाल प्रजापत,सेवानिवृत्त व्याख्याता लक्ष्मीनारायण व्यास, अधिवक्ता गोविंद व्यास,बालमुकुंद चाष्टा,साबिर मोहम्मद,अधिवक्ता विनय खटीक आदि पदाधिकारी एवं अधिवक्तागण उपस्थित रहे।

## राजस्थान बास्केटबॉल टीम कप्तान कृतिका खटीक का समाजजनों ने किया स्वागत

बढ़ता राजस्थान

**भीलवाड़ा (अमित शर्मा)।** राजस्थान अंडर-19 राष्ट्रीय स्तर



प्रतियोगिता में राजस्थान टीम की कैप्टन कृतिका खटीक के नेतृत्व में राजस्थान टीम ने पहली बार गोल्ड मेडल प्राप्त किया। कृतिका के शानदार प्रदर्शन से राजस्थान ने इस मुकाम को प्राप्त किया। गोल्ड मेडल जीत कर भीलवाड़ा लौटी कृतिका खटीक के निवास स्थान पर जाकर खटीक समाज के शहर अध्यक्ष रमेश खोईवाल ने कृतिका को मिठाई खिलाकर, आतिशबाजी कर बधाई दी और इंटरनेशनल में खेलने के लिए आशीर्वाद दिया।

## स्पा की आड़ में देह व्यापार का भंडाफोड़, 09 गिरफ्तार

बढ़ता राजस्थान

**भीलवाड़ा (अमित शर्मा)।** पुलिस थाना प्रतापनगर ने अनैतिक देह व्यापार के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए मानसरोवर झील के पास स्थित मानसरोवर ब्यूटी सैलून एण्ड स्पा में स्पा



की आड़ में चल रहे देह शोषण के गोरखधंधे का पर्दाफाश किया है। पुलिस ने मौके से 04 युवक व 05 युवतियों को गिरफ्तार किया है, जिनमें एक विदेशी युवती भी शामिल है। यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक भीलवाड़ा धर्मेन्द्र सिंह के निर्देशन में चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत की गई। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पारस जैन के मार्गदर्शन में तथा माधव उपाध्याय के नेतृत्व में गठित टीम ने त्वरित कार्रवाई की। दिनांक 06 जनवरी 2026 को मुखबिर से सूचना मिलने पर पुलिस ने बोगस ग्राहक भेजकर जांच की।

## जैन समाज के बालकों हेतु कपासन में आयोजित दो दिवसीय संस्कार शिविर में 55 बालकों ने लिया धार्मिक संस्कारों का भाग

बढ़ता राजस्थान

**कपासन (सुनील कुमार डभाड़ीया)।** नगर में स्थित अंबेश भवन में जैन समाज के बालकों हेतु आयोजित दो दिवसीय संस्कार शिविर में 55 बालकों द्वारा भाग लिया गया।जिसमें विभिन्न प्रतियोगिताओं सहित बालकों को धार्मिक जानकारी प्रदान की गयी।



जानकारी अनुसार नगर कपासन स्थित अंबेश भवन में श्री वर्धमान स्थानकवासी जैन श्रावक संघ कपासन के तत्वावधान में जैन समाज के बालकों हेतु दो दिवसीय संस्कार शिविर का मंगलवार एवं बुधवार को आयोजन हुआ।जिसमे क्षेत्रीय जैन समाज के 55 बालकों द्वारा भाग लिया गया।इस दौरान जैन समाज के बालकों को धार्मिक संस्कार संबंधी जानकारी प्रदान करने सहित विभिन्न प्रतियोगिताओ का आयोजन किया गया। जैन संस्कार शिविर शिक्षिका मीनाक्षी ढीलीवाल ने बताया कि उक्त दो दिवसीय शिविर मे बच्चों को जैन संस्कार एवं धार्मिक गतिविधियों की विस्तृत जानकारी से अवगत कराया गया।जिसमें सात व्यवसन,पांच अधिगम एवं वंदना जैसे विषय पर शिक्षा प्रदान की तथा बच्चों के लिए धार्मिक प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। श्री वर्धमान स्थानकवासी जैन श्रावक संघ कपासन अध्यक्ष सूर्य प्रकाश सिरोया ने बताया कि इस दो दिवसीय संस्कार शिविर का बुधवार को पुरस्कार वितरण समारोह के साथ समापन किया गया।साथ ही प्रभावना राकेश खाब्या एवं संयुक्त महिला मंडल की ओर से दी गयी।इस अवसर पर संघ संरक्षक शंकरलाल लोढा,अनिल बाघमार,राजेश खाब्या, अशोक कुमार सिरोया,ओमप्रकाश चंडालिया,शरद चंडालिया,महिला मंडल अध्यक्ष प्रियंका दुग्गड़,मंत्री सुनीता सांवला,कोषाध्यक्ष अंगूर बाला सिरोया,मेवाड़ महिला मंडल शिक्षा मंत्री अंगुरबाला सांवला,महिला मंडल सदस्य अनीता खाब्या आदि गणमान्यजन उपस्थित रहे।

### संवेदनशील प्रशासन की मिसाल

## जिला कलक्टर के हस्तक्षेप से दिव्यांग भैरूलाल को मिला सम्मानजनक जीवन

बढ़ता राजस्थान

**झालावाड़, (नि.स.)।** संवेदनशील प्रशासन और त्वरित निर्णय क्षमता का एक प्रेरक उदाहरण गुरुवार को जिला कलक्टर कार्यालय में देखने को मिला, जब पंचायत समिति पिड़ावा की ग्राम पंचायत बानौर निवासी 80 प्रतिशत दिव्यांग भैरूलाल की वर्षों पुरानी समस्याओं का समाधान एक ही दिन में सुनिश्चित किया गया।

भैरूलाल न तो व्हीलचेयर अथवा ट्राईसाईकिल जैसी आवश्यक सहायक उपकरणों से युक्त थे और न ही उन्हें राज्य सरकार की खाद्य सुरक्षा योजना का लाभ मिल रहा था। सीमित संसाधनों और शारीरिक असमर्थता के बावजूद वे अपनी समस्या लेकर जिला कलक्टर कार्यालय पहुंचे। जिला कलक्टर अजय सिंह राठौड़ ने भैरूलाल से संवेदनशीलता के साथ मुलाकात कर उनकी पूरी बात ध्यानपूर्वक सुनी। उन्होंने पाया कि भैरूलाल को केवल दिव्यांग पेंशन मिल रही है, जबकि खाद्य सुरक्षा योजना से वंचित रहने के कारण उन्हें राशन की समस्या का सामना करना पड़ रहा है।

### तत्काल निर्णय, त्वरित कार्रवाई

जिला कलक्टर राठौड़ ने मानवीय दृष्टिकोण अपनाते हुए संबंधित विभागों को मौके पर ही आवश्यक निर्देश दिए। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के उप निदेशक रामनिवास यादव को तत्काल प्रभाव से भैरूलाल को ट्राईसाईकिल उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए। वहीं रसद विभाग को भैरूलाल का नाम खाद्य सुरक्षा योजना में जोड़ते हुए राशन व्यवस्था शीघ्र प्रारम्भ करने के निर्देश दिए गए। निर्देशों की त्वरित अनुपालना करते हुए संबंधित विभागों ने सभी औपचारिकताएं पूर्ण कीं। परिणामस्वरूप भैरूलाल को नई ट्राईसाईकिल प्रदान की गई तथा उनका राशन भी चालू किया गया।

### सम्मान और सुरक्षा के साथ घर तक पहुंचाया

मानवीय संवेदनशीलता का परिचय देते हुए जिला कलक्टर ने यह भी सुनिश्चित किया कि भैरूलाल को सिविल डिफेन्स के वाहन एवं स्वयंसेवकों की सहायता से सुरक्षित रूप से उनके गांव तक पहुंचाया जाए। भैरूलाल, जो कभी असहाय महसूस कर रहे थे, अब स्वावलंबन और आत्मसम्मान के साथ जीवन जीने की ओर अग्रसर हैं।

## पीएम श्री बालिका विद्यालय में आयोजित हुआ स्वास्थ्य शिविर

बढ़ता राजस्थान

**भीलवाड़ा (अमित शर्मा)।** शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, बापूनगर की ओर से गुरुवार को पीएम श्री राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय, बापूनगर में एक दिवसीय स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर के दौरान कक्षा 9 से 12वीं तक अध्ययनरत कुल 257 छात्राओं का हिमोग्लोबिन टेस्ट, ब्लड ग्रुप एवं शुगर की निःशुल्क जांच की गई। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. रामकेश गुर्जर ने बताया कि राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय बापूनगर में आयोजित इस स्वास्थ्य शिविर में जांच के उपरांत जिन छात्राओं में खून की कमी पाई गई, उन्हें चिन्हित कर शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, बापूनगर द्वारा आवश्यक उपचार एवं दवाइयों की सुविधा उपलब्ध करवाई जाएगी। हैल्थ कैम्प के दौरान चिकित्सकों ने बालिकाओं को स्वास्थ्य संबंधी परामर्श प्रदान करते हुए एनीमिया से बचाव, संतुलित आहार तथा स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए जागरूक किया। शिविर में डॉ. अनुराग शर्मा, एएनएम कविता मीणा, लेब टेक्निशियन हितेश वर्मा एवं टीकम जीनगर द्वारा सेवाएं प्रदान की गईं। इसके साथ ही राजकीय जनरल नर्सिंग प्रशिक्षण केंद्र महात्मा गांधी, भीलवाड़ा के बीएससी नर्सिंग विद्यार्थियों ने भी सक्रिय सहयोग किया। इस अवसर पर लेखा सहायक सुरेश धाकड़ सहित शहरी स्वास्थ्य केन्द्र बापूनगर के अन्य स्वास्थ्य कार्मिक भी उपस्थित रहे। विद्यालय प्रशासन ने छात्राओं की स्वास्थ्य सुरक्षा के उद्देश्य से स्वास्थ्य विभाग द्वारा आयोजित इस शिविर की सराहना करते हुए इसे बालिकाओं के हित में एक महत्वपूर्ण पहल बताया।

## उपखंड स्तरीय गणतंत्र दिवस समारोह को लेकर पंचायत समिति सभागार में बैठक का हुआ आयोजन

बढ़ता राजस्थान

**निंबाहेड़ा (प्रकाश खत्री)।** निंबाहेड़ा में आगामी गणतंत्र दिवस समारोह को लेकर गुरुवार को पंचायत समिति सभागार में ब्लॉक स्तरीय बैठक आयोजित हुई । बैठक की अध्यक्षता उपखंड अधिकारी विकास पंचोली ने की बैठक में समारोह को लेकर विभिन्न पहलूओ पर विचार विमर्श किया गया वह विभिन्न कमेटीयों का गठन किया गया । उपखंड अधिकारी ने सभी ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों को आपसी समन्वय के साथ समय पूर्व तैयारियां पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि गणतंत्र दिवस समारोह राष्ट्रीय पर्व है इसे अनुशासन और उत्साह के साथ मनाया जाना चाहिए बैठक



के दौरान सरकारी एवं गैर सरकारी विद्यालय के संस्था प्रधानों के साथ भी चर्चा की गई । सांस्कृतिक कार्यक्रमों परेड, धवज़ा रोहन, राष्ट्रगान,पुरस्कार वितरण एवं सम्मान समारोह की रूपरेखा पर विस्तार से विचार विमर्श किया गया, बैठक मे लड्डूओ की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिये और स्थानीय मिठाई व्यवसाइयो को टेंडर मे भाग लेने और टेंडर मे नई शर्तो के साथ निविदाए निकाली जाए इस पर भी विचार विमर्श हुआ, विद्यार्थियों की सहभागिता कार्यक्रम की गुणवत्ता और समय प्रबंधन पर विशेष जोर दिया गया । उपखंड अधिकारी ने मंच व्यवस्था,सुरक्षा यातायात स्वच्छता चिकित्सा पेयजल एवं विद्युत व्यवस्था को लेकर संबंधित विभाग को आवश्यक निर्देश दिए । बैठक मे नगर परिषद आयुक्त कौशल कुमार खटुमरा, तहसीलदार घनश्याम जारवर, चिकित्सा अधिकारी राघव सिंह, सार्वजनिक निर्माण विभाग से सहायक अभियंता निशा पुरबिया, ब्लॉक शिक्षा अधिकारी अरविंद मुंदडा,कृषि विभाग सेप्रियंका कटारा, ब्लॉक चिकित्सा कार्यालय से प्रकाश नागोरी, पुलिस थाना कोतवाली से राम सुमेर मीणा, राजकीय मॉडल विद्यालय से अनिल सोमानी, खान एवं भू विज्ञानं विभाग से रणजीत मीणा,जे के सीमेंट से भुवनेश सिंह, पत्रकारगण मौजूद रहे।

### शीतलहर में आठवें दिन भी बैठे किसान धरने पर

# एसडीएम से मिला किसानों का प्रतिनिधि मंडल,जांच कमेटी बना कर कार्यवाही का दिया आश्वासन

बढ़ता राजस्थान

**नैनवाँ,(टी.आर सैनी)।** फसल खराबा मुआवजा की मांग सहित अन्य मांगों को लेकर गुरुवार को किसान महा पंचायत के तत्वाधान में किसानों का क्रमिक धरना प्रदर्शन आठवें दिन भी जारी रहा । धरना प्रदर्शन में करीब दो दर्जन गांव के किसान प्रतिनिधियों ने भाग लिया । सभी किसानों ने सरकार के कार्यशैली से नाराज होकर उग्र आंदोलन किए जाने पर चर्चा की गई । दोपहर को किसानों का एक प्रतिनिधि मंडल उपखंड अधिकारी से मिले एवं किसान समस्याओं के बारे में चर्चा की गई । इस दौरान



किस प्रतिनिधिमंडल ने 6 सूत्री मांगों का ज्ञापन सौप कर कार्यवाही की मांग की गई । जिसमें खरीफ सीजन 2024 सम्वत 2081 में फसल खराबे का मुख्यमंत्री आपदा कोष का किसानों को मिलने वाला मुआवजा राशि व प्रधानमंत्री फसल बीमा क्लेम की राशि कितने किसानों को मिली। उन सभी किसानों की सूची प्रत्येक पटवार मंडलवार चस्पा की जाएं 7 नैनवां तहसील के प्रत्येक पटवार मंडल में सीजन खरीफ 2024 व सीजन रबी 2024-25, सम्वत 2081 दोनों सीजन में किए गए सभी फसलों फसल प्रयोग (क्रोप कटिंग) की उच्च स्तरीय जांच करवा कर दोषियों पर कार्रवाई की जाएं। एंव वर्तमान सत्र-2025 सम्वत 2082 में कई पटवार मंडलों में फसल प्रयोग (क्रोप कटिंग) के दौरान किसान के खेत नहीं जाकर एवं वास्तविक क्रोप कटिंग का सही मूल्यांकन नहीं किया गया। बल्कि जिम्मेदार अधिकारियों व बीमा कंपनी के प्रतिनिधियों की सांठ-गांठ से क्रोप कटिंग की टेबल कमरों में बैठकर भरी गई । जिसमें किसी भी पटवार मंडल में गारंटी उपज से अधिक उपज दर्शाया गया। जिससे इस वर्ष भी किसानों को बीमा क्लेम से वंचित रहना पड़ेगा। इस वर्ष की सभी फसलों की क्रोप कटिंग तालिका की जांच कर दोषियों पर कठोर कार्यवाही की जाएं एवं किसानों को फसल खराबे का बीमा क्लेम मिल सकें।

### ये रहे किसान प्रतिनिधि मंडल

किसान महापंचायत के जिला अध्यक्ष तुलसीराम सैनी,जिला महामंत्री कजोड़ मल धाकड़ , तहसील अध्यक्ष भारत राज मीणा, किसान नेता गणेश चौधरी, लादू चौधरी, सोजीलाल मीणा ,मायाराम भूडक,बाबूलाल धाकड़ ,सत्यनारायण गुर्जर, पूर्व सरपंच देवलाल चांदना, देवलाल हेड पंप मिस्त्री सहित एक दर्जन किसान प्रतिनिधि मौजूद रहे ।

### एसडीएम ने दिया आश्वासन

उपखंड अधिकारी भागचंद ने किसान प्रतिनिधियों से वार्ता के बाद किसानो सने की समस्याओं के निस्तारण के लिए जांच कमेटी बनाई जाने का आश्वासन दिया गया ।

# कलेक्टर के सामने एसपी पर भड़के पूर्व विधायक

## बोले-संदिग्ध को क्यों छोड़ा; एसपी बोलीं- मैं कस्टडी में मौत का केस झेल चुकी हूं



बढ़ता राजस्थान

**राजसमंद।** राजसमंद में फाइनेंसर हत्याकांड मामले में भाजपा के पूर्व विधायक धर्मनारायण जोशी कलेक्टर के चैम्बर में एसपी ममता गुप्ता पर भड़क गए। पुलिस की कार्यशैली पर सवाल उठाते हुए जमकर खरी खोटी सुनाई। मावली के पूर्व विधायक जोशी ने कहा- एसपी साहिबा पुलिस आरोपियों से मिली हुई है, आप जांच का डायरेक्शन मत घुमाओ। इस पर एसपी ने कहा- आप मेरी बात नहीं सुन रहे, हमने टीम बैठाई है और बिना सबूत के किसी को अंदर नहीं रख सकते। ये नियम है। मामला राजसमंद के कलेक्टर ऑफिस का बुधवार शाम 5 बजे का है। इससे पहले मामले में जांच अधिकारी एएसआई जले सिंह को लाइन हाजिर कर दिया गया था। वहीं जांच एएसपी महेंद्र पारीक को सौंपी गई है।

### 30 दिसंबर से लापता थे फाइनेंसर

दरअसल, राजसमंद में फाइनेंस का काम करने वाले हरीश जोशी 30 दिसम्बर से लापता थे। उनके घरवालों ने 31 दिसंबर को कांकरोली थाने में मिसिंग रिपोर्ट दी थी। 6 दिन बाद 5 दिसंबर तक जब कोई सुराग नहीं लगा तो परिजनों ने कलेक्ट्रेट के बाहर धरना दिया। इस दौरान हरीश की माता और पत्नी की तबीयत बिगड़ गई थी। परिजनों ने जसवंत सिंह निवासी पलासमा पर संदेह जताया था। इस दौरान धरने पर पहुंची राजसमंद विधायक दीप्ति माहेश्वरी ने 24 घंटे में आरोपियों का पता लगाने का अल्टीमेटम पुलिस को दिया था।

# रामभद्राचार्य बोले- अमेरिका की दादागिरी खत्म होगी, भारत बनेगा अजेय

## कहा- हिंदू जहां रह रहा है, वर्चस्व के साथ रहेगा, पीओके भी हमें मिलेगा

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** जयपुर में जगद्गुरु रामभद्राचार्य ने कहा- अमेरिका जो आज हम पर दादागिरी कर रहा है, वह आगे कुछ भी नहीं कर पाएगा। उन्होंने कहा- मैं मानता हूं कि 21वीं शताब्दी में हिंदुत्व का वर्चस्व बहुत बुलंदी पर जाएगा। भारत सबसे पहले विकसित राष्ट्र बनेगा। उन्होंने कहा- अमेरिका की दादागिरी भी समाप्त हो जाएगी। हमार भारत अजेय होगा। जहां हिंदू रह रहा है, अपने वर्चस्व के साथ रहेगा। उन्होंने कहा- जल्दी ही पाक अधिकृत कश्मीर (पीओके) भारत को मिलेगा और यह सब हनुमान जी की कृपा से होगा। सीकर रोड स्थित नींदड़ आवासीय योजना में 1008 कुंडीय हनुमान महायज्ञ की गुरुवार से शुरुआत हुई। इस दौरान जगद्गुरु रामभद्राचार्य ने यह कहा। श्री राम कथा और 1008 कुंडीय हनुमान महायज्ञ का आयोजन 16 जनवरी तक किया जाएगा। जयपुर में पहली बार बड़े स्तर पर चल रहे आयोजन में देश-विदेश से संत-महात्मा, यजमान और श्रद्धालु पहुंच रहे हैं। आयोजन समिति के अनुसार महायज्ञ के दौरान लाखों किलो हवन सामग्री की आहुतियां दी जाएंगी।

**1412वीं कथा कर रहा हूं, हर यजमान इस यज्ञ का हिस्सा-** कथा में रामभद्राचार्य ने बताया- यह उनकी 1412वीं कथा है। इस महायज्ञ में ऐसे लोग भी यजमान बने हैं, जिनके बारे में पहले कल्पना नहीं की जा सकती थी। उन्होंने कहा- इस यज्ञ में अति सामान्य लोग भी यजमान बने हैं और यहां सभी यजमान हैं। इससे यह स्पष्ट होता है कि लोगों के मन में भारत माता, भगवान श्री राम, हनुमान जी और कथा के प्रति प्रेम है, जिसे उन्होंने एक सकारात्मक संकेत बताया।

# वेदांता ग्रुप के चेयरमैन अनिल अग्रवाल के बेटे का निधन

## स्कीइंग के दौरान घायल हुए थे अग्निवेश; कमाई का 75% हिस्सा दान करेंगे अनिल

बढ़ता राजस्थान

**मुम्बई।** वेदांता ग्रुप के चेयरमैन अनिल अग्रवाल के बेटे अग्निवेश अग्रवाल का 49 साल की उम्र में निधन हो गया है। अग्निवेश अमेरिका में स्कीइंग के दौरान घायल हो गए थे, जिसके बाद उन्हें इलाज के लिए न्यूयॉर्क के माउंट सिनाई अस्पताल में भर्ती कराया गया था। 7 जनवरी 2026 को अस्पताल में ही उन्हें कार्डियक अरेस्ट आया। पिता अनिल अग्रवाल ने रात करीब 10 बजे सोशल मीडिया पर इसकी जानकारी दी। अनिल ने लिखा, हमें लगा था कि बुरा वक्त बीत चुका है, लेकिन किस्मत को कुछ और ही मंजूर था। उन्होंने अपने बेटे को याद करते हुए इसे जीवन का सबसे अंधकारमय दिन बताया। वे बेटे से किए वादे को निभाते हुए अपनी निजी कमाई का 75% हिस्सा दान करेंगे।




# अब एफआईआर के लिए थानों के नहीं लगाने पड़ेंगे चक्कर

## खुद ही हो जाएगा मुकदमा, सीएम ने लॉन्च किया ई-जीरो एफआईआर और ई-विजिटर्स पोर्टल

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** राजस्थान पुलिस अकादमी में चल रहे राज्य स्तरीय पुलिस सम्मेलन में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने पुलिस व्यवस्था को हाई-टेक बनाने की दिशा में दो बड़े कदम उठाए। उन्होंने ई-विजिटर्स पोर्टल और ई-जीरो एफआईआर सिस्टम की शुरुआत की, साथ ही राजस्थान पुलिस प्राथमिकता 2026 नामक किताब का विमोचन भी किया। यह पहलें पुलिसिंग को आधुनिक और तकनीकी रूप से मजबूत बनाने का हिस्सा हैं। सीएम ने बताया कि साइबर ठगी के मामलों को तेजी से निपटाने के लिए इंडियन साइबर क्राइम कोऑर्डिनेशन सेंटर के साथ मिलकर ई-जीरो एफआईआर सिस्टम शुरू किया गया है। अब 10 लाख रुपए से ज्यादा की साइबर धोखाधड़ी की शिकायतें 1930 हेल्पलाइन या एनसीआरबी पोर्टल पर दर्ज होते ही ऑटोमैटिक एफआईआर में बदल जाएंगी। इससे पीड़ितों को थाने के चक्कर नहीं काटने पड़ेंगे और न्याय मिलना आसान हो जाएगा।

### सीएम बोले-बदलते समय के साथ पुलिसिंग का आधुनिकीकरण जरूरी

अपने भाषण में मुख्यमंत्री ने जोर देकर कहा कि समय बदल रहा है, इसलिए पुलिस सिस्टम को भी अपडेट करना जरूरी है ताकि आम लोगों को बेहतर सुरक्षा और तुरंत सेवाएं मिल सकें। उन्होंने राज्य स्तरीय पुलिस सम्मेलन को कानून-व्यवस्था, आंतरिक सुरक्षा और पुलिस की भविष्य की योजनाओं पर विचार-विमर्श का अहम प्लेटफॉर्म बताया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि इन सम्मेलनों का उद्देश्य देश और प्रदेश की कानून-व्यवस्था पर मंथन कर आंतरिक सुरक्षा को मजबूत करना है। उन्होंने कहा कि राजस्थान ऐसा प्रदेश है, जहां अंतरराष्ट्रीय सीमा सबसे ज्यादा है और साथ ही पांच अन्य राज्यों की सीमाएं भी लगती हैं, जिससे सुरक्षा चुनौतियां और बढ़ जाती हैं। किसी भी राज्य की अर्थव्यवस्था को मजबूत करने में कानून-व्यवस्था की अहम भूमिका होती है। मुख्यमंत्री ने दावा किया कि पिछले दो वर्षों में प्रदेश की कानून-व्यवस्था में उल्लेखनीय सुधार हुआ है। उन्होंने कहा कि अपराध की प्रकृति बदल रही है और कई बार ऐसे मामले सामने आते हैं, जो पहले कभी नहीं हुए। ऐसे मामलों से निपटने के लिए पुलिस को निरंतर तैयार रहना होगा। सरकार पुलिसिंग को बेहतर बनाने के लिए हरसंभव सहयोग देने के लिए तैयार है।

सीएम भजनलाल शर्मा ने बताया कि प्रदेश में महिला अत्याचार के मामलों में 10 प्रतिशत, लूट की घटनाओं में 50 प्रतिशत और हत्या के मामलों में 15 प्रतिशत की कमी दर्ज की गई है। उन्होंने कहा कि अपराध में कमी आई है, लेकिन इसे और बेहतर करने की आवश्यकता है। नशे के कारोबार, गैंगस्टर गतिविधियों और साइबर अपराध पर पूरी तरह अंकुश लगाना सरकार की प्राथमिकता है। मुख्यमंत्री ने पुलिस की भूमिका पर कहा कि हर समस्या पुलिस के पास आती है, इसलिए इंटेलिजेंस नेटवर्क को मजबूत करना और लोगों में विश्वास जगाना जरूरी है। हर नागरिक को यह भरोसा दिलाना होगा कि पुलिस उनके साथ है और न्याय मिलेगा। सम्मेलन में गृह राज्य मंत्री जवाहर सिंह बेढम, मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास, अतिरिक्त मुख्य सचिव (गृह) भास्कर ए. सावंत सहित प्रदेशभर से वरिष्ठ पुलिस अधिकारी, सभी रेंज के आईजी, जिला पुलिस अधीक्षक और अन्य पुलिस अधिकारी मौजूद रहे।

'विकसित भारत में पुलिसिंग' विषय पर यह राज्य स्तरीय सम्मेलन 8 और 9 जनवरी को राजस्थान पुलिस अकादमी परिसर में आयोजित किया जा रहा है। अकादमी के निदेशक एवं अतिरिक्त महानिदेशक संजीव कुमार नार्जरी ने बताया कि सम्मेलन का उद्देश्य भविष्य की चुनौतियों को ध्यान में रखते हुए राज्य की पुलिस व्यवस्था को अधिक सक्षम, आधुनिक और प्रभावी बनाना है।

सम्मेलन में कुल 10 सेशन होंगे। पहले दिन साइबर क्राइम की बढ़ती चुनौतियां, पुलिस स्टेशनों को मजबूत बनाना, 60वें डीजी/आईजी नेशनल कॉन्फ्रेंस की डीब्रीफिंग, पुलिसिंग रोडमैप विजन 2047 और ग्लोबल काउंटर टेररिज्म से जुड़ी चुनौतियों पर विस्तृत चर्चा की जाएगी।




# भारत पर 500 प्रतिशत टैरिफ लगा सकता है अमेरिका...!

बढ़ता राजस्थान

**वॉशिंगटन डीसी।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने रूस के खिलाफ कड़े प्रतिबंधों से जुड़े एक बिल को मंजूरी दे दी है। इकोनॉमिक टाइम्स के मुताबिक इस बिल में रूस से तेल खरीदने वाले देशों खासकर भारत, चीन और ब्राजील पर 500% तक टैरिफ लगाने का प्रावधान है। रिपब्लिकन सीनेटर लिंडसे ग्राहम ने बताया कि उन्होंने बुधवार को व्हाइट हाउस में राष्ट्रपति से बातचीत की, जिसमें ट्रम्प ने संसद में बिल को पेश करने के लिए हरी झंडी दे दी। यह बिल पिछले कई महीनों से तैयार किया जा रहा था। इसे अगले हफ्ते संसद में वोटिंग के लिए लाया जा सकता है। बिल का नाम सैंक्शनिंग रशिया एक्ट 2025% है। इसका मकसद उन देशों पर दबाव बनाना है, जो यूक्रेन युद्ध के बीच रूस से सस्ता कच्चा तेल खरीद रहे हैं।

### क्या है सेंक्शनिंग रशिया एक्ट 2025

इस एक्ट के तहत रूस के ऊर्जा, बैंकिंग और डिफेंस सेक्टर्स को निशाना बनाया गया है। इसमें रूसी तेल-गैस कंपनियों, बड़े बैंकों, डिफेंस इंडस्ट्री और उनसे जुड़े ग्लोबल नेटवर्क पर सख्त पाबंदियों का प्रस्ताव है। इसके साथ-साथ उन तीसरे देशों, कंपनियों या बैंकों पर भी सेकेंडरी सैंक्शन लगाने का प्रावधान है, जो रूस को प्रतिबंधों से बचने में मदद करते पाए जाएं। मतलब साफ है जो देश भी रूस के साथ घुमावदार रास्ते से कारोबार करेगा, वह भी अमेरिकी कार्रवाई की जद में आ सकता है। विधेयक में अमेरिका और उसके सहयोगी देशों में फ्रीज की गई रूसी संपत्तियों को यूक्रेन के पुनर्निर्माण में इस्तेमाल करने की कानूनी राह तैयार करने की बात कही गई है। इससे युद्ध के नुकसान की भरपाई की जाएगी। रूस पर प्रतिबंध लगाने के लिए जारी किए गए ट्रम्प के कार्यकारी आदेशों को इस एक्ट के जरिए कानून में बदला जाएगा। भविष्य में कोई भी अमेरिकी राष्ट्रपति अकेले फैसले से इन प्रतिबंधों को नहीं हटा सकता और न ही उनमें कटौती कर सकेगा। अगर किसी तरह की छूट या राहत देनी भी हो, तो उसके लिए कांग्रेस की मंजूरी जरूरी होगी। बिल में राष्ट्रपति को विशेष छूट (प्रेसिडेंशियल वेवर) देने का भी प्रावधान है, ताकि डोनाल्ड ट्रम्प को रूस पर दबाव बनाने की ज्यादा ताकत मिल सके।

# सुप्रीम कोर्ट बोला-कुत्ते इंसानी डर पहचानते हैं, इसलिए काटते हैं

बढ़ता राजस्थान



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट में आवारा कुत्तों से जुड़े मामलों पर गुरुवार को लगातार दूसरे दिन ढाई घंटे सुनवाई हुई। कोर्ट ने कुत्तों के बिहेवियर को लेकर चर्चा की। जस्टिस नाथ ने कहा कि कुत्ते इंसानों का डर पहचान लेते हैं इसलिए काटते हैं। इस पर एक वकील (कुत्तों के फेवर वाले) ने इनकार किया। फिर जस्टिस ने कहा- अपना सिर मत हिलाइए, ये बात मैं पर्सनल एक्सपीरियंस से बोल रहा हूं। उधर याचिकाकर्ता के वकील ने कहा कि राज्यों ने जो आंकड़े दिए हैं। उनमें से किसी ने यह नहीं बताया कि नगर पालिकाओं की तरफ से कितने शेल्टर चलाए जाते हैं। देश में सिर्फ 5 सरकारी शेल्टर हैं। इनमें से हर एक में 100 कुत्ते रह सकते हैं। हमे इन्फ्रास्ट्रक्चर की जरूरत है। इससे पहले सुनवाई के दौरान एनिमल वेलफेयर की तरफ से दलील दे रहे एडवोकेट सीयू सिंह ने कुत्तों को हटाने या शेल्टर होम भेजने पर आपत्ति जताई। उन्होंने कहा कि कुत्ते हटाने से चूहों की आबादी बढ़ेगी। इस पर कोर्ट ने मजाकिया अंदाज में कहा- तो क्या बिल्लियां ले आएं? इस मामले पर पिछले 7 महीनों में छह बार सुनवाई हो चुकी है। पिछले साल नवंबर में सुप्रीम कोर्ट ने स्कूलों, अस्पतालों, बस स्टैंड, स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स और रेलवे स्टेशनों से आवारा कुत्तों को हटाने का आदेश दिया था। इसके साथ ही कोर्ट ने कहा था कि इन जानवरों को तय शेल्टर में ट्रांसफर किया जाए।

बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस
दैनिक, साप्ताहिक, पाक्षिक, मासिक समाचार पत्र मुद्रण के लिए संपर्क करें।



उच्च क्वालिटी का कागज एवं स्याही
कलर एवं ब्लैक मुद्रण
किफायती मुद्रण लागत
Printing Press
• Hameedpura Road Khandwa, Newai, Tonk, Rajasthan - 304021
Office
• Badhata Rajasthan, Near Rajkiya Mahavidhyalaya, NH-12, Bypass Newai, Tonk, Rajasthan - 304021
(M) +91-9214048888, Phone No. - 01438-223201, 02, 03
• 185/116, "Pratiksha", Sector-18, Pratap Nagar, Sanganer, Jaipur - 302033
(M) +91-9414242258, Phone No. - 0141-2796795
Email: badhatarajasthanprintingpress@gmail.com

# गोविंद गुरु जनजातीय विश्वविद्यालय का सप्तम दीक्षांत समारोह आयोजित

## दीक्षांत समारोह विद्यार्थियों के नवजीवन में प्रवेश का आनंदोत्सव-राज्यपाल

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** राज्यपाल एवं कुलाधिपति श्री हरीभाऊ बागडे ने कहा कि दीक्षांत समारोह विद्यार्थियों के नवजीवन में प्रवेश का आनंदोत्सव है। उन्होंने इसके लिए सभी को बधाई और शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि यह हर्ष का विषय है कि स्वर्ण पदक प्राप्त करने वाले 35 विद्यार्थियों में से 25 छात्राएं हैं। उन्होंने कहा कि गरीब, पिछड़े एवं वंचित समाज को मुख्य धारा में लाने का एकमात्र साधन शिक्षा है। हमें अपनी प्राथमिक और माध्यमिक शिक्षा पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है क्योंकि यह शिक्षा का मूल है। यह हमारी जिम्मेदारी है कि सबके लिए बेहतर शिक्षा उपलब्ध हो सके। राज्यपाल श्री बागडे गुरुवार को गोविंद गुरु जनजातीय विश्वविद्यालय, बांसवाड़ा के माही भवन में आयोजित सप्तम दीक्षांत समारोह में संबोधित कर रहे थे। राज्यपाल ने कहा कि विकसित भारत के लिए प्रतिभाशाली व्यक्तित्व का निर्माण करने की आवश्यकता है। उन्होंने विद्यार्थियों से कहा कि पढ़ाई से आपकी बौद्धिक क्षमता का विकास हुआ है, इसे और अधिक विकसित करने की आवश्यकता है। विद्यार्थियों को आजीवन ज्ञान की खोज में लगे रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि सफलता के लिए आत्मविश्वास - आत्मबल की आवश्यकता होती है। इसके लिए निरंतर अभ्यास एवं कठोर परिश्रम की जरूरत है। कठोर परिश्रम से हम जीवन को बेहतर बना सकते हैं। हमें जीवन में परिश्रम का निश्चय करना चाहिए।

श्री बागडे ने कहा कि नैतिक आचरण हमारी संस्कृति और परंपरा है। दुनिया में जब कहीं कोई विश्विद्यालय नहीं था, तब भारत में तक्षशिला व नालंदा जैसे विश्वविद्यालय थे। हमारी ज्ञान परंपरा वहां से चली आ रही है। हमें अपने पूर्व ज्ञान और इतिहास को अपनाने की आवश्यकता है। विश्वविद्यालयों एवं शैक्षणिक संस्थाओं को भारत का स्वर्णिम गौरव लाने का प्रण करना चाहिए। अगर हम प्रयास करेंगे तो




तक्षशिला-नालंदा का इतिहास फिर लौट कर आएगा। उन्होंने सभी से राष्ट्रभक्ति की भावना के साथ कार्य करने का आह्वान किया।

समारोह में राज्यपाल द्वारा 29 विद्यावाचस्पति अभ्यर्थियों को उपाधि एवं 35 अभ्यर्थियों को उपाधि एवं स्वर्ण पदक प्रदान किया गया। राज्यपाल द्वारा स्नातक के 29397 व स्नातकोत्तर के 3903 तथा 29 विद्यावाचस्पति सहित कुल 33329 अभ्यर्थियों को दीक्षा प्रदान की गई। विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रोफेसर केशव सिंह ठाकुर द्वारा स्वागत उद्बोधन और विश्वविद्यालय प्रगति प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया।

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक एवं प्रकाशक श्रीमती कमलेश विजयवर्गीय द्वारा बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस, हमीदपुरा रोड, खण्डवा, निवाई-टोंक (राज.) से मुद्रित एवं 185/116 "प्रतीक्षा" सेक्टर-18, प्रताप नगर, सांगानेर, जयपुर से प्रकाशित। संपादक-तनुजा पठान*, प्रबंधक संपादक-झाबर सिंह धायल (मो. 9828467603, जयपुर), प्रधान संपादक-राम बिलास विजयवर्गीय (मो. 9414242258, 9214048888)। फोन-0141-2796794, 2796795। ई-मेलः badhatarajasthan@yahoo.com। *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार।